✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 29 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 26 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में नियुक्ति पत्र मिलने के बाद सहायक वास्तुविदों ने जतायी खुशी

# मगध विश्वविद्यालय देगा बिहार को एआई में नई उड़ान, डिप्लोमा से पोस्ट ग्रेजुएट तक होगी पढ़ाई

## खाजा, अनरसा से लेकर बिहार के हर ग्रामीण उत्पाद का ग्लोबलाइजेशन करेगा मगध विश्वविद्यालय : प्रो . एस पी. शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बिहार के उच्च शिक्षा जगत में एक क्रांतिकारी पहल करते हुए मगध विश्वविद्यालय अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में राज्य को नई दिशा देने को तैयार है। आगामी सत्र से विश्वविद्यालय में डिप्लोमा से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर तक की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इस पहल से मगध विश्वविद्यालय बिहार का ऐसा पहला संस्थान बन जाएगा जो एआई में स्नातकोत्तर तक की शिक्षा देगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. शशि प्रताप शाही ने आज नवबिहार टाइम्स को विशेष बातचीत में बताया कि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश की सांसद निधि से विश्वविद्यालय को 20 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। इस राशि का उपयोग कर विश्वविद्यालय ने अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था करते हुए एआई के विभिन्न पाठ्यक्रमों की नींव रखी है। डॉ. शाही ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल तकनीकी विषय नहीं है, यह भविष्य की नई भाषा है। जो इसे सीखेगा, वही आने वाले समय में नेतृत्व करेगा। हमारी नई पीढ़ी को एआई की समझ और कौशल के साथ तैयार करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में एआई शिक्षा के लिए 500 से 600 छात्रों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए विशेष कक्षाएं निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक कोर्स के लिए अलग-अलग शुल्क संरचना (फीस स्ट्रक्चर) तय की गई है, जिससे छात्रों को अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने की सुविधा मिलेगी। यह पहल न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, बल्कि



डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 जैसे अभियानों को भी मजबूती देगी। डॉ. शाही ने इसे मगध विश्वविद्यालय की सबसे महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि

- **राष्ट्रपति के समक्ष भारत सरकार और विश्वविद्यालय के बीच हस्ताक्षरित होगा एमओयू**
- **राज्यसभा उपसभापति हरिवंश की सांसद निधि से मिली 20 करोड़ की राशि से तैयार हुआ कोर्स ढांचा**
- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में डिप्लोमा से पोस्ट ग्रेजुएट तक की शिक्षा देने वाला पहला संस्थान बना मगध विश्वविद्यालय**

इस पहल से बिहार के छात्रों को देश की तकनीकी क्रांति में भागीदार बनने का अवसर मिलेगा और यहां से निकले युवा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की यह पहल मगध विश्वविद्यालय को सिर्फ बिहार नहीं बल्कि पूरे भारत में उच्च तकनीकी शिक्षा के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। डा. शाही ने कहा कि बिहार के विकास और रोजगार सुलभ कराने में मगध विश्वविद्यालय एक क्रांतिकारी भूमिका निभाने वाला है। यहां भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय तथा मगध विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास के रूप में तकनीकी स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की जा रही है जहां मध्यम एवं लघु उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग और मार्केटिंग को मगध विश्वविद्यालय ग्लोबलाइज करेगा। डॉ. शाही ने बताया कि इसके लिए 27 जून को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समक्ष भारत सरकार और मगध विश्वविद्यालय के मध्य मेमो ऑफ अंडरस्टैंडिंग ज्ञापन हस्ताक्षरित होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में मध्यम एवं लघु उद्योगों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देने और बिहार की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दिशा में मगध विश्वविद्यालय का यह प्रयास क्रांतिकारी कदम साबित होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए मगध विश्वविद्यालय में 30 हज़ार स्क्वायर फीट में विकसित उर्मिला भवन में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसका उद्देश्य बिहारी उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जैसे बिहारी उत्पादन अनरसा, तिलकूट या सिलाव का खाजा जैसे खाद्य पदार्थ हो अथवा कोई अन्य लघु एवं मध्यम उद्योग से उत्पन्न उत्पाद, इन्हें संरक्षित करते हुए विश्व स्तर पर पहुंचाने की कोशिश मगध विश्वविद्यालय करेगा। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अगर हम चीन को पीछे करना चाहते हैं तो हमें मध्यम और लघु उद्योगों को सहारा देना पड़ेगा और भारत में निर्मित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### बहस के दौरान कोर्ट में बुजुर्ग की मौत

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** कोर्ट परिसर में एक बुजुर्ग व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान खजौली थाना क्षेत्र निवासी महेश्वर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना तब हुई जब महेश्वर सिंह भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में कोर्ट आए हुए थे।

### सीबीएसई 2026 से साल में दो बार लेगी 10वीं की बोर्ड परीक्षा

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** सीबीएसई ने 2026 से साल में दो बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के मानदंडों को मंजूरी दी। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने दी है। सीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित करेगा। पहला चरण फरवरी में आयोजित किया जाएगा और दूसरा चरण मई में होगा। कक्षा 10 के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के पहले चरण में उपस्थित होना अनिवार्य, दूसरा चरण वैकल्पिक रहेगा। आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार किया जाएगा।

### मुठभेड़ में घायल

**पटना(बिहार)।** राजधानी पटना में एक बार फिर पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। बुधवार दोपहर बाद गंगा नदी के किनारे स्थित जेपी गंगा पथ पर बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और बदमाशों के बीच यह एनकाउंटर हुआ। इस दौरान मोहम्मद राजा नामक एक वांछित अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसे पैर में गोली लगी है। उसे फिलहाल इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

## सीएम नीतीश कुमार ने 101 सहायक वास्तुविदों को दिया नियुक्ति पत्र

# आईकॉनिक भवन निर्माण में मिलेगी मदद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चुनावी साल में युवाओं को बड़ा तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज संवाद परिसर में आयोजित समारोह के दौरान बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से चयनित 101 सहायक वास्तुविदों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं और राज्य के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कई आईकोनिक भवन बनाए गए हैं जिसमें वास्तुविदों की प्रमुख भूमिका रही है। इन नये वास्तुविदों की नियुक्ति के बाद सरकार की परिकल्पना के अनुसार और भी बेहतर भवनों का निर्माण होगा तथा बिल्डिंग बाइलॉज के अनुसार भवनों के निर्माण में बेहतर अनुश्रवण हो सकेगा। कार्यक्रम में



नवनियुक्त वास्तुविदों में अंकिता प्रसून, नयन दीप, छोटू कुमार, आकाश कुमार, मो. मेहंदी हसन और शालिनी साहा को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे गए। मंत्री जयंत राज ने बताया कि राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहे निर्माण कार्यों के अनुश्रवण के लिए वास्तुविदों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण विभाग अंतर्गत नए सिरे से वास्तुविद सेवा संवर्ग का गठन किया गया है। नवनियुक्त वास्तुविदों की सेवा भवन निर्माण विभाग के अतिरिक्त गृह विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, शिक्षा विभाग, पथ निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, उद्योग विभाग के अंतर्गत निगमों तथा प्राधिकरणों में स्वीकृत पदों के अनुरूप सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि 101 चयनित वास्तुविदों में प्लानिंग में पीजी की योग्यता रखने वाले 31, आपदा जोखिम में विशेषज्ञता रखने वाले 02, अर्बन डिजाइनिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले 02 एवं लैंडस्केपिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। ऐसे वास्तुविद जो विशेष योग्यता रखते हैं उनकी योग्यता के अनुसार उनके कार्य आवंटित करने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत उपस्थित थे।

# बिप्रसे के 14 अधिकारी बदले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ट्रांसफर-पोस्टिंग का सिलसिला जारी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बिहार प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारियों का तबादला करने के साथ इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी। इसमें लिखा गया है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के उप सचिव एवं समकक्ष स्तर, अपर समाहर्ता एवं समकक्ष स्तर और संयुक्त सचिव एवं इनके समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों को स्थानान्तरित किया जाता है। सूची में अनुमंडल पदाधिकारी से लेकर भूमि उप समाहर्ता तक शामिल हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार पटना के वरीय उपसमाहर्ता ब्रजकिशोर लाल को बांका का उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। छपरा के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह को मुजफ्फरपुर का जिला आपूर्ति पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं सहरसा के अधिसूचित जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार को अरवल का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। जमुई के वरीय उप समाहर्ता शशांक वर्णवाल को कटिहार सदर का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। औरंगाबाद के वरीय उप समाहर्ता मोहित आनंद को धमदाहा का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। वहीं अररिया के तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी को किशनगंज का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। सारण की वरीय उप समाहर्ता रश्मि कुमारी को नालंदा के हिलसा का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। वहीं लखीसराय के वरीय उप समाहर्ता राहुल कुमार को लखीसराय का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। मुंगेर के अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा को अररिया का अपर समाहर्ता बनाया गया है। मधुबनी के झंझारपुर के अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बालेन्दु नारायण को सीवान का पंचायती राज पदाधिकारी बनाया गया है। नालंदा की वरीय उपसमाहर्ता सुनिधि को पूर्वी चंपारण के सिकरहना का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। सारण के वरीय उप समाहर्ता रतन परवेज को अरवल का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। किशनगंज के वरीय उपसमाहर्ता रोशन राज को पूर्णिया के बायसी का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। दरभंगा के बेनीपुर के तत्कालीन भूमि सुधार उप समाहर्ता को मधुबनी के फुलपरास का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है।

# पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने खुद को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के नटवार थाना क्षेत्र के सरांव गांव में एक पति ने अपनी पत्नी को गोली मार दी है। गोली लगने से महिला की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पत्नी को गोली मारने के बाद पति ने खुद को भी गोली मारकर जख्मी कर लिया है। घटना बुधवार की अहले सुबह की बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा है। परिजनों ने जख्मी युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि सरांव गांव निवासी सुगंध कुमार यादव अपनी सास को डायन बताकर पत्नी पूनम देवी को हमेशा मायके जाने से रोकता था। इसको लेकर अक्सर दोनों के बीच विवाद होता था। इसी बीच दो दिन पूर्व हीं पत्नी अपने मामा के घर से ससुराल लौटी थी। इसके बाद पति-पत्नी में (शेष पृष्ठ 10 पर)

# मुकेश सहनी की पार्टी को मिला पुराना सिंबल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले अपना पुराना सिंबल वापस मिल गया है। चुनाव आयोग ने इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। कहा कि विकासशील इंसान पार्टी को नाव चुनाव चिह्न दिया जाता है। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने आज कहा कि हमलोगों को अपना पुराना सिंबल मिल चुका है। चुनाव आयोग ने इसे लेकर आज अधिसूचना जारी कर दी।

# तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूली छात्रों को रौंदा, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेलागंज थाना क्षेत्र के बाइपास के समीप बुधवार सुबह एक हृदय विदारक सड़क हादसे में दो स्कूली छात्रों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों छात्र साइकिल से स्कूल जा रहे थे। इसी बीच एक तेज़ रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें रौंद दिया। घटना सुबह करीब आठ बजे के आसपास की है। पिकअप वाहन बेलगाम गति से आ रहा था और बेलागंज बाइपास पर साइकिल सवार छात्रों को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान बेलागंज थाना क्षेत्र के बांसी बिगहा और पड़रिया गांव निवासी छात्र के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बेलागंज थाना के अपर थानाध्यक्ष अरविंद किशोर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों छात्रों को तत्काल बेलागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में मातम छा गया है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है। पिकअप वाहन और चालक का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR



अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस

26 जून 2025

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

हमारे सामाजिक–आर्थिक ढ़ाँचे की ऊर्जस्विता समाज के विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों पर निर्भर करता है। मादक पदार्थों के उपयोग से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक, भावनात्मक एवं विचार शक्ति तेजी से कम होने लगती है। नशे की बुरी लत मानव जीवन को पतन की ओर ले जाता है। परन्तु, हमारे देश के किशोर एवं युवा वर्ग इस बुराई की प्रति लगातार आकर्षित हो रहे हैं जबकि उन्हें ऊर्जावान एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इस बुराई से बचाव करना हम सब की जिम्मेवारी है, ताकि एक सतत प्रगतिशील समाज एवं राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

आइए, ''अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस'' के अवसर पर हम सब मिलकर मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं इसके अवैध व्यापार के दुष्परिणामों से सचेत होकर स्वयं, समाज एवं राष्ट्र को बचाने का दृढ़ संकल्प लें।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-006993 (SWD)D. 2025-26



बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मादक द्रव्यों का सेवन व्यक्ति को सामाजिक एवं आर्थिक पतन की ओर ले जाता है। यह न केवल व्यक्ति के उत्थान को अपितु पूरे परिवार एवं समाज की प्रगति की धारा को अवरूद्ध करता है। ''अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस'' का मुख्य लक्ष्य मादक पदार्थों के सेवन पर अंकुश लगाकर एक सशक्त, स्वस्थ एवं संयमी समाज का निर्माण करना है। मादक पदार्थों से सुरक्षित बिहार के युवा नव परिवर्तन के वाहक बनेंगे तथा पूरे देश के लिए आदर्श बनेंगे।

राज्य में आमजनों, विशेष रूप से युवाओं को नशे के विरूद्ध जागरूक करने का हर संभव प्रयास सरकार के द्वारा विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप राज्य में युवाओं की उन्नति एवं आत्मनिर्भरता में वृद्धि दर्ज की गयी है।

26 जून ''अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस'' के अवसर पर आइए हम सब नशे के विरूद्ध एकजुट होकर एक स्वस्थ, समृद्ध एवं सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लें ताकि हमारा समाज और भावी पीढी स्वस्थ एवं सुरक्षित रह सके।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 006994 (SWD) D. 2025-26

C M Y K

# बिहार में मना 'संविधान हत्या दिवस'

## उपमुख्यमंत्रियों ने कहा आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 की तारीख एक ऐसा काला अध्याय है जिसे न भूला जा सकता है और न ही माफ किया जा सकता है। इस दिन देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज बिहार समेत पूरे देश में 'संविधान हत्या दिवस 2025' के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजधानी पटना स्थित अधिवेशन भवन सभागार में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित एक टेलीफिल्म का प्रदर्शन किया गया जिसमें आपातकाल के दौरान हुई संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं की दमनात्मक स्थिति को दर्शाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस दिन को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन करार दिया। उन्होंने कहा 25 जून 1975 एक ऐसी तारीख थी जिसने भारत के लोकतंत्र को झकझोर दिया था। उन्होंने भावुक होते हुए जेपी आंदोलन का जिक्र किया जहां आम नागरिकों को, विशेषकर युवा छात्रों को, बिना किसी सुनवाई के गिरफ्तार कर लिया गया। विजय कुमार सिन्हा ने कहा तानाशाही मानसिकता वाले एक परिवार ने अपनी सत्ता की रक्षा के लिए संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर दी। लाखों लोगों को जेल में डाला गया, प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई, अफसरों को मौन कर दिया गया और अनुच्छेद 21 को निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि विकास की गंगा बिहार में नीतीश कुमार ने बहाई है जिन्होंने नरसंहार और जंगलराज पर लगाम लगाई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आपातकाल को संविधान की निर्मम हत्या बताते हुए कहा कि यह घटना भारतीय लोकतंत्र पर कलंक है। उन्होंने कहा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने जिस संविधान की रचना 26 नवंबर 1949 को की थी, उसकी हत्या ठीक साढ़े 25 साल के बाद 25 जून 1975 को कर दी गई। उन्होंने ऐतिहासिक दृष्टांतों के माध्यम से भारत की गौरवशाली विरासत की चर्चा की और बताया कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, लेकिन एक ही पार्टी की सत्ता के मोह ने उसे अपवित्र करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेकिंग इंडिया का सपना पूरा हो रहा है जिसके तहत सोने का शेर बनाया जा रहा है जो पूरे विश्व में दहाड़ने का काम कर रहा है। सम्राट चौधरी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतर्क रहें और एक सशक्त, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि बिहार की धरती ही लोकतंत्र की जननी रही है।

# 15 जुलाई तक डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान पूरा करने का निर्देश

## प्रत्येक बुधवार और शनिवार को टोलों में विशेष शिविर का किया जाता है आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने राज्य के सभी जिलों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति टोलों में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान को 15 जुलाई तक पूरा करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के डीएम को छोटे टोलों को मिलाकर शिविर लगाने को कहा है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने यह आदेश जारी किया। राज्य सरकार ने इस वर्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मौके पर इस अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य राज्य के लगभग 60 हजार अनुसूचित जाति व जनजाति टोलों सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। इस अभियान के तहत हर बुधवार और शनिवार को टोलों में शिविर लगाकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, नल-जल, वृद्धावस्था या विधवा या दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, स्किल डेवलपमेंट, ई-श्रम पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा और स्वरोजगार योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 92.41 प्रतिशत यानी 48 हजार 717 शिविर लगाए जा चुके हैं। शेष शिविरों को 15 जुलाई तक लगाने का लक्ष्य है। भागलपुर, पूर्वी चम्पारण और सारण जिलों के सभी टोलों में लक्षित शिविर लगाए जा चुके हैं। गया (710), औरंगाबाद (505), नवादा (326), जमुई (274), वैशाली (212), अररिया (180) एवं सहरसा (162) में अवशेष शिविरों की संख्या 150 से अधिक है जिसे 15 जुलाई, 2025 तक सम्पन्न करा लिया जाएगा। इन शिविरों में आए आवेदनों को निपटाने में शिक्षा विभाग सबसे आगे है जिसने स्कूलों में दाखिला संबंधी 99.10 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड और हेल्थ कैंप से संबंधित 98.47 प्रतिशत आवेदनों का निपटारा कर दूसरा स्थान हासिल किया है।

# अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के शिक्षकों-कर्मियों की बेटियों को मिलेगी सह-शिक्षा की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एक अग्रणी कदम के तहत, बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने ऐतिहासिक नीतिगत निर्णय की घोषणा की है जिससे 'अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय' में नियमित पदस्थापित शिक्षक (प्रधानाध्यापक सहित)/ शिक्षकेत्तर कर्मियों के बच्चियों को अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में नामांकन मिल सकेगा। विभाग द्वारा संचालित इन आवासीय विद्यालयों में छात्राओं को शिक्षा एवं आवासन की सुविधा निः शुल्क उपलब्ध हैं। इन विद्यालयों में पदस्थापित प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु परिसर में ही रहना अनिवार्य होता है। पहले इन नियमित पदस्थापित शिक्षक (प्रधानाध्यापक सहित)/ शिक्षकेत्तर कर्मियों के बच्चियों के इन आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं था। इससे एक महत्वपूर्ण चुनौती उत्पन्न होती थी जिससे कई कर्मियों को अपनी बेटियों से दूर रहना पड़ता था और उनकी शिक्षा के बारे में लगातार चिंता करनी पड़ती थी। इन चुनौतियों को पहचानते हुए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अपनी संचालन नियमावली में संशोधन किया है। यह संशोधन अपने कर्मचारियों के कल्याण और कर्मचारियों तथा छात्राओं दोनों के लिए एक अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# राज्य के थैलीसीमिया से पीड़ित 350 मरीजों का होगा बोनमैरो ट्रांसप्लांट : मंगल पांडेय

## पटना में 150 तथा मुजफ्फरपुर में 200 मरीजों की होगी एचएलए मैचिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में थैलेसीमिया से पीड़ित 350 मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट किया जाना है। इसके लिए सीएमसी, वेल्लोर के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है। इसी कड़ी में पटना के पीएमसीएच और मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में थैलेसेमिया मरीजों के बोनमैरो ट्रांसप्लांट के लिए उनके सिबलिंग का ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) मैचिंग हेतु स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें पीएमसीएच में 150 तथा एसकेएमसीएच में 200 थैलेसीमिया मरीजों के ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन (एचएलए) मैचिंग की व्यवस्था की गई है। इस स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन 5 जुलाई 2025 को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पटना में और 4 जुलाई 2025 को श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर में आयोजित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा थैलेसीमिया के मरीजों के बेहतर उपचार के लिए अनेक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन को प्रभावित करता है। इस रोग के उचित निदान के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा थैलेसीमिया मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट सीएमसी, वेल्लोर में कराया जा रहा है। इन शिविरों में मरीजों एवं उनके सिब्लिंग्स (डोनर्स) का ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन सैंपल लिया जाएगा ताकि बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन हेतु एचएलए मिलान सुनिश्चित की जा सके। इस स्क्रीनिंग प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी मरीजों को अपने साथ थैलेसीमिया से संबंधित चिकित्सकीय दस्तावेज तथा सिब्लिंग्स सहित माता-पिता का आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। श्री पांडेय ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि थैलेसीमिया जैसे रोगों का प्रभावी इलाज सुनिश्चित की जाए और जरूरतमंदों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। थैलेसीमिया मरीजों के इलाज के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। यह शिविर थैलेसीमिया के मरीजों को नया जीवन देने की दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

# अपनी शिकायतें लेकर सचिवालय की परिक्रमा न करें शिक्षक : डॉ. सिद्धार्थ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्थानांतरण से संबंधित अपनी शिकायतों को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों से शिक्षकों की सचिवालय परिक्रमा लगातार जारी है। जिससे शिक्षा विभाग के कामकाज प्रभावित होने लगे हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बुधवार को राज्य के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर उन्हे निर्देश दिया है कि जब जिलों में ही स्थानांतरित शिक्षकों की स्थापना संबंधित समस्याओं के समाधान की व्यवस्था है, तब शिक्षकों का सीधे राज्य मुख्यालय की परिक्रमा करना उचित नहीं है। इससे विभाग में कामकाज के संचालन में समस्याएं उत्पन्न हो रही है। डॉ. सिद्धार्थ ने जिलाधिकारियों को लिखे अपने पत्र में कहा है कि शिक्षा विभाग का स्थापना बल दस लाख है। अगर इस बल का आंशिक प्रतिशत भी अपनी समस्याओं को लेकर राज्य मुख्यालय आता है तो यह संख्या बहुत बड़ी हो जाती है। इससे शिक्षकों को तो समस्या हो ही रही है, साथ ही विभागीय कार्यों के संचालन में भी समस्याएं आ रही हैं। अपनी स्थानांतरण संबंधी समस्याओं को लेकर शिक्षकगण राज्य मुख्यालय में कार्यरत पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित करने की कोशिश करते हैं जिससे विभागीय कामकाज में दिक्कतें पैदा होती हैं।

# भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में प्रथमा ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय प्रधान कार्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा ग्राहकों के द्वारा सम्मिलित रूप से कुल 250 यूनिट रक्त संस्थान को उपलब्ध कराया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक के 70 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। रक्तदान में दान किये गए रक्त का उपयोग थेलेसिमिया पीड़ित बच्चों, कैंसर रोगी तथा अन्य जरूरतमन्द लोगों के बीच किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल के. वि. बंगारराजु तथा अन्य गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री बंगारराजु ने रक्तदान करने के पश्चात अपने वक्तव्य में कहा कि रक्तदान से बढ़ कर कोई दान नहीं हो सकता तथा सभी लोगों को इसमें हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि रक्त एक ऐसी चीज है जिसे बनाया नहीं जा सकता और कभी न कभी हर इंसान को इसकी जरूरत होती है। इस मौके पर महाप्रबंधक (नेटवर्क- दक्षिण बिहार) रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (नेटवर्क- उत्तर बिहार) आर. नटराजन, महाप्रबंधक (नेटवर्क- झारखंड) विवेक चन्द्र जायसवाल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# अंतरराज्यीय मार्गों पर एसी एवं नॉन एसी बसों का होगा परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अंतरराज्यीय मार्गों पर बसों के परिचालन के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों के साथ पारस्परिक समझौते के बाद दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिम बंगाल के कामगारों को बिहार सरकार यात्रा की सुगम सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अलावा अंतरराज्यीय मार्गों पर बसों के परिचालन के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि कामगारों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार ने 74 नॉन एसी (डिलक्स) और 75 एसी (डिलक्स) बसों की खरीद के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी है। कुल 74 नॉन एसी बसों की खरीद के लिए बसों की खरीद पर प्रति बस 68 लाख रूपये की दर से परिवहन निगम को 50.32 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की मंजूरी प्रदान की गई है जबकि 75 एसी बसों के लिए परिवहन निगम को 55.50 करोड़ रुपये के सहायक अनुदान की मंजूरी की गई है।

# जलवायु अनुकूल कृषि के लिए बैठक

## दलहन, तेलहन और पोषक फसलों को बढ़ावा देने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कृषि भवन, मीठापुर, पटना में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के योजना के सूत्रण से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसा, पूसा, समस्तीपुर को जलवायु अनुकूल कृषि के लिए सेंटर ऑफ एक्सिलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। बिहार के मौसम के अनुसार दलहन, तेलहन, पोषक तत्व वाले फसलों को बढ़ावा दिया जाये। जलवायु अनुकूल कृषि के क्षेत्र में एआई आधारित सिस्टम विकसित किया जाये जिससे फसलों के लगने वाले रोग-कीट आदि के प्रभाव का पूर्वानुमान लगाया जा सके। फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम में फसल जांच कटनी अवश्य कराई जाये। उन्होंने निदेश दिया कि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, राज्य के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय तथा अनुसंधान संस्थान आपस में समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के हित में काम करेंगे। कृषि के क्षेत्र में युवाओं को आकर्षित करने के लिए नवाचार आधारित व्यवसाय आधारित मॉडल को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रधान सचिव कृषि विभाग पंकज कुमार के साथ जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम तथा आगामी वर्षों में क्रियान्वित किए जाने वाले नवाचार गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल की परिचालन अवधि में विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** बोकारो-लातेहार-डालटनगंज-गढ़वा रोड-सिंगरौली-कटनी साउथ -इटारसी के रास्ते धनबाद और लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03379/03380 धनबाद-लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। अब गाड़ी संख्या 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात धनबाद से 01 जुलाई से 29 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 03380 लोकमान्य तिलक-धनबाद स्पेशल विस्तारित अवधि के पश्चात लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 03 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी।

# देश अमृतकाल नहीं, अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा : बी के हरिप्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। यह अमृतकाल नहीं बल्कि देश के लिए राहुकाल है। बिहार में 33 घोटाले गिनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितने घोटालों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की है। ये बातें कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बी के हरिप्रसाद ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य बी के हरिप्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 51 वें बिहार दौरे पर 200 सभाएं करने वाले घोषणावीर प्रधानमंत्री के एक दौरे पर लगभग 100 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। मेक इन इंडिया के नाम पर इंजन फैक्ट्री जिसे यूपीए ने शुरू किया अपना नाम दे दिया और चीनी मिल को चालू करने का वादा करने वाले पीएम अब तक बिहार के चीनी मिल के चीनी से चाय नहीं पी पाएं। संविधान बदलने को लेकर 400 पार का दावा करने वाले पीएम मोदी के नारे को लोगों ने ठुकराने का काम किया। संसदीय परम्परा और संसद की सुप्रीमेसी को वर्तमान सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी ने बर्बाद कर दिया है। संवैधानिक संस्थाओं को भी इन्होंने पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया है। प्रत्येक राज्यों में नियुक्त राज्यपाल केंद्र सरकार के इशारे पर गैर भाजपाई सरकारों को परेशान कर रही है। मीडिया पर बोलते हुए कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य बी के हरिप्रसाद ने कहा कि मीडिया को पूरी तरीके से नियंत्रित कर दिया गया है। उन्होंने इस दौर को अघोषित आपातकाल करार देते हुए कहा कि जो सवाल करेगा उसे जेल में भेजने का काम वर्तमान सरकार कर रही है। गुजरात मॉडल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत कुछ और है, लेकिन उसे छिपाकर हौव्वा बनाया गया है। देश को गांधी और गोडसे के बीच लाकर छोड़ दिया गया है।

# हर सनातनी के घर तक पहुंचेगी हनुमान चालीसा : प्रो. रणवीर नंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि हर सनातनी के घर तक हनुमान चालीसा पहुंचे और उस घर में रहने वाले युवा सुबह उठकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। प्रोफेसर नंदन गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति की ओर से आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रोफेसर नंदन ने कहा की हनुमान जी ही एक ऐसे देवता हैं जो सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग में भी व्याप्त हैं। माता सीता ने हनुमान जी को अमरत्व का वरदान दिया है और इनकी पूजा से बल, बुद्धि, आरोग्य की प्राप्ति होती है। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि गर्दनीबाग ठाकुरबारी से उनके तीन पीढ़ी का रिश्ता है। यहां मेरे पिताजी और वे स्वयं इस ठाकुरबारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि धार्मिक न्यास परिषद, बिहार में सनातन धर्म का अलख जगाने हेतु प्रत्येक सनातनी को नित्य पूजा पाठ करने हेतू जागरूकता अभियान चलाएगा। दीघा क्षेत्र के विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि रणबीर नंदन के न्यास के अध्यक्ष बनने से बिहार के मठ मंदिरों की स्थिति में सुधार होगा। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन गर्दनीबाग ठाकुरबारी प्रबंध न्यास समिति के सचिव डॉक्टर संजीव कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पुलिस महानिरीक्षक रहे अशोक कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह ने कहा रणबीर नंदन के अध्यक्ष बनने से बिहार में धार्मिक कार्यों में जागरूकता होगी। इस अवसर पर डॉक्टर डॉ अमूल्य कुमार सिंह, समाजसेवी नम्रता नंदन, उपेंद्र सिंहा, डॉ अमलेश कुमार, डॉ नीता नाथ, पुजारी सत्य प्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूणा बाबा, अमन कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गर्दनीबाग ठाकुरबारी से जुड़े हुए लोग मौजूद थे।

# शक्तिधाम में 27 जून को गूंजेगा श्रद्धा का स्वर

## दादीजी मंदिर का रजत जयंती स्थापना दिवस धूमधाम से मनेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आषाढ़ सुदी दूज पर बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में 27 जून को मंदिर का रजत जयंती स्थापना दिवस और श्री दादीजी का वार्षिकोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बार आयोजन और भी विशेष होगा क्योंकि यह शक्तिधाम का रजत जयंती वर्ष है। शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्थापना दिवस पर श्री दादीजी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। मेहंदी, फूलों और पारंपरिक सजावट से मंदिर आभामंडित होगा। शाम को भोग और भजन, रात में शयन आरती संध्या वेला में श्री दादीजी को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा लाल-पीली साड़ी और चुनरी धारण कर मंदिर पहुंचेंगी और श्री दादीजी के समक्ष भजन प्रस्तुत करेंगी। शक्तिधाम महिला मंडल के तत्वावधान में संध्या में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में श्री दादीजी की विशेष शयन आरती होगी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे और माता से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

**सुगंधा वर्मा देंगी भजनों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण वाराणसी की प्रसिद्ध भजन गायिका सुगंधा वर्मा की भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। उनके स्वर श्री दादीजी की महिमा का मधुर गान बनकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। श्री दादीजी के दरबार को विशेष रूप से सजाया जा रहा है जहां मनोहर श्रृंगार, छप्पन भोग और महाआरती का भव्य आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, ओम पोद्दार, रमेश अग्रवाल, रौशन सर्राफ, निर्मल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नथमल जालान, किशन पोद्दार, सीताराम बंका सहित अन्य गणमान्य श्रद्धालु आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं।

# पशु तस्करी पर एक्शन मोड में सरकार

## पिछले एक वर्ष में करीब 4,000 पक्षी, 164 कछुए, कुछ अजगर और कई पशुओं को बचाया गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पशुओं की रक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए पहले से कानून भी तैयार हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान विभिन्न थानों की पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में 4 हजार पक्षी, विभिन्न प्रजाति के 164 कछुए, कुछ अजगर और दर्जनों की संख्या में पशुओं को बचाया गया है। इस दौरान दो दर्जन से अधिक तस्कर भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसमें कई दुर्लभ प्रजाति के कछुए और पक्षी भी शामिल हैं। इस मामले में पटना वन प्रमंडल के डीएफओ गौरव ओझा ने कहा कि जानवरों को पकड़ने के बाद उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ देते हैं। वन्यप्राणी अधिनियम- 1972 के तहत जानवरों को शेड्यूल-1 और शेड्यूल-2 श्रेणी में रखा गया है। इसमें शेड्यूल-2 के जानवरों के साथ अगर अपराध हो रहा हो तो तीन साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वहीं शेड्यूल-1 के जानवरों के साथ हो रहे अपराध के लिए 3 से 7 साल की सजा के साथ जुर्माना का प्रावधान है। अधिकांश पशु तस्करी के मामले सीमावर्ती थाना क्षेत्र में ही सामने आते हैं। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से आने वाली ट्रेनों में इस तरह के मामले काफी संख्या में पाए जाते हैं।

**कुछ मामले जो सामने आए**

इस वर्ष 16 अप्रैल को आरा जीआरपी ने फरक्का एक्सप्रेस से दुर्लभ प्रजाति के 27 कछुआ बरामद करते हुए आधा दर्जन तस्कर गिरफ्तार किए गए थे। इनमें पति-पत्नी भी शामिल हैं। इन कछुओं की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 15 से 20 लाख रुपये आंकी गई थी और ये विलुप्त प्राणियों की सूची में शामिल हैं। इसके साथ ही वन प्रमंडल पटना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में 862 प्रतिबंधित पक्षियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। करीब 9 महीने पहले भी वन प्रमंडल पटना और रेलवे थाना पटना जंक्शन ने संयुक्त छापेमारी कर तस्करी के लिए लाए गए 1700 पक्षियों के साथ एक अपराधी के गिरफ्तार किया था। धराए गए तस्कर पक्षियों की तीन प्रजातियों रोज रिंग्ड पाराकिट, ट्रायकलर मुनिया और स्केली ब्रेस्टेड मुनिया पक्षी को बेचने के लिए ले जा रहे थे। पशु तस्करी का नेटवर्क बिहार के सीमावर्ती जिलों खासकर भारत-नेपाल सीमा पर दशकों से सक्रिय रहा है। इन रास्तों से हर महीने अरबों रुपये की अवैध तस्करी होती है। तस्कर इन जानवरों को विदेशों, खासकर चीन जैसे देशों में जानवरों के खाल, हड्डी, मांस आदि से दवाइयों, और पोषक उत्पाद बनाने के लिए भेजते हैं।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू, अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर को

## डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के निमित्त सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुण्डेश्वरी सभागार, समाहरणालय कैमूर (भभुआ) में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में उक्त से संबंधित सभी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी से जन-प्रतिनिधिगण को अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण से संबंधित मतदान केंद्रों के लिए अपने-अपने दल से बीएलए 2 को नियुक्त करने हेतु अपील किया गया। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार 01 जुलाई 2025 की अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्यक्रम तय है। 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक ईआरओ को सभी मौजूदा मतदाताओं के लिए पहले से भरे हुए इन्यूमेरेशन प्रपत्र (दो प्रतियों में) मुद्रित करना होगा तथा उसे संबंधित बीएलओ को देना होगा। ईआरओ बीएलओ को पुनरीक्षण कार्य के बारे में प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। बीएलओ को घर-घर जाकर सभी मौजूदा मतदाताओं को इन्यूमेरेशन फार्म (दो प्रतियों में) वितरित करना है। बीएलओ को इन्यूमेरेशन फार्म भरने के संबंध में मतदाताओं को मार्गदर्शन देना होगा। बीएलओ जनता से इन्यूमेरेशन फार्म, आवश्यक दस्तावेजों के साथ एकत्र करेंगे, मतदाता भी फार्म और दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। एकत्रित फॉर्म को दैनिक आधार पर बीएलओ ऐप/ ईसीआईनेट में अपलोड करना है। बीएलओ को प्राप्त प्रत्येक इन्यूमेरेशन फार्म पर सिफारिशें देनी होंगी। बीएलओ पर्यवेक्षक को बीएलओ के आउटपुट को मात्रात्मक और गुणात्मक रूप से जांचना होगा। एईआरओ को मतदान केंद्र अधिकारी से प्राप्त सभी गैर-अनुशंसित इन्यूमेरेशन फॉर्मों को सत्यापित करना होगा। 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण / पुनर्व्यवस्थापन तथा खंड/भाग की सीमाओं के प्रस्तावित पुनर्गठन, मतदान केन्द्रों के स्थान को अंतिम रूप देना तथा मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना है। एक मतदान केन्द्र में अधिमानतः 1,200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। 27 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक नियंत्रण तालिका को अद्यतन करना तथा विधिवत भरे हुए एन्यूमेरेशन प्रपत्र प्रस्तुत करने वाले सभी विद्यमान मतदाताओं के नामों वाली प्रारूप नामावली तैयार करना। 01 अगस्त 2025 (शुक्रवार) को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन करना निर्धारित किया गया है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 01 अगस्त 2025 से 01सितंबर 2025 तक निर्धारित की गई है। अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची के स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और (1) अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना तथा डेटाबेस को अद्यतन करना और अनुपूरकों का मुद्रण 27.09.2025 तक करना है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30.09.2025 को करना निर्धारित है।

## जनप्रतिनिधि के साथ सद्भावना समिति की बैठक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के तेतराढ़ पंचायत भवन पर आगामी मुहर्रम को लेकर बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन की अध्यक्षता में तेतराढ़ एवं मुड़ियार पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ सद्भावना समिति की बैठक किया गया। बीडीओ रवि रंजन ने बताया कि आप सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने पंचायत में शांति, सद्भावना एवं आपसी भाईचारा कायम रखते हुए मुहर्रम को मनाने में अपना अहम भूमिका निभा कर प्रशासन का सहयोग करें। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करें, रूट चार्ट के अनुसार ही जुलूस को निकालें, डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, हथियार का प्रदर्शन न करें, भड़काऊ नारे न लगाएं, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखें, अफवाहों से दूर रहें, असामाजिकता फैलाने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें आपकी सुरक्षा में स्थानीय पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर हैं। मौके पर बीपीआरओ खालीद आलम, थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, सरपंच उदय कुमार सिंह सहित दर्जनों वार्ड सदस्य, पंच, पंचायत समिति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सर्पदंश से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में मंगलवार की देर रात सोते समय सर्पदंश की घटना में 26 वर्षीय कविता देवी की मौत हो गई। वह रवि मुसहर की पत्नी थीं। ग्रामीणों ने बताया कि कविता देवी रात में अपने घर में सोई हुई थीं, तभी किसी विषैले सांप ने उन्हें काट लिया। परिजनों ने झाड़-फूंक में समय गंवा दिया जिस कारण समय रहते अस्पताल नहीं ले जाया जा सका और उनकी मौत हो गई। घटना के समय कविता देवी घर पर अकेली थीं। उनके पति रवि मुसहर और ससुर पंजाब में मजदूरी का काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन सदमे में हैं। घटना को लेकर गांव में शोक का माहौल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### छात्रा लापता, प्राथमिकी दर्ज

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले से एक 15 वर्षीय छात्रा के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस के अनुसार एक युवक पर उसे बहला कर भगाने की आशंका जताई गई है। पुलिस जांच कर रही है।

### नाबालिग गहने व नगद ले गायब

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के एक मुहल्ले से नाबालिग छात्रा को बहला कर घर से दो लाख नगद और आभूषण के साथ मंगलवार से गायब है। पुलिस के अनुसार शादी की नियत से नाबालिग की मां ने मुहल्ले के एक युवक पर शादी की नियत से अपहरण की प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बुलेट बाइक की चोरी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के चुना भट्ठा के पास कॉलोनी से अज्ञात अपराधियों ने जयराज नारायण की बुलेट बाइक बी आर 24एएम 0743 के चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुकान खाली कराने को ले मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के सदर चौक निवासी हेमंत कुमार गुप्ता ने अपने दुकान खाली करने को कहने पर कृष्ण ठाकुर पर मारपीट की प्राथमिकी किया है। वही कृष्ण ठाकुर ने भी हेमंत गुप्ता व उनके दो पुत्रों पर मारपीट की प्राथमिकी कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसी की चोरी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन गांधी नगर स्थित एक प्रतिष्ठान के मालिक पवनप्रकाश ने आउटडोर एस सी के अज्ञात अपराधियों द्वारा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुकान में घुसकर मारपीट, राशि व गहने लूट की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** तेतराढ बाजार में दुकान में घुसकर पति-पत्नी से मारपीट करते हुए कान से सोने की बाली व गले से लॉकेट नोच लेने की प्राथमिकी दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि तेतराढ बाजार निवासी मुन्ना कुमार व पत्नी दुर्गावती देवी मंगलवार को देर शाम दुकान में ग्राहक को समान दे रही थी। उसी दौरान हरेराम साह अपने परिजन के साथ उक्त दुकान पर पहुंच कर तोड़फोड़ करने लगे जब पति-पत्नी उस पर आपत्ति जताई तो अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, शिवम कुमार, चांदनी कुमारी, जयराम साह सहित कई उनलोगों पर जानलेवा हमला कर दिया और दुकान में रखी सामग्री को रोड पर फेंकने लगे। उसी दौरान मनीष कुमार व दुर्गावती देवी ने पत्नी के कान से सोना की बाली लॉकेट नोंच ली और दुकान के गल्ले से 20 हजार राशि निकाल कर चलते बने। उन्होंने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर सभी आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मध्य विद्यालय जमुआवां में इको क्लब का गठन, रोशनी बनी क्लब की अध्यक्ष व ज्योति उपाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय जमुआवां में बुधवार को विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक मो फारूक के देखरेख में इको क्लब का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रोशनी कुमारी को क्लब की अध्यक्ष एवं ज्योति रानी को उपाध्यक्ष पद के लिये चयनित किया गया। वहीं अन्य चयनित सक्रिय सदस्यों में अक्सा खातून, वैष्णवी कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, प्रियंका कुमारी, ज्योति कुमारी, साहिल राज, साहिल कुमार, मुसर्रत परवीन, कविता कुमारी, शबनम कुमारी एवं रूही खातून शामिल है। इस मौके पर सभी चयनित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियों में समुचित भागीदारी निभाने की शपथ लिया और अपने मां के नाम एक-एक पौधा भी लगाया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो फारूक ने बताया कि विद्यालय में इको क्लब का गठन छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिये किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना और उन्हें विभिन्न पर्यावरण गतिविधियों में शामिल करना है जिसमें छात्रों को पेड़ लगाने, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण जैसी गतिविधियों में भागीदारी दिलाना है। इस मौके पर क्लब की सुगमकर्ता शिक्षिका संगीता कुमारी सहित शिक्षक लक्ष्मण कुमार, मनोज कुमार, साक्षी कुमारी, शोभा कुमारी, जितेंद्र कुमार, सवा जावेद, निखिल कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार, शिक्षा सेवक विनोद कुमार, सुनीता कुमारी सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## कैमूर भाजपा जिला मुख्यालय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर भाजपा जिला मुख्यालय पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय, बिहार राज्य वरिष्ठ नागरिक परिषद के सदस्य कृष्णा जायसवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, दीनानाथ सिंह , उपकार प्रजापति, जागृति सिंह, नीतू सिंह, अनिल राय सहित पार्टी के पदाधिकारी गण पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उधर आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भभुआ के मधुरान्न गृह में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय ने किया एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने किया।

## बिजली चोरी में 4 लोगों पर मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के गैन बिगहा और चिचौरा गांव में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी के मामले में चार लोगों पर बुधवार को मामला दर्ज किया है। गैन बिगहा में बच्चू यादव पर 22550 रुपए, श्यामनंदन यादव पर 34842 रुपए, सुंदरी देवी पति राम प्रसाद यादव पर 32426 रुपए और चिचौरा निवासी ललिता देवी पर 10015 रूपये का जुर्माना लगाया गया।


**पूर्व रेलवे**

**सूचना संख्या: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक: 23.06.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/ पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.: झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा संख्या: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_25_ओटी। कार्य का नामः** मालदा मंडल की मेल लाइन में बरियारपुर (बीयूपी) तथा धरहरा (डीआरएच) के लिए सीआईबी टीआईबी का प्रावधान। **निविदा मूल्य: ₹** 1,60,09,100। **बयाना राशि: ₹** 2,30,100। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 26.06.2025 से 14.07.2025 को सुबह 11.00 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान : **www.ireps.gov.in**। सूचना पट्ट का स्थान: वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा का कार्यालय।

(MLD-93/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** बेलांव थाना क्षेत्र के बेलांव खरेंदा पथ पर मंगलवार को दइतरा बाबा के पास अनियंत्रित होकर बाइक पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जो बेलांव गांव के राजेश चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार बताया जाता है। इस बात की जानकारी मिलते ही बेलांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां से एंबुलेंस के माध्यम से पीएचसी लाया गया। डाक्टर रमेश कुमार के देखरेख में जीएन एम शिवशंकर कुमार, एएनएम ऋषि बाला व सविता कुमारी द्वारा बैंडेज पट्टी किया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर सदर स्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया। डॉ रमेश कुमार ने बताया कि घायल युवक को गंभीर सर में चोट है जिसका सही उपचार होना जरूरी है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त पथ में बेलांव की ओर से ईंट लोड लेकर ट्रैक्टर खरेंदा की ओर जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से आ रहा बाइक उक्त मोड़ पर आया तो एक दूसरे से टक्कर होने से बचने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों चालकों ने अपना संतुलन खो बैठा जिसके कारण बाइक एक पेड़ से जा टकराया। जिससे उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रैक्टर खेत में पलट गया जिसका चालक बाल-बाल बच गया। घटना का कारण बताया जाता है कि उक्त पथ के दोनों ओर वृक्ष लगाए गए हैं जो अब पेड़ के समान हो गया है। इस मोड़ पर जब भी कोई वाहन आता है तो सामने से आने वाले वाहनों को नहीं देख पाता है जब भी इस मोड़ पर वाहन सामने से आते हैं तो दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है।

## राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता 29 एवं 30 जून को बिक्रमगंज में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** बिहार एथलेटिक्स संघ तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के संयुक्त तत्वाधान में 91 वीं राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता को लेकर जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 30 जून को बिक्रमगंज के इंटर स्तरीय मैदान में आयोजित की जाएगी। इस बात की जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 10 से 12 जुलाई को आयोजित होनी है जिसकी तैयारी को लेकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रतियोगिता के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली रोहतास जिला टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता पांच वर्गों में बालक और बालिकाओं के आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक भी आयोजित की गई जिसमें सभी वर्गों की विभिन्न स्पर्धा का आयोजन करने पर निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालनार्थ आयोजन समिति का भी गठन किया गया है जिसके आयोजन सचिव कुश कुमार त्रिपाठी को बनाया गया है। जबकि अनुमंडल वार संयोजक भी बनाए गए हैं जिसमें डिहरी अनुमंडल से सत्येंद्र कुमार बिक्रमगंज अनुमंडल से शशिकांत कुमार, सासाराम अनुमंडल से राणा प्रताप और उपेंद्र कुमार को जिम्मेवारी दी गई है। प्रतियोगिता में अंडर 12 अंडर 14 अंडर 16 अंडर 18 अंडर 20 और सीनियर वर्ग के बालक और बालिका वर्गों में 60 मीटर की दौड़ 100 मीटर की दौड़, 600 मीटर, 800 मी, 1500 मी की दौड़, लॉन्ग जंप, ऊंची कूद, गोला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु उप समिति भी गठित की गई है जिसमें प्रमुख रूप से नरेंद्र कुमार राय, मनीष कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, अखिलेश कुमार, मुन्ना कुमार, आदित्य कुमार गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 06/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 05.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.07.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | | पुलिस स्टेडियम पलामू का बाउन्ड्रीवाल निर्माण। | 2088926.00 | 41779.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-06/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | हुसैनाबाद | महुडंड | महुडंड पुलिस पिकेट में शौचालय एवं स्नान घर का निर्माण। | 1389000.00 | 27780.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-06/ 2025-26/ Gr-02 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 355969 District(25-26)D


## एक हाइवा बालू की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के बांक गांव के समीप पेट्रोल के पास डिहरी-राजपुर पथ पर दरवाजा पर रखा एक हाइवा बालू को मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने की प्राथमिकी दर्ज की गई है जब पीड़ित अर्द्ध नवनिर्मित भवन पर पहुंचे तो देखा कि ढलाई के लिए रखा एक हाइवा बालू गायब है। पीड़ित ने इसका लिखित आवेदन पुलिस को दिया। पुलिस ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात बालू माफिया चोर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बांक निवासी अशोक कुमार सिंह डिहरी राजपुर पथ पर पेट्रोल पम्प के समीप अपनी नवनिर्माण भवन की ढलाई करवाने के लिए दो हाइवा बालू गिरवाए थे।

## संपत्ति से सुख न मिले तो संतों की शरण में जाइए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)।** कैमूर की गोद में बसा 400 वर्ष पुराना श्रीराम जानकी मंदिर जहां आत्मा को शांति और दिव्यता दोनों मिलती है। तिलौथू प्रखंड के सुदूर गांव गोखुला–सेवही, भदोखरा पंचायत के समीप–कैमूर की हरियाली से घिरे एक अत्यंत प्राचीन और अलौकिक स्थल पर स्थित है श्रीराम जानकी मंदिर, जो लगभग 400 वर्षों से अपनी आध्यात्मिक गरिमा और ऐतिहासिक विरासत को संभाले हुए है।

यह स्थान न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है, बल्कि इतिहास के कई निर्णायक क्षणों का मूक साक्षी भी रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में यह ठिकाना स्वतंत्रता सेनानियों का अज्ञातवास स्थल बना, तो आपातकाल के दौरान सैकड़ों नेताओं ने यहां शरण लेकर अपनी रक्षा की। चारों ओर फैली हरियाली, शांति और प्राकृतिक सौंदर्य इस स्थान को विशेष बनाते हैं। लगभग 60 बीघा भूमि पर फैले इस मंदिर परिसर में आज भी पर्यटकों की उपस्थिति कम है जबकि यह स्थान किसी भी दृष्टिकोण से कम आकर्षक नहीं। मंदिर में अष्टधातु से निर्मित भगवान श्रीराम, माता जानकी और अनुज लक्ष्मण की जीवंत मूर्तियां स्थापित हैं। इन्हें देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो वे स्वयं भक्तों से संवाद कर रहे हों। यहां पर निःशुल्क शादी-विवाह, जन्मदिन और विवाह वर्षगांठ जैसे पावन आयोजन भी होते हैं जो इसे सामाजिक सौहार्द का भी केंद्र बनाते हैं। यदि आप मानसिक शांति की तलाश में हैं तो गीता घाट पर बाबा का आश्रम और यह प्राचीन श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर अवश्य आइए। इन स्थानों पर पहुंचकर आत्मा को जो सुकून मिलता है, वह किसी शब्द में नहीं बांधा जा सकता।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
˘मइेपजम पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 05.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.05.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का सीान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मेदिनीनगर | कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2493500.00 | 49870.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |
| 2 | मेदिनीनगर | जिला परिषद कार्यालय भवन का सुन्दरीकरण कार्य। | 2498800.00 | 49976.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |
| 3 | चैनपुर | प्रखण्ड चैनपुर में मझिगांवा ट्रांसफार्मर से पीपल पेड़ होते हुए PWD रोड तक ग्रेड–1 पथ निर्माण। | 1011700.00 | 20234.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

PR.NO.355971 District(25-26):D

ह0/–जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

# नशा उन्मूलन के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 25 जून 2025 को प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं विद्यालय समुदाय में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रचनात्मक गतिविधियों - जैसे चित्रकला, निबंध लेखन तथा खेल प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।






इस अवसर पर नशामुक्त समाज विषय पर छात्राओं द्वारा प्रभावशाली भाषण, गीत एवं कला प्रस्तुतियां दी गई, वक्ताओं ने नशा के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इससे दूर रहने की अपील की और उन्हें परिवार, मित्रों तथा समाज में नशा विरोधी संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशा से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे, ताकि एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज की स्थापना हो सके।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शाहा, औषधि निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद, सहायक औषधि नियंत्रक कमला कुमारी, तटवासी समाज न्यास की प्रतिनिधि कल्याणी कुमारी, शिक्षिका ममता रानी, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के लिपिक साजन पासवान सहित अन्य कर्मीगण एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नशा छोड़ो, जीवन से जुड़ो के सामूहिक उद्घोष से हुआ।

# बीएलओ घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं का करेंगे सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सभी संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के आलोक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि यह कार्यक्रम 1 जुलाई की अर्हता तिथि को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने, पात्र मतदाताओं को जोड़ने तथा अपात्रों को हटाने का कार्य किया जाएगा।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1200 मतदाताओं के मानक के अनुसार केंद्रों का युक्तिकरण किया जाएगा। इस प्रक्रिया में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और सूची में आवश्यक संशोधन करेंगे। निर्वाचन नामावली की शुद्धता और सत्यनिष्ठा बनाए रखना, सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना, किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहे, यह सुनिश्चित करना, मृत, स्थानांतरित या अनुपस्थित मतदाताओं के नामों को हटाना आदि के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि के जिलाध्यक्ष, सचिव सहित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं उपनिर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आपातकाल के 50 साल को भाजपा ने संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** देश में आपातकाल 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता मे भाजपा कार्यालय मे संविधान हत्या दिवस के रूप मे मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप मे वारिसलीगंज की विधायक अरुणा देवी उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पं दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम मे मंच का संचालन महामंत्री अरविन्द गुप्ता ने किया। आपातकाल के काला अध्याय के प्रदर्शनी का उदघाटन विधायक अरुणा देवी, जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के द्वारा किया गया। कार्यक्रमों में जेपी सेनानियों को सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा आपातकाल के काला अध्याय के अनुभवों को बताया गया।

अनिल मेहता ने कहा कि कहा संविधान हत्या दिवस पर हम स्वतंत्र भारत के इतिहास के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हैं, जब संस्थाओं को कमजोर किया गया, अधिकारों को निलंबित किया गया, जवाबदेही को दरकिनार कर दिया गया।लाखों लोगों को जेल में डाला गया और कांग्रेस ने यह सब सिर्फ अपने नेता की कुर्सी बचाने के लिए किया।

विधायक अरुणा देवी ने कहा आपातकाल एक ऐसे परिवार द्वारा रची गई साजिश थी, जो सत्ता के नशे में था और यह कांग्रेस की अत्याचारी और क्रूर मानसिकता का भी प्रमाण है जिसने संविधान की हत्या करके देश को आपातकाल सौंप दिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियरंजन श्रीनिवास ने कहा कि जिन्होंने संविधान का गला घोंटा था, वे आज इसके रक्षक बनने की कोशिश कर रहे हैं। आपातकाल के काले दिनों को नहीं भूलना चाहिए। निर्वतनमान अध्यक्ष संजय मुन्ना ने कहा 1975 के आपातकाल के 50 साल पूरे होने को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया । इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, गौरव शांडिल्य,उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, मुकेश कुमार, जिला मंत्री निशा राजवंशी,शिव यादव, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु,जिला पार्षद वसंती देवी, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनोज कुमार,मनीष सिन्हा, विकास सोलंकी, चंदन राजवंशी, गौतम भारती, मंडल अध्यक्ष शिवरानी केशरी, गरीवन महतो, राहुल सिन्हा, माधुरी वर्णनवाल, सुधीर सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# कब्रिस्तान से साइबर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के मैरा गांव में साइबर ठगी करने वाले एक शातिर युवक को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मैरा गांव स्थित कब्रिस्तान में एक युवक पेड़ के नीचे बैठकर साइबर ठगी की गतिविधियों में संलिप्त है। सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से आरोपी को दो एंड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान मैरा गांव निवासी दीप चैधरी का 26 वर्षीय पुत्र सोहन चैधरी के रूप में की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि मोबाइल की जांच के दौरान पता चला है कि उक्त नंबरों से विभिन्न राज्यों के कई थानों में साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं। आरोपी अल-खैर इस्लामिक फाइनेंस और एसबीआई होम लोन जैसी संस्थाओं के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी करता था। गिरफ्तारी अभियान में एएसआई प्रसेनजीत कुमार चैधरी सहित दर्जनों सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही अन्य सहयोगियों की भी गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

## ब्राउन शुगर की 47 पुड़िया के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के नालंदा कॉलोनी से पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बेन थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी जगदीश प्रसाद उर्फ जवाहर प्रसाद के पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से 47 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ 5000 नकद बरामद किया है। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने ज बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नालंदा कॉलोनी में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। इसी दौरान विकास कुमार को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुआ। जांच में पता चला है कि युवक नशे की खरीद-बिक्री में लिप्त था। इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह सक्रिय है। पूछताछ के दौरान कई सुराग। दिए हैं, जिनके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# त्वचा रोग से संबंधित रोगियों को किया गया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** विश्व विटिलिगो डे आलोक क्लिनिक डॉ. कॉलोनी खंदकपर बिहारशरीफ में मनाया गया। डॉ. बीरेन्द्र प्रसाद ने सफेद दाग जो एक त्वचा रोग है इसकी जानकारी रोगियों को विस्तार से दी गई। डॉ. आलोक कुमार जो चर्म रोग स्पेशलिस्ट है ने भी इस विटीलिगो डे पर अपना विचार प्रस्तुत किया। डॉ. आलोक ने बताया कि इस रोग में त्वचा के अंदर मेलानिन रंग किसी कारण से कम जाता है या खत्म हो जाता है, तो वहां का त्वचा का रंग उजला हो जाता है यह रोग छूआछूत का नहीं है। उचित इलाज से इस रोग को ठीक किया जा सकता है। डॉ. आलोक ने इस रोग के बारे में समाज में फैले अंधविश्वास की यह रोग पाप से दैविक प्रकोप से होता है। कहा कि ये भ्रांतियां है डॉ. आलोक ने समाज में जागरुकता फैलाने की जरूरत है। जिले के जाने माने त्वचा रोग स्पेशलिस्ट डॉ. बीरेन्द्र प्रसाद ने इस मौके पर सभी लोगों का धन्यवाद दिया।

# नवादा सदर अस्पताल रोगी कल्याण समिति का गठन, सदस्यों के चयन पर उठ रहे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों में रोगी कल्याण समिति का गठन किया गया है। जिसमें नवादा सदर अस्पताल के रोगी कल्याण समिति का भी गठन किया गया है। जारी पत्र के अनुसार, मंजू चंद्रवंशी (जदयू), राजेंद्र प्रसाद ज्योति ( जदयू), डॉ कौशल किशोर, मणिलाल प्रसाद (जदयू), डॉ मनोज बरनवाल ( भाजपा), अरविंद कुमार गुप्ता(भाजपा), नंदकिशोर चौरसिया (भाजपा) तथा निशा राजवंशी (भाजपा)को सदस्य बनाया गया है । जारी पत्र के अनुसार यह सभी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। जबकि इस पत्र को देखा जाए तो इस सदस्य की सूची में सारे लोग भाजपा और जदयू से जुड़े हुए हैं । दो पार्टियों के अलावा किसी अन्य पार्टी या सामाजिक कार्यकर्ता को इस सदस्य में नहीं रखा गया है। लोजपा, हम और रालोसपा को भी शामिल नहीं किया गया। राज्य स्वास्थ्य समिति और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे द्वारा जारी किए गए इस पत्र पर अब विपक्ष भी सवाल खड़ा करने लगे हैं। क्या रोगी कल्याण समिति के सदस्य सिर्फ सत्ताधारी दल के ही चहेते बनेंगे या किसी सामाजिक कार्य कर्ता, बिना किसी संगठन पार्टी में रहे लोगों या पत्रकारों को भी इसमें जोड़ा जा सकता था। रोगी कल्याण समिति के वैसे सदस्यों को इसमें शामिल किया गया है, जो पार्टी के इर्द-गिर्द और किसी न किसी पद पर आसीन है । इससे पहले भी कई समिति का गठन किया गया, जिसमें बाहरी सदस्यों को भी रखा गया था। लेकिन इस बार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा जारी किए गए पत्र में सिर्फ और सिर्फ भाजपा जदयू के नेताओं को तरजीह दी गई है। लॉलीपॉप देकर ऐसे लोगों को खुश किए जाने का कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेतृत्व के द्वारा अपने-अपने कार्यकर्ताओं को लॉलीपॉप थमाया जा रहा है ताकि विधानसभा चुनाव में हुए दिल लगाकर कार्य करें। रोगी कल्याण समिति के कार्य क्या है यह सभी को पता है , लेकिन अब तक ऐसे सदस्य कितने रोगियों का कल्याण किए हैं यह जनता पूछना चाहती है।

# इंटर विद्यालय बुधौली के शारीरिक शिक्षक बने असिस्टेंट प्रोफेसर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली के शारीरिक शिक्षक डॉ. विजय कुमार दास विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बने हैं। राजनीतिक विज्ञान में इनका चयन हुआ है। उनके असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनने पर विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर उनका स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार, प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य, शिक्षक मदन मोहन प्रसाद, विद्यानंद चौरसिया, धर्मेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, महेंद्र कुमार, अजीत कुमार, कमलेश कुमार, श्वेता कुमारी, आरोही, जीडी मिश्रा, सुनील कुमार, संतोष कुमार आदि ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

# नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ें बीएलओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर तैयारी तेज हो गयी है। इसी कड़ी में बुधवार को कौआकोल प्रखंड कार्यालय स्थित सभा कक्ष में बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखण्ड के सभी बीएलओ के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रशिक्षक के रूप में डीआरडीए के डाटा ऑपरेटर प्रवीण कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने उपस्थित बीएलओ को बताया कि यह प्रशिक्षण विशेष रूप से मतदाता सूची को अद्यतन करने,पारदर्शी बनाने और उसमें सुधार के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मृत मतदाताओं के नाम विलोपित करने तथा नये योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश दिये गये। प्रशिक्षक प्रवीण ने बीएलओ को मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और बीएलओ से क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय होकर कार्य करने की अपील की। बैठक में मौजूद बीएलओ ने भी निर्वाचन विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मतदाता सूची में कम से कम त्रुटि रखने के लिए गंभीरता से कार्य करने का आश्वासन दिया। मौके पर निर्वाचन कार्य में सहयोगी शिक्षक जयप्रकाश मेहता समेत सभी बीएलओ मौजूद थे।



# प्रदीप कुमार सात समंदर पार बजा रहे बिहार का डंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बीमा क्षेत्र में बिहार के गयाजी में कार्यरत प्रदीप कुमार लगभग 50 हजार अभिकर्ताओं में एक मात्र अभिकर्ता है जो अमेरिका के मियामी शहर में बिहार का डंका बजा रहे हैं। प्रदीप कुमार एमडीआरटी के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जो अमेरिका के मियांमी शहर में 22 से 25 जून तक आयोजित हो रहा है, इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी भागीदारी और बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।

प्रदीप कुमार को शामिल होने की अनुमति अमेरिकी सरकार ने प्रदान किया। कोरोना एवं कई देशों में युद्ध के हालात के बावजूद भी इन्होंने अपने पॉलिसीधारक, मित्रों एवं संबंधियों के बचत में बेहतर लाभ दिलाने हेतु अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने का निर्णय लिया। इस सम्मेलन में विश्व के 75 देश के लगभग 7000 अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों के अभिकर्ता हिस्सा ले रहे हैं। विदित हो की प्रदीप कुमार पिछले 16 वर्षों से लगातार इस संस्था के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होते रहे हैं तथा अपने पॉलिसीधारको के साथ-साथ अभिकर्ता साथियों को भी बेहतर जानकारी देकर उनको लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं । इसके साथ-साथ वह देश के साथ-साथ बिहार के नाम को भी रोशन कर रहे हैं। बिहार से मियामी शहर में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने वाले एकमात्र अभिकर्ता हैं ।




# शिविर में पहुंचीं श्रम निरीक्षक, श्रम कार्ड से जुड़े मामलों का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** लेबर इंस्पेक्टर अनुराधा कुमारी ने बुधवार को पकरीबरावां प्रखंड के धेवधा पंचायत अंतर्गत त्रिलोकी बीघा महादलित टोला में आयोजित विशेष शिविर में भाग लेकर श्रमिकों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। शिविर के दौरान उन्होंने महादलित समुदाय के लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर यह जानकारी ली कि अब तक कितने परिवार श्रम कार्ड बनवाने से वंचित हैं। शिविर में उन्होंने ऑन द स्पॉट श्रम कार्ड से संबंधित तीन पेंडिंग मामलों का निष्पादन किया और लोगों को श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि कुछ पात्र व्यक्ति अभी प्रवासी मजदूरी के सिलसिले में बाहर हैं, जिसके कारण वे श्रम कार्ड बनवाने से वंचित हैं। ऐसे लोगों की वापसी पर कार्यपालक सहायक के माध्यम से उनका श्रम कार्ड बनवाया जाएगा। शिविर से लौटने के बाद लेबर इंस्पेक्टर ने प्रखंड परिसर स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में कार्यरत मजदूरों से बातचीत कर उनकी मजदूरी, कार्य की अवधि, कार्यस्थल पर मिलने वाली सुविधाओं, सुरक्षा उपायों तथा श्रमिक अधिकारों की जानकारी ली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी के अनुसार भुगतान हो रहा है या नहीं। लेबर इंस्पेक्टर ने बताया कि गोदाम का निरीक्षण वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर किया गया। उन्होंने कहा कि मौके पर एकत्रित की गई जानकारियों एवं निरीक्षण से संबंधित पूरी रिपोर्ट तैयार कर वरीय पदाधिकारी को सौंपी जाएगी।



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**(निर्माण विभाग)**

**e-Tender No. ELCSMHX-ETEN-20-24-25**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है **1. कार्य का नाम एवं स्थानः** उपमुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण के अधीन पूर्व मध्य रेलवे के बानदाग–हजारीबाग में इलेक्ट्रिकल जनरल वर्क्स और Banadag रैपिड लोडिंग सिडिडिंग धनबाद डिवीजन में प्रकाश व्यवस्था और किसी भी अन्य स्थान पर dy.cee/con/दक्षिण/MHX अंतर्गत काम करने के लिए खुली निविदा। **2. अनुमानित कार्य की लागतः** रु. 99017640.14 **3. जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्यः** NIT के अनुसार एवं रु. शून्य **4. कार्य पूर्ण करने का समय :** 06 माह **5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 15.07.2025 दोपहर 12:00 बजे तक। **6. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता हैः** आई.आर.ई.पी.एस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदि डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निमार्ण/दक्षिण**
**पू.म.रे./महेन्द्रूघाट/पटना**

**पीआर/0473/एमएचएक्स/एस/टी/25–26**

# बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य चुने जाने पर पूनम शर्मा को बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री और इफको फर्टिलाइजर की डायरेक्टर डॉ पूनम शर्मा को राज्य सरकार ने बिहार राज्य नागरिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। डॉ शर्मा को सदस्य मनोनीत किए जाने पर नवादा जिला भाजपा से जुड़े नेताओं के साथ-साथ गण्यमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है तथा कहा है कि डॉ पूनम शर्मा नागरिकों की समस्याओं को सरकार तक रखने में सक्षम साबित होगी ।



सरकार के इस निर्णय का लोगों ने सराहना की है तथा डॉ पूनम शर्मा को बधाई दी है। बधाई देने वालों में डॉ शत्रुघ्न प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, सुधीर प्रसाद, प्रमोद कुमार चुन्नू , कांग्रेस विधायक नीतू सिंह के साथ-साथ सैकड़ो लोगों ने डॉ पूनम शर्मा को बधाई दी है। इधर पूनम शर्मा ने कहा है कि सरकार ने जिस उद्देश्य से मुझे इस परिषद का सदस्य बनाया है, मैं उम्मीद करती हूं कि अपने कार्यों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

# नाबालिग के अपहरण मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के हीरोडीह गांव में नाबालिग युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है वहीं, एक अन्य मामले में शराब के नशे में हंगामा कर रहे व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि 12 जून को हीरोडीह निवासी एक व्यक्ति ने थाना में आवेदन देकर अपनी 17 वर्षीय पुत्री के 7 जून से लापता होने की जानकारी दी थी। युवती ने घर से यह कहकर निकली थी कि वह मुरहेना बाजार ट्यूशन पढ़ने जा रही है, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद पता चला कि युवती गांव के ही एक युवक से फोन पर संपर्क में थी, जिसने उसे मोटरसाइकिल से कहीं और ले जाने की आशंका जताई गई। सूचना के आलोक में पुलिस ने टेक्निकल सेल व ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से नाबालिग लड़की को आरोपी युवक के साथ बरामद कर लिया।



आरोपित की पहचान पवन कुमार उर्फ अमित कुमार, पिता रघुवीर दास, निवासी हीरोडीह के रूप में हुई है। युवती के न्यायालय में बयान दर्ज होने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया, जबकि युवक को जेल भेज दिया गया।

इसी बीच, सिमरकोल गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे दिलीप यादव, पिता महेंद्र यादव को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा। मौके पर ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। आरोपित के खिलाफ बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा और सशक्त हुआ है।

# अगस्त 25 तक सभी परीक्षाएं होंगी नियमित, आयोजित होगा दीक्षांत समारोह

## कुलपति डॉ. शशि प्रताप शाही की नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने में मगध विश्वविद्यालय एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रो. शशि प्रताप शाही ने हुए कहा कि इस वर्ष अगस्त माह तक विश्वविद्यालय की सभी लंबित परीक्षाएं नियमित रूप से संपन्न हो जाएंगी जिसके बाद लगभग डेढ़ दशक के अंतराल के बाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। डॉ. शाही ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं होगा, बल्कि यह दर्शाएगा कि मगध विश्वविद्यालय ने विलंबित सत्रों के अंधकार से बाहर निकलकर शिक्षा के एक नए युग में प्रवेश कर लिया है। कुलपति ने बताया कि जब उन्होंने पदभार ग्रहण किया, उस समय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र वर्षों पीछे चल रहे थे। छात्र-छात्राएं असमंजस की स्थिति में थे और कॉलेजों में पढ़ाई की जगह राजनीतिक नारेबाजी और अशांति का माहौल बना हुआ था। उन्होंने कहा हमने सबसे पहले इस अव्यवस्था पर कड़ा रुख अपनाया और सत्र को नियमित करने के लिए पूरी टीम के साथ ठोस रणनीति पर काम किया। आज परिणाम यह है कि विश्वविद्यालय में नियमित कक्षाएं चल रही हैं। छात्रों की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और कैंपस में शिक्षा का वातावरण बहाल हो चुका है। डॉ. शाही ने कहा कि अब मगध विश्वविद्यालय में 'क्लास ऑन' है, 'एग्जामिनेशन ऑन' है और 'डिस्ट्रक्शन ऑफ' है। मगध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की घोषणा को छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में नई ऊर्जा और गर्व का संचारक माना जा रहा है। कुलपति ने कहा कि यह समारोह न केवल डिग्री वितरण का अवसर होगा, बल्कि यह विश्वविद्यालय के पुनर्जागरण और आत्म-नवाचार का प्रतीक बनेगा। दीक्षांत समारोह में राज्य के वरिष्ठ शैक्षणिक, प्रशासनिक और राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति संभावित है, जिससे यह आयोजन बिहार के उच्च शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मोड़ बन सकता है।

**नैक ग्रेडिंग से बिहार के श्रेष्ठ संस्थानों में शामिल होगा मगध विश्वविद्यालय**

डॉ. शाही ने बताया कि 2015 के बाद से विश्वविद्यालय ने नैक ग्रेडिंग के लिए कोई भी गंभीर प्रयास नहीं किया था। यह स्थिति बिहार जैसे राज्य के सबसे बड़े विश्वविद्यालय के लिए बेहद चिंताजनक थी, लेकिन अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीते 9 वर्षों की अकादमिक और प्रशासनिक रिपोर्ट तैयार कर नैक को समर्पित कर दी है। कुलपति ने कहा कि हमने पुरानी फाइलों की धूल साफ कर न सिर्फ रिपोर्ट तैयार की, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता के अनुसार पुनर्गठित किया। हमारी टीम ने दिन-रात मेहनत कर वह काम कर दिखाया जो सालों तक अटका पड़ा था। डॉ. शाही ने विश्वास व्यक्त किया कि मगध विश्वविद्यालय अब नैक ग्रेडिंग में उच्च स्कोर प्राप्त करेगा और बिहार के सर्वोत्कृष्ट विश्वविद्यालयों की सूची में जल्द ही शामिल होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब न केवल शैक्षणिक अनुशासन में आगे है, बल्कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी नई राहें बना रहा है। इस बदलाव का सीधा लाभ छात्रों को मिलेगा। अब उन्हें परीक्षा समय पर देने और डिग्री समय से प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे उच्च शिक्षा, रोजगार, और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश के मार्ग भी सहज होंगे।

# आपातकाल की याद में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** 25 जून 1975 को भारत के इतिहास का वह काला दिन था, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लागू किया गया। यह आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों, स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति, प्रेस की आजादी और नागरिक अधिकारों को कुचलने वाला निर्णय था। उस समय अनेक ऐसे वीर सपूत थे जिन्होंने तानाशाही के विरुद्ध आवाज उठाई, जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन लोकतंत्र की लौ को बुझने नहीं दिया। इन्हीं लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित करने के लिए इस वर्ष 25 जून 2025 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा की ओर से लोकतंत्र सेनानियों अघोरी निरंजन प्रसाद सुरेश प्रसाद अनिल कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं विष्णु चरण देकर आदर पूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मिश्रा ने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात था। ऐसे समय में जो लोग अपनी आजादी के लिए लड़े, वे सच्चे लोकतंत्र के रक्षक हैं। उन्होंने उन सेनानियों को चलते-फिरते लोकतंत्र के प्रतीक की संज्ञा दी। कार्यक्रम में उपस्थित अघोरी निरंजन प्रसाद प्रभात कुमार सिंहा सहित लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौरान जेल में बिताए अनुभवों को साझा किया। यदि आपातकाल के समय इन वीरों ने आवाज न उठाई होती, तो शायद आज भी देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का कोई अर्थ न होता। यह कार्यक्रम न केवल लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान का प्रतीक था, बल्कि यह एक प्रेरणा बनकर उभरा कि हर नागरिक को संविधान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सदैव सजग रहना चाहिए।

# महिलाओं के उत्थान को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** जिला अतिथि गृह में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह-संयोजक प्रेम सागर द्वारा एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने महिलाओं के संगठन के साथ संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर प्रेम सागर ने बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के विकास एवं उत्थान के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। संवाद के दौरान उन्होंने जीविका परियोजना एवं स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर विशेष बल दिया। श्री सागर ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। इस अवसर पर प्रेम सागर ने गयाजी के उद्योग विभाग की महाप्रबंधक से दूरभाष पर वार्ता कर महिलाओं को इन योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि गयाजी में दस-दस महिलाओं के समूह बनाए जाएंगे जिससे स्थानीय महिलाओं को संगठित कर सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि इस पहल से गयाजी की महिलाएं सशक्तिकरण की दिशा में एक नई मिसाल कायम करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी सरकार की योजनाओं को लेकर उत्साह दिखाया और आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। वहीं मौके पर भाजपा पूर्वी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष करुणा सिंह, सीमा देवी, नीलम मिश्रा, ममता देवी, शमी सिन्हा, विभा सिंह, मनीषा कुमारी, राखी सेठ सहित अन्य मौजूद रहे।

# भाजपा में नई जिम्मेदारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत होने पर दी बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** भाजपा ने हाल ही में अपने प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की है जिसमें संजय कुमार उर्फ बबलू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन पर ददरेजी बाजार में पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा सहित दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बधाई दी है। देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यह मनोनयन उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्हें उम्मीद है कि नई जिम्मेदारी के साथ वे पार्टी को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# स्कॉपियो-कार की टक्कर में महिला घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** पंचानपुर-टिकारी मार्ग पर कॉलेज मोड़ के पास स्कॉपियो और कार की टक्कर में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला को आसपास के लोगों ने तुरंत अनुमंडल अस्तपाल, टिकारी में भर्ती कराया। महिला की पहचान अरवल जिला के कुर्था थाना क्षेत्र के राणा नगर की रहने वाली सरोज देवी के रूप में की गई है। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद महिला को गंभीर हालत में मगध मेडिकल रेफर कर दिया। दुर्घटना स्थल पर रहे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कार्पियो का एयर बैग खुलने से चालक की जान बच गई।

# नगर क्षेत्र एवं महिला समूहों से संबंधित 52 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (नई दिल्ली) की अध्यक्ष विजया राहटकर का आगमन पुलिस कार्यालय, गया में हुआ। इस अवसर पर जिले के एसएसपी आनंद कुमार तथा सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल द्वारा उन्हें एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के अन्य सदस्यगण को स्मृतिचिह्न एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उनकी अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय, गया में एक विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें एसएसपी, सीटी एसपी, डीएसपी (साइबर थाना), डीएसपी (यातायात) सहित आयोग के कार्यकारिणी सदस्यगण उपस्थित रहे। इस जनसुनवाई में जिले की विभिन्न पंचायतों, नगर क्षेत्रों एवं महिला समूहों से संबंधित कुल 52 मामलों की सुनवाई की गई जिनमें महिलाओं ने अपने व्यक्तिगत, सामाजिक और विधिक मुद्दों को निर्भीकता से प्रस्तुत किया। अध्यक्ष ने सभी मामलों को गंभीरता से संज्ञान में

# दारोगा ने पत्रकार से की बदसलूकी, वरीय अधिकारी ने लिया संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र में स्वतंत्र पत्रकारिता पर दबाव बना कर मनमानी करते हैं गुरुआ थानाध्यक्ष। बताया जा रहा है कि एक स्थानीय पत्रकार द्वारा दारोगा की उनके काली करतूत को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद दारोगा बौखला गया और पत्रकार से बदसलूकी करने का प्रयास किया। सूत्रों के अनुसार पत्रकार ने हाल ही में उनके काली करतूत को खबर के माध्यम से दारोगा की संदिग्ध गतिविधियों और कथित भ्रष्ट आचरण को उजागर किया था।

# लोकतंत्र आजाद भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** सन 1947 में भारत की आजादी के पश्चात देश ने विभिन्न क्षेत्रों में कई उपलब्धियां हासिल की है, लेकिन मुझे अगर कोई पूछे तो मेरा मानना है कि सबसे बड़ी उपलब्धि भारतीय लोकतंत्र है। हमें भारतीय लोकतंत्र पर गर्व है जो देश और देशवासियों का मार्गदर्शन करता है। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने भारत में आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष (1975-2025) के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी के अध्यक्षीय संबोधन में दिया। समय-समय पर चुनौतियों के बावजूद देश निरंतर आगे बढ़ा है और समय - समय पर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते कठिन परिस्थितियों में विभिन्न देशों का मार्गदर्शन भी किया है। विधि एवं शासन विभाग तथा राजनीतिक अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान एवं परिचर्चा सत्र में कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल के निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे तानाशाही वाले व्यवस्था की कोई जगह नहीं है। कुलपति ने आपातकाल के 50 वर्ष को याद करने के औचित्य को साझा करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र की महत्वता को समझाने का उचित माध्यम है ताकि भविष्य में कोई तानाशाही करने का प्रयास न करे। उन्होंने कहा कि भारत के चारों दिशाओं में स्थित देश इसलिए विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं क्यूंकि उनमें लोकतान्त्रिक व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं चल रही है। वहीं विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र का दावा करने वाले अमेरिका में भी सत्ता हासिल नहीं होने पर डोनाल्ड ट्रम्प समर्थकों ने वाइट हाउस में घुसकर तोड़फोड़ कर तांडव किया।

# प्रखंड के सभी राजस्व ग्राम में त्रि-सीमांकन व सीमा सत्यापन का कार्य शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** प्रखंड के सभी राजस्व ग्राम में त्रि-सीमाना व सीमा सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया। विशेष सर्वेक्षण शिविर पदाधिकारी पूजा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इटीएस (इलेक्ट्रानिक टोटल स्टेशन) मशीन के जरिए विशेष भू-सर्वेक्षण अमीन, कानूनगो, शिविर प्रभारी व चयनित एजेंसी के प्रतिनिधि मिलकर तीन राजस्व ग्राम की सीमा जहां मिलती है उस बिंदु का व राजस्व ग्राम की सीमा का सत्यापन किया जा रहा है। त्रि सिमाना का कार्य पूरा होने के बाद किश्तवार का काम शुरू किया जाएगा। पूजा कुमारी ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायत व मौजा में राजस्व गांवों का सर्वेक्षण कार्य शुरू हो चुका है। गांव-गांव जाकर चौपाल लगाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी भी दी जा रही है। वहीं राजस्व कर्मचारियों द्वारा संबंधित सभी दस्तावेजों को दुरुस्त किया जा रहा है। जानकारी हो कि लगभग 70 वर्ष बाद जमीन का विशेष सर्वेक्षण हो रहा है। सर्वेक्षण से नया नक्शा व खतियान तैयार की जाएगी। नया खतियान व नक्शा बनने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। सर्वे टीम में मौजूद कर्मियों द्वारा प्रखण्ड के रिदपुरा, मानिकपुर, मीराबिगहा, लोहानीपुर, आलमपुर, हसनपुर, जगरनाथपुर सहित दर्जनों गांव का सीमा सत्यापन किया गया।

# भाजपा पूर्वी जिला कार्यालय में काले दिन को किया गया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर आज भाजपा गया जिला पूर्वी द्वारा पार्टी कार्यालय में काला दिवस के रूप में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार सरकार में गया जिला प्रभारी मंत्री सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा गया पूर्वी जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य क्षितिज मोहन सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमर शेखर, भाजपा युवा नेता आदित्य वर्द्धन, राज पांडेय, आलोक वर्द्धन, अशोक शर्मा सहित कई वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मारपीट मामले में तीन वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के अचुकी गांव में मारपीट के एक मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अचुकी गांव के निवासी विदेशी यादव पिता देवशरण यादव, बिगन विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय चलित्र विश्वकर्मा और शकुंतला देवी पति अर्जुन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। ये आरोपी मारपीट के एक मामले में वांछित थे और पुलिस लंबे समय से उनकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार इन आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष अभियान चलाया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई है जो वांछित और वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बाइक की चोरी, पीड़ित ने आमस थाना में की शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत हमजापुर स्थित कोर्ट परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। यह घटना बुधवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित हृदय यादव, जो बालासोत गांव के निवासी हैं, ने बताया कि वे किसी जरूरी काम से कोर्ट आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल कोर्ट परिसर में खड़ी की और एक वकील से मिलने चले गए जब कुछ देर बाद लौटे तो देखा कि उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। हृदय यादव ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। अंततः उन्होंने आमस थाना में एक लिखित आवेदन देकर मामले की जांच कर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पीड़ित परिवार को मुखिया प्रतिनिधि ने दी कबीर अंत्येष्टि की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत के मीठापुर गांव में एक पीड़ित परिवार को मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने कबीर अंत्येष्टि की राशि प्रदान की। इस मदद से परिवार को आर्थिक बोझ से कुछ राहत मिली। मीठापुर गांव के अरविंद कुमार पासवान की पत्नी मनोरमा देवी के निधन से पीड़ित परिवार की स्थिति काफी दयनीय थी। परिवार को आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी जिसे मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने कबीर अंत्येष्टि की राशि प्रदान की। इस पहल से परिवार को काफी राहत मिली है। पीड़ित परिवार ने मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। परिवार का कहना है कि इस मदद से उन्हें आर्थिक बोझ से कुछ राहत मिली है।

### एनबीडब्लू और शराब कारोबारी गिरफ्तार

**कोंच (नबिटा सं.)।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक एनबीडब्लू को पाण्डेय पोखर गांव से और एक शराब कारोबारी को महुआ बिगहा गांव से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को बुधवार को जेल भेज दिया गया। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि पाण्डेय पोखर गांव से नगीना देवी को गिरफ्तार किया गया। वहीं, महुआ बिगहा गांव से शराब कारोबारी साजन मांझी की गिरफ्तारी के मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एमसी_एससी_एमसीसी_केओएए_2025, दिनांक: 19.06.2025।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, रूम संख्या 42, पहली मंज़िल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता- 700014 द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में 'दो लिफाफा प्रणाली' में मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरण:** दो वर्षों के लिए कोलकाता पैसेंजर टर्मिनल, पूर्व रेलवे के कोचों तथा कोचिंग डिपो परिसरों की यांत्रिक सफाई। **निविदा मूल्य:** ₹ 16,91,14,297.79। **बयाना राशि:** ₹ 9,95,600। **ठेके की अवधि:** 24 महीना। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0। **बोली शुरू होने की तारीख:** 27.06.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 11.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य हेतु पात्रता की शर्तों सहित निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in (वेबसाइट यूआरएल) पर देखा एवं से डाउनलोड किया जा सकता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(SDAH-97/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**समाहरणालय औरंगाबाद**
(जिला निर्वाचन कार्यालय)
अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
गर्व का पर्व
Phone No. – 06186-222362, E-mail ID – dyeo_aurangabad@ yahoo.com
बिहार सरकार

विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 से सम्बंधित पुर्ननिविदा, ग्रुप– (E)– टेंट/शमियाना, उपस्कर, अस्थाई विद्युतीकरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि भाड़ा पर आपूर्ति एवं ग्रुप– (F)– चाय नाश्ता, भोजन इत्यादि का आपूर्ति का दर निर्धारण हेतु द्विलिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद लिफाफा में अंतिम तिथि– 24.07.2025 को 01.00 बजे अपराह्न तक आवश्यक योग्यता को पूर्ण करने वाले इच्छुक, अनुभवी एवं आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठानों से अल्कालीन पुर्ननिविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में मुहरबंद कर एक बड़े लिफाफा में मुहरबन्द करेंगे तथा इस बड़े लिफाफा को जिला निर्वाचन कार्यालय के नाजीर को हाथों–हाथ या निबंधित डाक से जिला निर्वाचन कार्यालय औरंगाबाद को जमा करेंगे। लिफाफा पर ''विधान सभा आम निर्वाचन, 2025'', निविदा ग्रुप एवं निविदादाता का पूर्ण पता अवश्य अंकित करेंगे। सभी प्राप्त निविदा को दिनांक.24.07.2025 को 01.30 बजे अपराह्न में जिला क्रय समिति के समक्ष समाहरणालय सभागार में खोला जायेगा। निविदा का विहित प्रपत्र, निविदा प्रकाशन की तिथि पश्चात् निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट (नहीं लौटाने योग्य) जो किसी अनुसूचित बैंक से जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो, जमा कर निर्वाचन कार्यालय, औरंगाबाद से कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र की राशि देय होगी। ग्रुप– E एवं ग्रुप–F के कार्य की विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (लाख रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि अनुमानित राशि का 2% (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | E | टेंट/शमियाना, उपस्कर, अस्थाई विद्युतीकरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि भाड़ा पर आपूर्ति | 300.00 | 10,000.00 | 6,00,000.00 |
| 2 | F | चाय नाश्ता, भोजन इत्यादि का आपूर्ति | 40.00 | 5,000.00 | 80,000.00 |

निविदा की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 006816 (Election) 2025-26

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।



**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, औरंगाबाद**
**DISTRICT RURAL DEVELOPMENT AGENCY, AURANGABAD**
बिहार सरकार
विकास भवन, समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद – 824101

मनरेगा के तहत सामाजिक वानिकी/वृक्षारोपण संबंधी सामग्री की आपूर्ति के निमित्त आपूर्तिकर्ता के Empanelment हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–232 दिनांक–04.02.2020 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत सामग्रियों की अधिप्राप्ति हेतु संवेदकों का चयन निविदा के माध्यम से करने का निदेश प्राप्त है। विभागीय ज्ञापांक–1624414 दिनांक 07.03.2023 से मनरेगा अन्तर्गत औरंगाबाद जिला में राज्य स्तर से सामाजिक वानिकी का कार्य हेतु चयनित फैसिलिटेटर की अवधि विस्तार 31 मार्च 2023 के प्रभाव से समाप्त करतें हुए जिला स्तर से वृक्षारोपण से संबंधित सामग्रियों के क्रय हेतु अपेक्षा की गयी है। उक्त के आलोक में एक वर्ष हेतु (वित्तीय वर्ष 2025–26) मनरेगा योजना में ग्राम पंचायतवार सामाजिक वानिकी के तहत लगाये जाने वाले वृक्षारोपण योजना में प्रयुक्त होने वाली सामग्री यथा–पौधे, बांस गैबियन, चापाकल, फेंन्सिग वायर, फर्टीलाइजर आदि सामग्री का योजना स्थल पर आपूर्ति/अधिष्ठापन हेतु इच्छुक प्रतिष्ठित निबंधित एवं सक्षम प्रतिष्ठानों से अल्पकालीन निविदा का आमत्रंण किया जाता है। सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पर्याप्त आपूर्तिकर्ता को सूचीवद्ध (Empanelment) करने हेतु निविदा का प्रकाशन निम्न शर्तों के अधीन किया जाता हैः–

| क्र०सं० | विज्ञापनदाता का पदनाम | उप विकास आयुक्त,औरंगाबाद। |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 03.07.2025 तक एवं पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न. 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा जमा करने का स्थान | कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, औरंगाबाद वरीय लेखा पदाधिकारी, डी0आर0डी0ए0 औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में अधिष्ठापित Drop Box। |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–04.07.2025 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से। |
| 4 | तकनीकी मुल्यांकन के विरूद्ध दावा/आपत्ति प्राप्त करने की तिथि | दिनांक–07.07.2025 अपराह्न 03:30 बजे तक। |
| 5 | दावा/आपत्ति का निष्पादन की तिथि | दिनांक–08.07.2025 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे। |
| 6 | संविक्षा का स्थान | उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद के कार्यालय प्रकोष्ठ में, |

दिशा–निर्देशः–

1. प्राप्त निविदा के आधार पर वेन्डर/फैसिलिटेटर का Empanelment_जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा।
2. निविदा में द्वि–लिफाफा प्रणाली के तहत तकनीकी विवरणी एवं वित्तीय विवरणी अलग–अलग लिफाफा में रखते हुए एक सीलबंद लिफाफा में उपलब्ध कराना होगा।
3. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं का ही वित्तीय निविदा उन्हें सूचित करते हुए खोला जायेगा।
4. मनरेगा अंतर्गत तकनीकी एवं वित्तीय निविदा का विस्तृत जानकारी एवं विहित प्रपत्र के लिए जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 006846 (B & C) 2025-26

जिला पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,मनरेगा, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

(अति अल्पकालिन निविदा)

वित्तीय वर्ष 2025–26 का पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय एवं आश्रम आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक एवं कम्बल, बेडसीट, मच्छरदानी ओढ़ने बिछाने का चादर एवं तकिया कवर आदि सामग्रियों का दर निर्धारण/आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक **03.07.2025 को 11:00** बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक **03.07.2025 को 01:00** बजे अपराहन् में क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय प्रकोश्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

(A) क्रय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूचीः– सामग्रियों की सूची जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है या पलामू जिला के Website (Palamu.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.355901 Welfare(25-26):D

संपादकीय

# तीसरे विश्वयुद्ध की आहट ?

अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर सीधे हमले और इजराइल के पक्ष में खुलकर सामने आने के बाद दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध के खतरे की घंटी तेज हो गई है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल ऐसी कोई संभावना नहीं है। लेकिन यदि ईरान के पक्ष में रूस और चीन अपनी सेना के साथ आ गए तो जरूर विश्व युद्ध की आशंका सच्चाई में बदल जाएगी। मध्य पूर्व के भयंकर तनाव का घटनाक्रम जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसको लेकर समूचा विश्व चिंतित है। इनमें वो देश जो सीधे इससे जुड़े हैं तो हैं ही, वो भी शामिल हैं, जिनका सीधा सम्बंध नहीं हैं या फिर अब तक तटस्थ बने हुए हैं। यदि विश्व युद्ध जैसी स्थिति बनी तो किसी के लिए तटस्थ रहना दूभर हो जाएगा। क्योंकि तब वैश्विक शक्तियों का अलायंस अलग तरीके से होगा। अभी तक अमेरिका द्वारा इजराइल ईरान विवाद में सीधे न कूदने से यह संभावना बनी हुई थी कि विवाद का कोई कूटनीतिक हल निकालने की कोशिश हो सकती है। लेकिन न तो इजराइल के ईरान पर हमले रूक रहे हैं, न ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम रोकने के लिए राजी है और न ही अमेरिका ईरान को माफ करने को तैयार है। उधर ईरान भी आखिरी दम तक मुकाबले का मन बनाए बैठा है। यानी कोई पीछे हटने को तैयार नहीं है। वैश्विक संगठन भी इस टकराव को रोकने में असमर्थ हैं तो बाकी मुस्लिम देश भी केवल ईरान पर इजराइली हमले पर बयानबाजी भर कर रहे हैं। इन बयानों में उस अमेरिका का कोई जिक्र नहीं है, जिसके दम पर यह सब हो रहा है। अलबत्ता अमेरिकी बी 2 विमानों द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर भीषण बमबारी से इजराइल खुश है। इसका कारण वह राहत है, जो अमेरिका के खुलकर साथ आने के कारण मिली है। वरना इजराइल पर ईरान ने अपनी मिसाइलों जो भयंकर पलटवार शुरू किया था, उससे नन्हां सा इजराइल घबरा गया था। वो बार अमेरिका से गुहार लगा रहा था कि वो ईरान पर हमला करे। उधर अमेरिका में अभी भी इस को लेकर एकमत नहीं है कि ईरान सच में परमाणु बम बना रहा था। क्योंकि परमाणु बम बनाने की पुष्टि अंतरराष्ट्रीय परमाणु निरीक्षण एजेंसी ने भी नहीं की है। खुद ईरान भी यही कहता आ रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम रचनात्मक कार्यों के लिए है। लेकिन अमेरिका व इजराइल को इस पर रत्ती भर भरोसा नहीं है। अमेरिका का भी इसमें दोहरा रवैया है। एक तरफ वह परमाणु बम बनाने के आरोप में ईरान पर बम बरसा रहा है, दूसरी तरफ जिस पाकिस्तान के पास 170 एटम बम हैं, उसे गले लगा रहा है। इस बीच ईरान फिर साफ कर दिया है कि जब तक इजराइल उस पर हमला करता रहेगा, वह कोई बातचीत नहीं करेगा। वैसे इस पूरे प्रकरण में अमेरिका का रोल संदेह से परे नहीं है। वो सिर्फ अपने स्वार्थ देख रहा है। उसने काफी देर बाद ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला किया भी तो ऐसा कि उन संयंत्रों को मामूली नुकसान ही पहुंचा। कहा जा रहा है कि हमलों की आशंका के चलते ईरान अपना संवर्द्धित यूरेनियम पहले ही दूसरी जगह छिपा दिया था। लेकिन अमेरिकी हमले के खिलाफ रूस और चीन खुलकर ईरान के पक्ष में युद्ध में उतर आए तो स्थिति बहुत खतरनाक होगी। हालांकि ये दोनों देश ईरान के पक्ष में अपनी सेनाएं भी उतारेंगे, इसकी संभावना बहुत कम है। वो ईरान को आर्थिक और सैन्य सहायता ही देते रहेंगे।

# बिहार में कांग्रेस का पुनरुद्धार : आंकड़ों से कहीं अधिक की ज़रूरत



अम्बरीश श्रीवास्तव

प्रस्तावना- राजनीति की आत्मा वाले प्रदेश की बात

कुछ ऐसे ही राज्य हैं जिनकी राजनीतिक विरासत और सांस्कृतिक चेतना का भार गहरा होता है—बिहार उन्हीं में से एक है। वैशाली की प्राचीन गणराज्य से लेकर नालंदा की विद्वत्ता तक, और फिर जीपी आंदोलन की गर्जना तक, बिहार कभी सिर्फ चुनावी इलाका नहीं रहा—यह एक नैतिक प्रेरक रहा है, जिसने जन-आंदोलन को आकार दिया। इस भूमि ने विचारों को जन्म दिया, क्रांतियाँ चलाई और ऐसे नेता उतारे जिन्होंने दिल्ली की सत्ता को चुनौती दी।

अब, 2025 विधानसभा चुनाव की आहट में, बिहार फिर उस युग की उड़ान भरने को तैयार है—लेकिन क्या इतिहास की इस भट्टी में फिर एक नए परिवर्तन की लौ जगेगी?

महागठबंधन—जिसमें राजद, कांग्रेस और वामदल शामिल हैं—की वापसी राजनीतिक रूप से लगभग सुनिश्चित दिखती है। परंतु, अगर यह वापसी सिर्फ सांख्यिकीय गठबंधन बनी रहे, तो कांग्रेस के लिए यह स्वार्थहीन होगा। उसे चाहिए रणनीतिक नवाचार, सशक्त नेता और विचारधारा की पुनरारंभना।

यह लेख बिहार के सामाजिक-राजनीतिक इतिहास में गहराई से उतरता है, कांग्रेस में मौजूद नेतृत्व की कमी पर विचार करता है और बताता है कि कैसे सुबोध कांत सहाय जैसे प्रखर नेता न केवल बिहार, बल्कि पूरे हिंदी क्षेत्र के लिए लोकतांत्रिक नवजीवन का सूत्र हो सकते हैं।

ऐतिहासिक परिदृश्य- जाति, सहअस्तित्व और सांस्कृतिक विशिष्टता

बिहार की राजनीति का मूल उसके जटिल सामाजिक ताने-बाने में निहित है। यहाँ जातिगत पहचान एक साथ गहरी और सहयोगी रही है। दक्षिण की अपेक्षाकृत कट्टर जाति-आन्दोलन (जैसे द्रविड़ राजनीति या फुले-अंबेडकर आंदोलन) की तुलना में बिहार में यह संघर्ष इतनी तीव्रता से नहीं हुआ। इसने समय के साथ रूप बदला—जहाँ विभाजन था, वहाँ सहनशील भी था।

छठ पूजा इसके सबसे सुंदर उदाहरणों में से एक है। यहाँ अमीर और गरीब, उच्च और निम्न जाति एक साथ और बिना पंडितों के सूर्य को अर्घ्य देते हैं—यह भारतीय लोकतंत्र का आत्मीय रूप है। पटना की घाटों पर जब नारंगी धूप गहरे रंग में बदलती है, तब जाति और वर्ग लुप्त हो जाते हैं।

लेकिन इन सबके बावजूद, बिहार में जाति अब भी चुनावी गणित को निर्धारित करती है। परंतु अब मतदाताओं की चेतना अधिक विकसित है—वे पहचान के साथ-साथ योग्यता, सांस्कृतिक समझ और स्थानीय जुड़ाव की भी परख करते हैं।

**जीपी आंदोलन- पुनर्जन्म की क्रांति-** 1974 का सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन, जिसे जयप्रकाश नारायण ने लाया, सिर्फ आपातकाल की अवैधता के खिलाफ आवाज़ नहीं था—यह भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का पुनर्स्फूर्ति था, और सबसे तेज़ स्वर बिहार में ही गूँजा। छात्र-गृहों से गांवों तक इसका इजहार हुआ।

एक जनांदोलन से जन्मे नेताओं में लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार, शरद यादव और सुबोध कांत सहाय जैसे युवा शामिल थे। ये नेता कमरे में जन्मे या वरदान पाए नेता नहीं थे—वे संघर्ष से तराशे गए नेता थे, जिन्होंने सड़क पर खड़ी राजनीति को गले लगाया।

इनमें सुबोध कांत सहाय अपनी शांत दक्षता और क्षेत्रीय विस्तार के कारण अलग खड़े हैं। जबकि अधिकांश नेता बिहार तक सीमित रहे, सहाय ने बिहार और नए बने झारखंड के बीच पुल का काम किया। सांसद और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने जीपी आंदोलन की थाती—धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, संघवाद और जमीनी सशक्तिकरण—को कभी नहीं छोड़ा।

**आज का बिहार- महागठबंधन का मौका-** बिहार आज एक चौराहे पर खड़ा है। नीतीश कुमार का राजनीतिक विश्वसनीयता दरकिनार हुई है—अक्सर वे विचारधाराओं का फेर बदल करते दिखे। इससे उनके नैतिक आधार पर सवाल उठने लगे हैं और जबरदस्त राजनीतिक वैकेंसी बनी है।

महागठबंधन—हालांकि आंतरिक मतभेदों से जूझ रहा है—फिर भी एक सुनहरा मौका रखता है। लेकिन केवल जातिगत गठबंधनों से काम चलने वाला नहीं है। जनता चाहता है संरचना, स्पष्टता और ठोस नेतृत्व।

यहाँ कांग्रेस पिछड़ती दिख रही है।

बिहार में कांग्रेस- ध्वस्त विरासत से पुनरुत्थान की ओर

एक जमाने में बिहार की शस्त्र बटोरने वाली कांग्रेस अब किनारे खिसक चुकी है। उसका संगठननाश हो गया है, कार्यकर्ता असहज हो चुके हैं और नेतृत्व अक्सर गुमनामी में दिखता है।

इसका मूल कारण केवल विपक्ष या सामाजिक मतभेद नहीं—बल्कि इसकी केंद्रीकृत संस्कृति है जिसने क्षेत्रीय शक्तियों को दबा दिया है।

बिहार में चुनाव आखिरी दौर का खेल नहीं—यह लगातार संवाद की मांग है। यहाँ भावनात्मक जुड़ाव, सांस्कृतिक समझ और स्थायी राजनीति की आवश्यकता है, जो कांग्रेस अभी तक पूरा नहीं कर पाई है।

सुबोध कांत सहाय- क्यों वे अभी भी मायने रखते हैं

एक समय के तेज़-तर्रार, जाहिरा राजनीतिक माहौल में सुबोध कांत सहाय एक पुरानी, अधिक स्थायी शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं—जो विचारधारा, प्रशासन और जन-संपर्क से सजीव है।

1990 के दशक में गृहमंत्री राज्य मंत्री के रूप में उन्होंने पंजाब, राम जन्मभूमि विवाद, असम में उग्रवादी घटनाओं और मंडल आयोग की आग को शांति से देखा। इन संघर्षों में उनका संतुलित नेतृत्व इतिहास का हिस्सा बन गया।

उनकी असली ताकत है उनकी भावनात्मक बुद्धि और मेलजोल-सूत्रबद्ध क्षमता। लालू जी से उनका लंबे समय का संबंध इस बात का प्रमाण है कि कैसे व्यक्तिगत विश्वास से ऐतिहासिक गठबंधन बनते हैं।

झारखंड में उनके कार्यकाल ने उन्हें आदिवासी से लेकर यादव तक हर वर्ग में स्वीकार्यता दिलाई—यह सिर्फ जनसंख्या का गणित नहीं, बल्कि वर्षों की स्थिर भावना का परिणाम है।

**2009- राजनीतिक नियोजन की पाठशाला-** हिंदी पट्टी में कांग्रेस की 2009 की चुनिंदा सफलता कम ही लोग याद करते हैं—लेकिन इसके पीछे की बुद्धिमत्ता सुबोध कांत सहाय ने ही की थी। उन्होंने वहां के चुनाव में सूक्ष्म योजना, जाति आधारित रणनीति, टिकट वितरण की पारदर्शिता और समस्या-उन्मुख संवाद को प्राथमिकता दी।

यह मॉडल बिहार में भी उतरा जा सकता है। दुर्भाग्यवश, कांग्रेस आज भी पावर सेंट्रलाइजेशन की ओर झुकी है, जिससे स्थानीय माहौल समझ से दूर हुआ है।

**रणनीतिक पुनर्प्रतिष?ठा- कांग्रेस के लिए रूपरेखा-** आधार को मजबूत किए बिना कोई पुनरुत्थान संभव नहीं। बिहार के लिए कांग्रेस को चाहिए-

सिनियर नेताओं जैसे सुबोध सहाय को पूर्ण स्वतंत्रता देकर बिहार इकाई चलाना।

युवा नेताओं को प्रशिक्षित करके उन्हें मैदान में भेजना; डिजिटल और जमीनी जुड़ाव सिखाना।

सांस्कृतिक पूंजी निवेश—बिहार की भाषा, साहित्य और लोककला के ज़रिए स्थानीय जुड़ाव बनाना।

मुद्देवाद गठबंधन—शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य जैसे विकास के मुद्दों पर संकलित रूप से काम करना।

इसमें परंपरा और नवप्रवर्तन का संगम हो—वह मिश्रण जो आज के बिहार के साथ इज़हार करता हो।

**बीजेपी से सबक- रणनीति बनाम नाटकीयता-** बीजेपी की अभियान अनुशासन—बूथ स्तरीय योजना, जातिगत माइक्रो टारगेटिंग, संदेश की स्पष्टता—इनमें कुछ सराहनीय है।

अगर कांग्रेस उन्हें चुनौती दे सकती है, तो उसे चाहिए डिजिटल समझ और फील्ड विश्वसनीयता का एक युद्ध-कक्ष तैयार करना। अनुकरण नहीं, बल्कि सशक्त मुकाबला।

**सीट-शेयरिंग में सुबोध सहाय की भूमिका-** बहुत से युवा कार्यकर्ता सुबोध सहाय के मार्गदर्शन में बढ़े हैं। वे खाली दावेदार नहीं—उनमें तकनीक, तैयारी और दूरदर्शिता है। उन्हें सीट-शेयरिंग वार्ताओं में प्राथमिक भूमिका देकर कांग्रेस बेहतर रणनीति और जीत-बढ़ा सकती है।

**निष्कर्ष- साहस का क्षण आ गया है-** भारत की तरह, बिहार को अब विश्वसनीय, सुनने वाले, देने वाले और जोड़ने वाले नेताओं की तलाश है। महागठबंधन शायद जीत जाए—पर उस जीत को गवर्नेंस की तबाही से बदलने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है।

सुबोध कांत सहाय केवल एक नेता नहीं; वे अनुभव, सहानुभूति और मानवीय जुड़ाव का जीवंत भंडार हैं। वे ना तो पार्टी का अतीत हैं और ना राजनैतिक सिर्फ पहचान—वे हैं कांग्रेस के भविष्य के सेतु।

अगर कांग्रेस सच में जीवनङ्कसंकट से जीवन से पुनरुत्थान की ओर बढ़ना चाहती है, तो उसे चाहिए—आलोचनात्मक आत्मनिरीक्षण और नेतृत्व में बदलाव।

और यह बदलाव... आज से शुरू होना चाहिए।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह लेखक के निजी विचार हैं। संपर्क-**

**ambrish.srivas@gmail.com**

अध्यात्म

## राजा की बेटे को सीख

मित्रों की मदद से हम बड़ी-बड़ी परेशानियों से भी बच सकते हैं। हमें सच्चा मित्र कैसे मिल सकता है, इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राजा ने अपने पुत्र को राज्य के विद्वान संत के पास भेजा, ताकि वह शिक्षा ग्रहण कर सके। जब राजकुमार संत के पास पहुंचा तो संत ने उससे पूछा कि तुम भविष्य में क्या बनना चाहते हो? राजकुमार ने कहा कि मैं वीर योद्धा बनना चाहता हूं।

संत ने कहा कि इन दोनों शब्दों का अर्थ अलग-अलग है। योद्धा बनने के लिए तुम्हें युद्ध कला सिखना होगी। अस्त्र-शस्त्र का उपयोग सिखना होगा। घुड़सवारी और युद्ध नीति सिखना होगी। वीर बनने के लिए तुम्हें विनम्र बनना पड़ेगा और सभी से मित्रों की तरह व्यवहार करना होगा।

राजकुमार को ये बात समझ नहीं आई। वह राजकुमार है और सभी के साथ मित्रों की तरह कैसे रह सकता है? वह अपने महल वापस आ गया और पिता से कहा कि मुझे गुरु की बात समझ नहीं आई, इसलिए मैं वापस आ गया।

राजा ने उस समय कुछ नहीं कहा। कुछ दिनों बाद राजा और राजकुमार दोनों ही वन में शिकार करने के लिए पहुंचे। वे वन में काफी आगे निकल गए थे। शाम हो गई। रास्ते में राजा की अंगूठी से हीरा निकलकर गिर गया। अंधेरा हो चुका था। हीरा कीमती था, इसीलिए राजा और राजकुमार उसे खोजने की कोशिश करने लगे।

बहुत खोजने के बाद भी हीरा नहीं मिला तो राजकुमार ने अपनी पगड़ी खोली और उसमें वहां की मिट्टी भर ली और वहां से महल की ओर चल दिए। राजा ने उससे पूछा कि तुमने ऐसा क्यों किया, इस मिट्टी का क्या करोगे?

राजकुमार ने जवाब दिया कि अभी रात हो गई है, मिट्टी में हीरा दिखेगा नहीं। इसलिए वहां की सारी मिट्टी भी कपड़े में भर ली है। महल पहुंचकर हम इस मिट्टी में से अपना हीरा खोज लेंगे।

राजा को राजकुमार की बात सही लगी। उसने कहा कि यही बात तो उस दिन तुम्हें संत ने भी कही थी। जब तुम सभी से मित्रता करोगे, तब ही तुम्हें हीरे की तरह कोई एक सच्चा मित्र मिलेगा। जो तुम्हारे साथ हमेशा रहेगा और बुरे समय में तुम्हारी मदद करेगा। राजकुमार को राजा की बात समझ आ गई। जल्दी ही महल भी पहुंच गए और अगले दिन से राजकुमार संत के पास शिक्षा ग्रहण लगा।

# रिश्तों का द्वैत : सामाजिक बंधन या व्यक्तिगत आजादी

**भारतीय समाज में विवाह को एक संस्कार माना जाता है, जिसमें दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों का मिलन होता है। पारंपरिक रूप से विवाह को सामाजिक स्थिरता, नैतिकता और पारिवारिक एकता का आधार माना गया है। विवाह के माध्यम से ना केवल संतानोत्पत्ति, बल्कि सामाजिक संरचना को बनाए रखने की कोशिश की जाती रही है। समय के साथ विवाह की परिभाषा और उद्देश्य बदलते गए हैं। आधुनिक समाज में विवाह साथी, मित्र और सहयोगी की खोज का माध्यम बन गया है।**

अमित कोहली

आज विवाह व्यक्तिगत और भावनात्मक आवश्यकताओं से जुड़ गया है। लोग अब उसे केवल सामाजिक मान्यता प्राप्त करने का माध्यम नहीं मानते, बल्कि एक साथी, मित्र और सहयोगी की खोज के रूप में देखते हैं। विवाह में दो व्यक्ति एक-दूसरे को भावनात्मक और मानसिक संबल प्रदान करते हैं। इसके अलावा, विवाह कानूनी सुरक्षा और सामाजिक स्वीकृति भी प्रदान करता है। कई अधिकार और सुविधाएँ, जैसे संपत्ति का उत्तराधिकार, चिकित्सा निर्णय लेने का अधिकार और कर लाभ विवाह के माध्यम से सुनिश्चित होते हैं। आर्थिक स्थिरता भी एक महत्वपूर्ण कारक बन गई है, क्योंकि कई लोग विवाह को एक साझेदारी के रूप में देखते हैं, जहाँ दोनों व्यक्ति मिलकर जीवन की चुनौतियों का सामना करते हैं।

आजकल विवाह के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आया है, लेकिन यह अभी भी समाज में एक महत्वपूर्ण संस्था बना हुआ है। कुछ लोग इसे एक पारंपरिक बंधन के रूप में देखते हैं, जबकि अन्य इसे एक व्यक्तिगत निर्णय मानते हैं। हाल ही में मेघालय से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। अन्देशा जताया जा रहा है कि इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या उसकी नव-विवाहित पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कर दी। हत्या का कारण पारिवारिक विवाद और विवाह में बढ़ती असहमति बताई जा रही है। पुलिस की जांच में सामने आया कि सोनम और उसके प्रेमी ने मिलकर राजा को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी।

कुछ समय पूर्व मेरठ में एक और भयावह घटना सामने आई थी, जहाँ मुस्कान नामक महिला ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या कर दी थी। सौरभ लंदन से मुस्कान का जन्मदिन मनाने आया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद मुस्कान और साहिल ने शव के 15 टुकड़े कर उसे सीमेंट से भरे ड्रम में डाल दिया। पुलिस ने जब घर में फैली दुर्गंध के कारण जांच शुरू की, तब इस अपराध का खुलासा हुआ।

'लिव-इन' संबंधों को अक्सर पारंपरिक विवाह का स्वतंत्रता और समता आधारित विकल्प माना जाता है। इसे एक ऐसी व्यवस्था के रूप में देखा जाता है, जहाँ दो व्यक्ति बिना सामाजिक और कानूनी बंधनों के साथ रह सकते हैं, एक-दूसरे को बेहतर समझ सकते हैं और अपने रिश्ते को बिना बाहरी दबाव के विकसित कर सकते हैं। 'लिव-इन' की लोकप्रियता बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। युवा वर्ग अब विवाह से पहले एक-दूसरे को समझने और रिश्ते की वास्तविकता को परखने के लिए 'लिव-इन' को प्राथमिकता दे रहा है। यह व्यवस्था उन लोगों के लिए भी आकर्षक है, जो विवाह की कानूनी और सामाजिक जटिलताओं से बचना चाहते हैं। इसके अलावा, 'लिव-इन' में सहजीवन की स्वतंत्रता होती है, जहाँ दोनों साथी बिना किसी सामाजिक दबाव के अपने रिश्ते को आगे बढ़ा सकते हैं। हालाँकि, 'लिव-इन' संबंधों को विवाह का आदर्श विकल्प मानना एक भ्रम साबित हो सकता है। हाल की घटनाओं से यह स्पष्ट हुआ है कि 'लिव-इन' में भी वही समस्याएँ उत्पन्न होती हैं, जो विवाह में देखी जाती हैं। श्रद्धा वालकर की हत्या इसका एक भयावह उदाहरण है, जहाँ उसके 'लिव-इन' पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसकी हत्या कर दी और उसके शरीर के टुकड़े कर कई दिनों तक छिपाए रखा। इसी तरह, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 23 वर्षीय समीक्षा की उसके ही 'लिव-इन' पार्टनर सतीश ने चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अन्य घटना छिंदवाड़ा में हुई, जहाँ ममता नामक महिला की उसके 'लिव-इन' पार्टनर जुंगी ने निर्मम हत्या कर दी थी।



इन घटनाओं से पता चलता है कि 'लिव-इन' संबंधों में भी भावनात्मक अस्थिरता, अधिकारों की अस्पष्टता और हिंसा की संभावना बनी रहती है। विवाह में पारिवारिक दबाव और सामाजिक अपेक्षाएँ तनाव पैदा कर सकती हैं, जबकि 'लिव-इन' में कानूनी अस्पष्टता और सामाजिक अस्वीकृति असुरक्षा को बढ़ा सकती है। जाहिर है, 'लिव-इन' भी विवाह की समस्याओं का समाधान नहीं हैं, बल्कि वे केवल एक अलग रूप में उन्हीं चुनौतियों को प्रस्तुत करते हैं। हाल के वर्षों में इन दोनों व्यवस्थाओं की असफलता और अप्रासंगिकता पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं।

विवाह, जो कभी सामाजिक स्थिरता और पारिवारिक संरचना का आधार माना जाता था, अब कई लोगों के लिए एक बंधन बन गया है। पारिवारिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ और व्यक्तिगत असंतोष विवाह को तनावपूर्ण बना देते हैं। तलाक की बढ़ती दरें और विवाह में होने वाली हिंसा इस संस्था की असफलता को उजागर करती हैं। मेरठ और इंदौर की घटनाएँ दर्शाती हैं कि विवाह में बढ़ते अविश्वास और बाहरी संबंधों के कारण हिंसा तक की नौबत आ सकती है।

दूसरी ओर, 'लिव-इन' संबंधों को विवाह का स्वतंत्र और प्रगतिशील विकल्प माना गया, लेकिन यह भी विवाह की समस्याओं से मुक्त नहीं रहा। श्रद्धा वालकर की हत्या जैसी घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि 'लिव-इन' संबंधों में भी भावनात्मक अस्थिरता, अधिकारों की अस्पष्टता और हिंसा की संभावना बनी रहती है। कानूनी सुरक्षा और सामाजिक स्वीकृति की कमी के कारण 'लिव-इन' संबंधों में असुरक्षा बढ़ती जा रही है।

विवाह और 'लिव-इन' संबंधों की असफलता ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या दो व्यक्तियों का आजीवन साथ रहने का संकल्प उचित भी है? पारंपरिक विवाह सामाजिक स्थिरता और पारिवारिक संरचना को बनाए रखने के लिए विकसित हुआ था, जबकि 'लिव-इन' संबंधों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक माना गया। लेकिन दोनों ही व्यवस्थाएँ भावनात्मक अस्थिरता, अधिकारों की अस्पष्टता और हिंसा से मुक्त नहीं रह सकीं।समाधान की दिशा में कुछ संभावित विकल्पों पर विचार किया जा सकता है। विवाह या 'लिव-इन' को स्थायी बंधन मानने के बजाय, इसे एक समझौते के रूप में देखा जाए, जहाँ दोनों पक्षों को स्वतंत्रता और सम्मान मिले। इसके अलावा, विवाह और 'लिव-इन' संबंधों में कानूनी सुरक्षा और अधिकारों की स्पष्टता बढ़ाई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की हिंसा या असुरक्षा को रोका जा सके। विवाह और 'लिव-इन' संबंधों की असफलता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि समाज संबंध के नए मॉडल की खोज करे, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और सुरक्षा को प्राथमिकता दे। (सप्रेस)

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
महिलाओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक प्रयोग करना चाहिये। पारस्परिक सम्बन्धों को दूसरों के कारण प्रभावित न होने दें।

**वृषभ**
आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एसिडिटी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में नये तरीकों को अपना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**कर्क**
पैतृक व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी। नये लक्ष्यों को निर्धारित करने और उन्हे साधने की कोशिश करेंगे। घर का वातावरण बहुत ही शान्तिपूर्ण रहेगा।

**सिंह**
शरीर में आलस्य और सुस्ती छा सकती है। परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में उलझ सकते हैं।

**कन्या**
मित्रों के माध्यम से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। सम्पत्ति के विक्रय को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

**तुला**
घर के लिये नयी वस्तुयें खरीद सकते हैं। समय का सार्थक उपयोग कर पायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी।

**वृश्चिक**
आज आप सन्तान की शिक्षा पर अधिक ध्यान देंगे। सही रणनीति के साथ कार्य करने से आपको लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
अपनी बातों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिये। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। हल्की-फुल्की बीमारियाँ आपको परेशान कर सकती हैं।

**मकर**
विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। प्रबल इच्छाशक्ति से नये कार्यों को शुरू कर सकते हैं। अधिकारी आपका उत्साहवर्धन कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**कुंभ**
परेशानियों को दोस्तों के साथ शेयर करें आपको बहुत अच्छा लगेगा। फाइनेन्स से जुड़े लोगों के लिये दिन विशेष रूप से शुभ है। खाली समय में संगीत का आनन्द उठा सकते हैं।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में योग्यता और कुशलता का परिचय देंगे। उच्च पदों पर आसीन लोगों के लिये दिन राहत भरा रहने वाला है। पूर्व में किये गये वादों पर खरे उतरेंगे।

# 'नया बिहार, नई सरकार' का आह्वान

## कुंवर सेना ने किया राजद के युवा संवाद का समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** राज्य में बदलाव की लहर को मजबूती देते हुए राष्ट्रीय कुंवर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह शक्रवार ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में जोरदार हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि जिस बिहार में युवाओं की संख्या सबसे अधिक है, वहां की सरकार बेरोजगारी फैलाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अब वक्त आ गया है कि युवाओं को आगे आना होगा और बिहार में नई सोच, नई सरकार की नींव रखनी होगी। 26 जून को पटना के बापू सभागार में राजद द्वारा आयोजित युवा छात्र संवाद कार्यक्रम का समर्थन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कुंवर सेना, राजद



की इस पहल का समर्थन करती है और हमारे संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि वे जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर एक समृद्ध, स्वाभिमानी और न्यायपूर्ण बिहार के निर्माण की सोच को साकार करें। निर्मल सिंह ने यह भी कहा कि बिहार का ऐतिहासिक वैभव फिर लौटाना है, तो इसके लिए युवाओं को निर्णायक भूमिका में आना होगा। नई सरकार के बिना नया बिहार संभव नहीं। इधर, राजद के युवा नेता रामबाबू सिंह ने मीडिया के माध्यम से आभार जताया। कहा कि ''मीडिया के माध्यम से राजद की आवाज़ जन-जन तक पहुंची है, यही बदलाव की सबसे बड़ी ताकत बनी है।'' श्री सिंह ने बताया कि भोजपुर से 1600 गाड़ियों में युवाओं का काफिला 26 जून को पटना के लिए रवाना होगा और राजधानी को युवाओं से पाट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब बस चुनाव की तारीख की घोषणा हो, भोजपुर का हर युवा तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट का सटीक इस्तेमाल करेगा। 26 जून का संवाद कार्यक्रम इस बदलाव का आईना होगा और वहीं से बिहार को उसके नए मुख्यमंत्री की झलक मिलेगी।

# ट्रांसफर को लेकर स्थिति स्पष्ट करे विभाग : गोपगुट

## शिक्षकों में स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार में एक ओर जहां श्रेणीवार शिक्षकों का स्थानांतरण हो रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानांतरण से वंचित शिक्षकों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। दिसंबर माह से ही नए स्कूल का बाट जोह रहे शिक्षकों को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने गर्मी के छुट्टियों के उपरांत नए विद्यालय में पदस्थापन का भरोसा दिया था। लेकिन विद्यालय खुलने के उपरांत भी शिक्षक स्थानांतरण को तरस गए है। पूरे प्रकरण पर स्थानांतरण से वंचित शिक्षकों के पक्ष में उतरते हुए बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट ने पत्र लिखकर विभाग से स्पष्टता की मांग की है। पत्र के माध्यम से संगठन ने विभाग के नीति प्रश्न चिह्न लगाते हुए मांग किया है कि आखिर किन शिक्षकों का स्थानांतरण किन कारणों से नहीं हो सका है विभाग इसे स्पष्ट करें। संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र एवं महासचिव ज्ञान प्रकाश ने बताया कि विभाग लगातार शिक्षकों को उकसा रही है तथा उनके धैर्य की परीक्षा ले रही है। छह माह बीत जाने के बावजूद अभी तक प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है। शिक्षकों ने तो अपर मुख्य सचिव के वक्तव्य पर भरोसा जताते हुए अपना स्म सब भी खाली कर दिया था। शिक्षकों का धैर्य अब जवाब दे रहा है तथा वह कभी फूट सकता हैं। और एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकती हैं। हम विभाग से मांग करते है कि वह स्थिति स्पष्ट करे कि आखिर कितने शिक्षकों का स्थानांतरण होगा। अथवा नहीं होगा और नहीं होगा तो क्यों नहीं होगा।

## एक नजर

### 9 जुलाई को माले करेगा सड़क जाम

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले सदर प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा भाजपा-जदयू सरकार बिहार में मजदूरों के पलायन को रोकने और रोजगार उपलब्ध करवाने में विफल रही है। गरीब भूमिहीनों को जमीन आवास रोजगार उनके बच्चों को सस्ती शिक्षा स्वास्थ्य उपलब्ध करवाने का वादा किया था। लेकिन वादा खिलाफी की गई है। कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं रह गई है। अपराध का हब बना है बिहार। खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा ने कहा भाजपा शासित राज्यों में दलित-पिछड़ों को धर्म नहीं जाति पूछकर अपमानित किया जा रहा है। मनुवादी सामंती संविधान से देश चला रही है। जो बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने कहा 9 जुलाई को मोदी सरकार के मजदूर-किसान विरोधी कानून के खिलाफ मजदूरों के आम हड़ताल को सड़क पर उतरकर सफल बनाने की अपील की। निर्णय लिए गए कि जिला सम्मेलन के पूर्व ब्रांच गठन कर लोकल और प्रखंड सम्मेलन किए जांय। बैठक में भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद, खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्मा, गजेंद्र पंडित, उपेंद्र साह, ललित यादव, रामबदन सदा, रामचंद्र साह, रंगकर्मी देवेन्द्र कुँवर, शंकर सदा शामिल थे।

### नशे की हालत में तीन गिरफ्तार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी पुलिस ने नशे की हालत में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी ने बताया कि शकरपुरा निवासी टुन्ना पासवान के पुत्र पिन्टु पासवान, चक्हमीद स्व आशिक महतो के पुत्र विपिन महतो, गोढियारी निवासी विन्देश्वरी सहनी के पुत्र रंजीत सहनी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों नशेड़ी को जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### बिजली की आंखमिचौनी से लोग त्रस्त

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी शहरी व ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बिजली की समस्या से उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के बार बार गायब हो जाने से लोगों को फजीहत झेलनी पड़ रही है। बिना सूचना का चार घंटा बिजली काट दी जाती है। बिजली विभाग का मनमानी जब कभी 2 घंटा बिजली करती है तो कभी को मंगलवार बुधवार को भी को भी यही स्थिति बनी रही। बिजली की आंखमिचौनी से लोगों के परेशानी बनी रही। बिजली मिस्त्री लाइन का मनमानी उपभोक्ताओं ने बताया कि जब पदाधिकारी से बात करते हैं तब जाकर देवन का बिजली चालू किया जाता है।

### शिक्षिका के स्थानांतरण पर विदाई

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सहनी टोल गणपतोल बीपीएससी शिक्षिका रिचा कुमारी को प्रभारी प्रधानाध्यापक अशर्फी पासवान के द्वारा रिचा कुमारी के स्थानांतरण के फल स्वरूप विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अन्य शिक्षकों के द्वारा जैसे अंकित सिंह मो. कैसर अंसारी, चंद्रजीत यादव एवं रसोईया कर्मी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा श्रीमती रिचा कुमारी को दूसरे विद्यालय के योगदान के लिए सम्मानित करते हुए भेजा गया। रिचा कुमारी सभी बच्चों से भावुक होकर उनकी आंखें नम हो गई लगभग उनको 2 साल विद्यालय में बच्चों के साथ हिल मिलकर लगन से पठन-पाठन करवाया। इनका स्थानांतरण छोटी बलिया बेगूसराय में अपने निकटतम ग्राम उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय सालेहचक हुआ।

### शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रिसियप थाना की पुलिस ने दुधार गांव में छापेमारी कर शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। धंधेबाजों की पहचान उस गांव निवासी चंदन कुमार और सूरज कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि शराब बेचे जाने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी में बारह लीटर शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भूमि विवाद में महिला से मारपीट

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमीन विवाद में गांव के ही कुछ लोगों ने एक महिला को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के बदल बिगहा की है। जहां पानी बहाने के विवाद में अकेली महिला के साथ मारपीट की। जख्मी महिला की पहचान उस गांव निवासी संजय यादव की पत्नी सोनी देवी के रूप में की गई हैं। बताया जाता है कि गांव के ही अनिल यादव के परिजनों द्वारा महिला के जमीन में पानी बहाया जाता था जिसका महिला और उसका परिवार विरोध करता था। मंगलवार की देर शाम पानी बहाने को लेकर विवाद शुरू हो गई। इसी क्रम में अनिल यादव सहित उनके अन्य परिजनों ने महिला के साथ मारपीट की। इस घटना में महिला का सिर फट गया।

# हत्या मामले में आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार तृतीय ने हत्या मामले की सुनवायी करते हुए अभियोजन साक्ष्य के आधार पर बरौनी थाना क्षेत्र के नींगा बलुआरा निवासी रामु चौधरी एवं बेबी देवी को दोषी पाया। न्यायालय ने सजा के बिन्दु पर सुनवायी करते हुए उभय पक्ष के बहस को सुनकर अभियुक्तगण को भादवि की धारा 302 में सश्रम आजीवन कारावास की सजा एवं 20 हजार अर्थदंड की सजा एवं धारा 120बी में आजीवन कारावास एवं धारा 307 में सात साल की सजा एवं 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा एवं धारा 341 में 1 महीना एवं 447 में 3 महीना की सजा सुनायी। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक दिलीप कुमार ने 7 गवाहों की गवाही करवायी जिन्होंने घटना का पूर्णतः समर्थन किया। अभियुक्तगण पर आरोप है की 24 अगस्त 2020 को 9 बजे रात्रि में सुचिका अपने घर में बैठी थी। तभी रामू चौधरी, राजा कुमार, ऋषि कुमार एवं बेबी देवी एक राय होकर अपने अपने हाथ में खंती, बांस एवं रड लेकर आए और गाली गलौज करने लगे एवं जान मारने की नियत से मंतोष चौधरी को खंती, रॉड से मारकर जख्मी कर दिया जिसका इलाज के दौरान मौत हो गयी। रास्ता को लेकर विवाद के कारण यह घटना घटित हुआ। अभियुक्तगण के विरुद्ध मृतक मंतोष चौधरी की पत्नी सुचिका लक्ष्मी देवी ने बरौनी थाना काण्ड संख्या 323/2020 दर्ज करवायी थी।

# कोर्ट ने दी हत्या अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार सिंह ने हत्या के एक मामले की सुनवायी करते हुए अभियोजन साक्ष्य के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चेरिया बरियारपुर निवासी राम रसिक सिंह के पुत्र राजेश सिंह उर्फ नागा एवं मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदिरी महाजी निवासी दशरथ सिंह के पुत्र देवेंद्र सिंह को दोषी पाया। न्यायालय ने सजा के बिन्दु पर दोनों पक्षो के बहस को सुनकर अभियुक्तगण को भादवि की धारा 302 में सश्रम आजीवन कारावास एवं 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनायी। अर्थदंड



की राशि जमा नही करने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने 6 गवाहों की गवाही करवायी। सभी गवाहों ने घटना के समर्थन में गवाही दिया। अभियुक्तों पर आरोप है कि 12 जुलाई 2019 को समय करीब 9 बजे दिन में अभियुक्त देवेंद्र सिंह सूचक वीरेंद्र सिंह के खेत का आरी तोड़कर ज्यादा खेत जोतने लगा। सूचक एवं सूचक का भाई सुरेंद्र सिंह मना किया तो दोनों के बीच बहस हुई एवं अभियुक्त देवेंद्र सिंह ने धमकी दिया कि तुम लोगों को दो घंटे के अन्दर बता देंगे। जब रात को सूचक एवं उसके भाई मवेशी को खिलाकर सो रहे गए तो आधी रात को एक गोली की आवाज पर सूचक उठा। मृतक सुरेंद्र सिंह ने कहा की मुझे अभियुक्त देवेंद्र सिंह ने गोली मार दी एवं अन्य अभियुक्त पिस्तौल के साथ थे। अभियुक्तगण के विरुद्ध मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदिरी नकटी निवासी सूचक वीरेंद्र सिंह ने मटिहानी थाना काण्ड संख्या 108/2019 दर्ज करवायी थी।

# मैराथन दौड़ का मुख्य उद्देश्य शारीरिक दक्षता परीक्षण : एमके वर्मा

## अभाविप ने खेलो बखरी प्रतियोगिता के चौथे सीजन का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बखरी में अभाविप द्वारा खेलो बखरी सीजन 4 प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में युवाओं ने प्रतियोगिता में शिरकत कर दौड़ लगायी। प्रतियोगिता की शुरूआत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर की गई, जिसके बाद अनुमंडल चौक से छात्र-छात्राओं ने दौड़ लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर आरएसएस के जिला संचालक मनोरंजन कुमार वर्मा ने बताया कि मैराथन दौड़ का मुख्य उद्देश्य शारीरिक दक्षता का परीक्षण करना। प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है जो कि छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। फिटनेस को बढ़ावा देना, युवाओं और युवतियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। खेलकूद के क्षेत्र में हमारा बखरी आगे बढ़े इसके लिए ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर होना चाहिए। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए युवाओं को दौड़, व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनना होगा। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में आज ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाएं उभर कर सामने आ रही है। बखरी थाना के सब इंस्पेक्टर हरेंद्र राम ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा तभी युवा आगे चल कर अच्छी नौकरियां प्राप्त कर सकेंगे। प्रतियोगिता को लेकर छात्र काफी उत्साहित है। बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशुतोष, द्वितीय सिंटू, तृतीय गौरव कुमार जबकि बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कोमल यादव, द्वितीय मोनिका कुमारी, तृतीय दीपाश कुमारी ने हासिल किया। मौके पर नगर अध्यक्ष अशोक प्रियदर्शी, नगर मंत्री रविंद्र कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष कुमार पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस सिंह परमार, पूर्व नगर मंत्री अनुभव आनंद, विकास मेहता, रोहित केसरी, केशव सिन्हा, आदित्य गुप्ता, मणिरत्नम, ब्रजेश, बिट्टू, अनिल, दीपक, सूरज, सुमित, अंकित, सूरज, हरेकिशुन, गोविन्द, रंजीत, अजीत, गौरव, सुमित, नवजोत सहित दर्जनों की संख्या में युवा मौजूद थे।

# प्रखंड के तीन पंचायतों में खुलेंगे स्वास्थ्य उपकेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के तीन पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र खुलेगें। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि आमलोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु लोगों का स्वास्थ्य उपकेंद्र खोलने की मांग की जा रही थी। इसके तहत हसनपुर बागर पंचायत के नाथ बागर, डफरपुर पंचायत के वृंदावन तथा पहसारा पश्चिमी पंचायत के नया टोला में स्वास्थ्य उपकेंद्र खुलेगें। हसनपुर बागर पंचायत भवन में, वृंदावन दुर्गा स्थान के निकट तथा नया टोला के नये भवन में यह उपकेंद्र संचालित होगा। इस स्वास्थ्य उपकेंद्र पर पूर्व से पदस्थापित एएनएम सप्ताह में एक दिन ओपीडी संचालित कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवा उपलब्ध कराने की योजना है। इसके अतिरिक्त रजाकपुर तथा समसा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र संचालित करने की योजना है। इसके संचालित हो जाने से लोगों को अपने आसपास ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

# तीन दशक पुराने जमीन विवाद में दो अभियुक्तों को पांच साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के तृतीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश आनंदिता सिंह ने दाउदनगर थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए जीवित बचे दो अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी परशुराम सिंह ने कहा कि अभियुक्त थाना क्षेत्र के महारानी बिगहा निवासी दीपन यादव एवं जीतन यादव को पांच साल की सजा और 20 हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास होगी। वहीं एक अन्य धारा में दो साल की सजा सुनाई गई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि हत्या के प्रयास मामले में अभियुक्तों को 20 जून को दोषी ठहराया गया था। दो अन्य आरोप गठित अभियुक्त नन्हकू यादव एवं सोमर यादव की अभियोजन काल में मृत्यु हो गई है। प्राथमिकी सूचक महारानी बिगहा निवासी पांचू यादव ने 29.10.94 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया था कि मेरे जमीन के सामने सरकारी जमीन पर अभियुक्तों द्वारा मकान बनाया जा रहा था जिसमें मेरे पिता शिवदेनी यादव मना करने गए तो हत्या प्रयास के नियत से धड़ पकड़ कर लाठी से मारकर बुरी तरह से ज़ख्मी कर दिया। अभियुक्तों पर 20 मार्च को आरोप का गठन किया गया था।

# समस्त संसार मानता है सूर्य जगत की आत्मा : स्वामी चिदात्मन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** सिद्धाश्रम सिमरियाधाम में गोविंद हरे गोपाल हरे जय घोष के साथ रथ यात्रा के साथ पूज्य गुरूदेव स्वामी चिदात्मन महाराज के सानिध्य में भक्तों की टोली पूरे सिमरिया धाम क्षेत्र का परिक्रमा करते हुए द्वादश कुंभ स्नान बनाने के लिए राम जानकी घाट पहुंचे। जहां वेद समस्त ज्ञान विज्ञान के मूल उत्स है। श्री राम राज्य में वैदिक संपदाओं के कारण किसी प्रकार का भय नहीं था। वेद में सूर्य चंद्र और गुरु का महत्व अति विशिष्ट है। इसलिए एक राशि प्रयोग में प्रकृति में अति विशिष्ट आ जाती है। जल जीवन का आधार है। जो विशेष अमृत तत्व को प्राप्त करता



है। स्वामी कहते हैं तत्वदर्शियों से लेकर विद्वान नेताओं तक सभी एक स्वर से स्वीकार करते हैं कि सूर्य ही जगत की आत्मा है। सूर्य से ही ब्रह्मांड उत्सर्जित है। भारत का इतिहास अरबों वर्ष प्राचीन है। मंत्र, तीर्थ, देव, द्विज संतों में भावना का ही प्रधानता है। शास्त्र के अनुसार 12 राशियों पर सूर्य एक-एक महीना रहते हैं। जिसे शौर्य मांस यानी की संक्रांति कहते हैं। और चंद्रमा का समय लगभग ढाई दिनों तक रहता है। बृहस्पति प्रत्येक राशि पर एक वर्ष रहते हैं। जब एक ही राशि पर इन तीनों का योग होता है। तो वह शास्त्र अनुसार कुंभ योग कहलाता है। यह प्रत्येक 12 वर्षो के बाद इस राशि पर पहुंचता है। जिनमें आज चार जगह का कुंभ मेला विख्यात है। हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन, नासिक, इसलिए जो लोग आज के कुंभ योग में जगन्नाथ धाम में स्नान नहीं बना सके वह श्रद्धालु किसी कारण बस जगन्नाथ पुरी नहीं पहुंच सके। वह द्वादश नाम से प्रसिद्ध मिथिला में द्वादश कुमार बनाकर जीवन सफल बना। मौके पर उपस्थित गुरुदेव के सानिध्य में रविंद्र ब्रह्मचारी दिनेश प्रसाद सिंह मीडिया प्रभारी नीलमणि नवीन सिंह डक्टर घनश्याम झा डक्टर विजय झा सत्यानंद तरुण कुमार विपिन कुमार आचार्य नारायण झा पंडित रमेश झा राम झा श्याम झा लक्ष्मण झा संजय सिंह पवन कुमार निपेनदर सिंह, पप्पू त्यागी गौरी शंकर सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# अभियुक्त को गिरफ्तारी से पहले बताना होगा कारण, तैयार करना होगा अरेस्ट मेमो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता ने आज़ एक केस की सुनवाई करते हुए देव थाना के आइओ को कहा कि किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान अरेस्ट मेमो का प्रयोग आवश्यक है, नहीं तो गिरफ्तारी अवैध हो सकता है। अरेस्ट मेमो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के समय कारण की जानकारी देना आवश्यक है। यह जानकारी उसके परिवार को भी देना आवश्यक है। अरेस्ट मेमो में व्यक्ति का नाम, पता, गिरफ्तारी का समय, तिथि, गिरफ्तारी का कारण, गवाहों का हस्ताक्षर, बरामदगी एवं गिरफ्तार व्यक्ति का हस्ताक्षर होता है। इसके साथ ही गिरफ्तार व्यक्ति को उसका अधिकार बताया जाता है। इसका उद्देश्य गिरफ्तारी को वैध बनाना, मनमानी गिरफ्तारी या हिरासत रोकना है। केस के आइओ को इसका जिक्र केस डायरी में करने के साथ साक्ष्य में उपयोग में लाना है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरबिंद केजरीवाल को इडी ने गिरफ्तारी के समय अरेस्ट मेमो पढ़कर सुनाया था। इसका पालन सभी जगह करना चाहिए। इसका जिक्र हमें सीआरपीसी की धारा-41 बी और बीएनएसएस की धारा-47 में मिलता है।

# विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जुलाई 2025 को आधार मानते हुए निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण तथा मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण से संबंधित दिशा निर्देश को साझा करने हेतु बुधवार को समाहरणालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय द्वारा की गई, जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक चर्चा की गई।बैठक में



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जो 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक संचालित होगी। इस अवधि में सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर पूर्व प्री-फिल्ड एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण, पुनः प्राप्ति, मार्गदर्शन तथा अपलोडिंग का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। इसी क्रम में मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण की प्रक्रिया पर भी विस्तृत विमर्श किया गया, जिसमें प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अधिकतम 1,200 मतदाताओं के मानक को सुनिश्चित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके तहत 100% भौतिक सत्यापन, ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन, दावों और आपत्तियों की प्राप्ति तथा अंतिम प्रस्ताव को आयोग के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाना शामिल है। इस दौरान महत्वपूर्ण तिथियों एवं कार्यक्रमों को साझा करते हुए बताया गया कि 25-26 जून को मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, वहीं 30 जून तक ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन एवं राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। 01 अगस्त को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा तथा 30 सितम्बर तक अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान बैठक में शामिल सभी दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शी, सहभागी और समावेशी हो, यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बनाने के लिए सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया है। बुधवार को आयोजित इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सिस्ट, जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट लिबरेशन, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस की पूर्व संध्या पर उप विकास आयुक्त ने जिलेवासियों को किया जागरूक

## नशे की लत से बचने की दी गई सलाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 26 जून को प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के पूर्व संध्या पर बुधवार को जहानाबाद जिले के उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति ने जिले वासियों को नशा मुक्ति का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा मानव जीवन के लिए ही सिर्फ हानि नहीं है बल्कि इसके दुष्प्रभाव से समाज और राष्ट्र को भी नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि राज्य में



शराबबंदी और मध निषेध कानून लागू है, ऐसे में कई युवा नशे के दूसरे साधनों का उपयोग करने लगते हैं। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले वासियों को जिला प्रशासन की ओर से अपील करते हुए कहा कि नशे के लत से बचें। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशीली दवाओं और दूसरे नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने लिए जन भागीदारी की जरूरत है। उन्होंने बताया कि नशीली दवाएं और ड्रग्स के सेवन करने वाले सामाजिक तानेबाने को तोड़ सकते हैं तथा इससे नशे के लत वाले लोगों को नैतिक पतन, गरीबी तथा बीमारी के दलदल में धकेल सकते हैं। उन्होंने नशा संबंधी आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमारे देश में 18 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के नशा करते हैं जो एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने अंत में कहा कि आप सभी जिला प्रशासन के साथ नशा निरोधक मुहिम में सहभागी बने तथा नशे को ना और जीवन को हां कहें।

# कांग्रेस ने कुचला संविधान, आपातकाल लोकतंत्र पर था हमला : मंगल पांडे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान को कुचलकर सत्ता की लालसा में लोकतंत्र की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बिना कैबिनेट की स्वीकृति के आपातकाल लागू कर देश को तानाशाही के अंधेरे में धकेल दिया। बुधवार को डीएमसीएच ऑडिटोरियम, दरभंगा में आयोजित सेमिनार में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज उस काले अध्याय को याद करना जरूरी है ताकि फिर कभी कोई दल सत्ता के लिए देश के लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान न पहुंचा सके। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन ने ही लोकतंत्र को जीवित रखा, और अगर जयप्रकाश नारायण उस दौर में नहीं होते, तो देश में लोकतंत्र शायद बचता नहीं। उन्होंने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जेपी के आंदोलन से निकले लालू अब उसी कांग्रेस के साथ खड़े हैं जिसने जेपी को जेल में डाल कर अपमानित किया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी जेपी आंदोलन की उपज हैं, जिन्होंने न सिर्फ सरकार, बल्कि व्यवस्था बदलने का कार्य किया। हमारा लक्ष्य सत्ता नहीं, व्यवस्था परिवर्तन है, उन्होंने जोर देकर कहा। मंत्री मंगल पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी जी सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रहे हैं। मिथिलांचल को मखाना उत्पादन के लिए विशेष पहचान दी गई है और मखाना बोर्ड की स्थापना इसी सोच का हिस्सा है।सेमिनार को भू-राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल की यातनाओं के सबसे बड़े गवाह जेपी सेनानी हैं, जिन्हें आज मंच पर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान को रौंदकर सत्ता चलाई और अब वही पार्टी संविधान की दुहाई देती फिर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने की। मौके पर हायाघाट विधायक रामचंद्र प्रसाद, जेपी सेनानी अरुण पाठक, सवर्ण आयोग के सदस्य जयकृष्ण झा, लोजपा अध्यक्ष देवेंद्र झा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष गोपाल मंडल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन शांडिल्य, वरिष्ठ भाजपा नेता मदन यादव, प्रकाश चंद्र मिश्र पप्पू, लक्ष्मण झा और कन्हैया चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एलएनएमयू में फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई की राह हुई आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) में फॉरेंसिक विज्ञान शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के एडवांस्ड रिसर्च सेंटर और आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अनलॉकिंग द फ्यूचरः फिजिबिलिटी ऑफ फॉरेंसिक साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन जन्तुविज्ञान विभाग के सम्मेलन हॉल में हुआ, जहां फॉरेंसिक साइंस की शिक्षा और इसके कार्यान्वयन की संभावनाओं पर गहन मंथन हुआ। इस अवसर पर पूर्व डीजीपी (गुजरात) डॉ. केशव कुमार, फॉरेंसिक गुरु फरीदाबाद के सीईओ समीर दत्त, एनएसआईटी के वाइस प्रेसिडेंट धर्मेश भाई वंद्रा और शेरलॉक इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के सीईओ रंजीत सिंह ने विषय से संबंधित अपने विशेषज्ञ विचार साझा किए। सभी विशेषज्ञों ने एलएनएमयू के शैक्षणिक परिवेश और संरचनात्मक सुविधा को फॉरेंसिक साइंस के पाठ्यक्रम के लिए उपयुक्त बताया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप साइबर फॉरेंसिक, मोबाइल फॉरेंसिक, बैलिस्टिक्स, डीएनए विश्लेषण जैसे कौशल आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की शुरुआत पर सहमति बनी। इस अवसर पर राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद और राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण परिषद से मान्यता प्राप्त अल्पकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर विशेषज्ञों ने सहयोग का आश्वासन दिया। कुलपति प्रो. संजय चौधरी ने अपने संबोधन में विशेषज्ञों के बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार प्रकट किया और विश्वविद्यालय में स्थायी शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ आउटसोर्सिंग की आवश्यकता पर बल दिया।

## एक नजर

### तैलिक साहु सभा के जिला कमिटी का गठन

**तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** पूर्वी चंपारण तैलिक साहू सभा के संगठन विस्तार करते हुए जिला कमिटी का गठन किया गया है। उक्त जानकारी तैलिक साहु सभा के जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने देते हुए बताया कि गोपालजी प्रसाद व शिवशंकर प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है वही नवलकिशोर प्रसाद को महामंत्री, कुंवर प्रसाद साह को कोषाध्यक्ष, शैलेन्द्र कुमार गुप्ता व लखींद्र साह को सहायक मंत्री, ललन प्रसाद को अंकेक्षक बनया गया है। ललन प्रसाद आजाद, ओमनारायण प्रसाद, रमेश प्रसाद, जटाशंकर प्रसाद, दीपलाल प्रसाद, शिववचन साह, सुमन कुमार, शंभू प्रसाद को कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने बताया कि दुसरे चरण का भी संगठन विस्तार शीघ्र किया जाएगा।

### नगर पंचायत चुनाव हेतु बनाए गए 29 बूथ

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** नगर पंचायत चुनाव हेतु 29 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें से म वि बालक पकड़ीदयाल को आदर्श बूथ बनाया गया है वहीं एक बूथ को पिंक बूथ बनाया गया है। जहां सभी मतदान कर्मी महिला होगी। निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ अविनाश कुमार ने बताया कि चुनाव हर हाल में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण होगा। प्रत्येक बूथ पर पी फोर्स एवं सेक्टर पदाधिकारी,जोनल दंडाधिकारी,सुपर जोनल दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं किसी भी समस्या को त्वरित निष्पादन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।जिसका नं 06259 -283428 है। निर्वाची पदाधिकारी श्री कुमार ने मतदाताओं से बढ़ चढ़ कर मतदान करने को कहा है। विदित हो कि नगर पंचायत का चुनाव 28 जून को है और मतगणना तीस जून को है। मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे से श्री राम अयोध्या सिंह उच्च विद्यालय बड़कागांव में किया जाएगा।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोहन प्रसाद उर्फ कक्कू जी के निधन पर जहानाबाद में दौड़ी शोक की लहर

**जहानाबाद/नबिटा ब्यूरो।** जिले में बुधवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध व्यवसायी सोहन प्रसाद उर्फ कक्कू का अचानक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि स्नान के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल जहानाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके असामयिक निधन की खबर से जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई है। धर्म, समाज और राजनीति में समान रूप से सक्रिय थे कक्कू जी। कक्कू जी न केवल भाजपा के एक समर्पित नेता थे, बल्कि वह एक सफल व्यवसायी और समाजसेवी के रूप में भी जाने जाते थे। जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, वर्तमान विधायक सुदय यादव, पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार समेत जिले के सभी प्रमुख नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि सोहन प्रसाद जी एक समाजसेवी, कर्मठ नेता और हर कार्य में सबसे आगे रहने वाले जिंदा दिल इंसान थे।

### जन सुराज पार्टी ने बिहार में बदलाव का दिया संदेश

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** कल्याणपुर प्रखंड के वृंदावन पंचायत स्थित नरदरवा राजकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय, बाबू टोला के प्रांगण में बुधवार को जन सुराज पार्टी द्वारा सही लोग, सही सोच, सामूहिक प्रयास - बिहार बदलाव जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राधेश्याम यादव ने की, जबकि संचालन संजय कुमार मेहता ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कल्याणपुर विधानसभा के संभावित प्रत्याशी सुबोध कुमार तिवारी ने कहा कि जनता ही मेरा परिवार है। बिहार को बदलने की जरूरत है जहां युवाओं को रोजगार, बुजुर्गों को सम्मान, और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। सभा में प्रदेश महासचिव नंद किशोर प्रसाद कुशवाहा, प्रमंडल सदस्य राम शरण यादव, मोनिका शर्मा, प्रभात सिंह, मुकेश सिंह, अजीत सिंह सहित कई नेताओं ने संबोधन दिया।

### राकेश यादव बने रोगी कल्याण समिति के सदस्य

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** राज्य सरकार द्वारा गठित रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय में पूर्वी चंपारण जिले से भाजपा नेता राकेश कुमार यादव को सदस्य नामित किया गया है। यह जानकारी बुधवार को जारी की गई सूची के माध्यम से मिली। राकेश यादव गोढ़िया हराज गांव निवासी हैं और भाजपा संगठन जिला ढाका के जिला महामंत्री भी हैं। उनके मनोनयन पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी। श्री यादव ने कहा कि समिति का उद्देश्य उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और जन भागीदारी के साथ टिकाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता, भाजपा नेता नीरज गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, गांधी यादव, मिथलेश यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

### चाकूबाजी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के कचहरिया बरवा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट व चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान नंदकिशोर कुमार और चंदन कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि इस घटना में नुरशैद मियां के पुत्र रिजवान को चाकू से गंभीर रूप से घायल किया गया था, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

# लूट के मामले में त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के चिलोरी गांव के समीप हथियार का भय दिखा कर अपराधियो ने भारत फाइनेंस कम्पनी के कलेक्शन एजेंट से 55 हजार रूप की लूट की घटना को अंजाम दिया है। फाइनेंसियल कम्पनी के एजेंट विक्रांत कुमार ने बताया कि वे गांव से पैसा कलेक्शन कर लौट रहे थे। तभी चिलोरी गांव के समीप दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उनकी मोटरसाइकिल रुकवा कर हथियार का भय दिखा कर 55 हज़ार रुपये लूट लिया साथ ही इस दौरान आई कार्ड एवं कुछ अन्य दस्तावेज भी उनसे छीन लिया गया। इस सम्बंध में एसडीपीओ ने बताया कि लूट की सूचना पाकर जिले के सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें शकुराबाद थाना क्षेत्र में तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगो मे शकुराबाद थाना क्षेत्र के पाण्डेचक गांव निवासी शशि कुमार, एवं सुमन कुमार तथा टेहटा थाना क्षेत्र के सेरथुआ गांव निवासी नन्दलाल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# आपातकाल लोकतंत्र पर काला धब्बा : अनुराग ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने 1975 में लगे आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र पर एक ऐसा काला धब्बा बताया जिसे देश कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नेहरू-गांधी परिवार के इशारे पर संविधान को कुचलते हुए रातों-रात आपातकाल लागू किया था, जो तानाशाही का सबसे बड़ा उदाहरण है। वे मंगलवार को मोतिहारी शहर के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि, उस दौर में प्रेस की स्वतंत्रता खत्म कर दी गई, 1.40 लाख से अधिक विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया और संविधान की गरिमा को रौंदा गया।

ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का हाल आज बिना पानी की मछली जैसा है, जो सत्ता के लिए तड़प रही है। राहुल गांधी संविधान को जेब में रखकर चल रहे हैं, जबकि उनकी दादी इंदिरा गांधी उसे ताक पर रखकर चलती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू ने सबसे पहले संविधान को कुचलने की शुरुआत की थी और कांग्रेस 70 वर्षों तक सत्ता में रहकर अब संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रही है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ जयप्रकाश नारायण ने आवाज बुलंद की थी, जिसमें नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव जैसे नेता शामिल थे। लेकिन आज लालू यादव जेपी के समाजवाद का मजाक बनाकर कांग्रेस की गोद में बैठे हैं और बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को दरकिनार कर रहे हैं।




# जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरा कोठी में कक्षा 6 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा कोठी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 29 जुलाई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी सह विद्यालय अध्यक्ष सौरभ जोरवाल एवं विद्यालय की प्राचार्या सुष्मिता सिंह ने बताया कि 80 सीटों पर प्रवेश के लिए योग्य छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। प्राचार्या ने बताया कि पूर्वी चंपारण जिले के सभी पात्र छात्र-छात्राएं इस प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यालय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है या मोबाइल नंबर 9471005168 पर संपर्क किया जा सकता है। नवोदय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा की व्यवस्था होती है और यह प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क एवं मेरिट आधारित होता है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय रहते आवेदन कर बच्चों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में पहल करें।



# जल संरक्षण में पूर्वी चंपारण ने रचा कीर्तिमान, देश में मिला दूसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास करते हुए पूर्वी चंपारण जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर एक बार फिर पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है। जिले द्वारा करीब 9,000 जल संरक्षण योजनाओं की प्रविष्टि जल शक्ति अभियान और जेसेए सीटीआर पोर्टल पर की गई है।

इस उपलब्धि की जानकारी उप विकास आयुक्त (डीडीसी) डॉ. प्रदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गुजरात के बांसकांठा जिले ने 11,000 योजनाओं की प्रविष्टि कर पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि पूर्वी चंपारण दूसरे पायदान पर है। वहीं, मुजफ्फरपुर ने मात्र 650 योजनाएं और पश्चिमी चंपारण ने अब तक कोई भी योजना पोर्टल पर अपलोड नहीं की है।

डीडीसी ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़े सोख्ता, तालाब, पईन, आहर जैसे परंपरागत स्रोतों सहित कई योजनाओं को कैंप लगाकर मात्र पांच दिनों में पोर्टल पर अपलोड किया गया। यह कार्य राजेन्द्र भवन में आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से संपन्न हुआ, जहां डाटा ऑपरेटरों को लॉगिन पासवर्ड उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. कुमार ने कहा कि इस समर्पित प्रयास के चलते जिले को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिलने की प्रबल संभावना है। पुरस्कार के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख रुपये की राशि भी प्रदान की जा सकती है। यह पुरस्कार वर्ष 2024-25 के कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर दिया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्वी चंपारण को इससे पहले भी पूर्व जिलाधिकारी एस.के. अशोक के कार्यकाल में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुका है। डीडीसी ने इस सफलता का श्रेय जिलेवासियों, सभी संबंधित विभागों और समर्पित टीम को दिया है। उन्होंने कहा कि आगे भी जिले में जल संरक्षण और संवर्द्धन से जुड़े कार्यों को और गति दी जाएगी, जिससे पूर्वी चंपारण सतत रूप से राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाए रखे।



# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय और आईसीडब्ल्यूए के बीच शैक्षणिक सहयोग हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयूबी), मोतिहारी और इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफ़ेयर्स (आईसीडब्ल्यूए), नई दिल्ली के बीच अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भारतीय विदेश नीति के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू 25 जून 2025 को आईसीडब्ल्यूए के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान एमजीसीयूबी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव और आईसीडब्ल्यूए की कार्यकारी महानिदेशक सुश्री नूतन कपूर महावर द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मामलों और विदेश नीति से संबंधित विषयों पर संयुक्त रूप से संगोष्ठियों, सेमिनारों, शोध परियोजनाओं और संवादात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। साथ ही, एमजीसीयूबी के विद्यार्थियों को आईसीडब्ल्यूए में इंटर्नशिप के अवसर भी मिलेंगे, जिससे उन्हें विदेश नीति और थिंक टैंक रिसर्च के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय की वैश्विक सहभागिता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे छात्रों को विश्व मामलों के विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलेगा और उनके करियर की संभावनाएं व्यापक होंगी वहीं, आईसीडब्ल्यूए की कार्यकारी महानिदेशक सुश्री नूतन कपूर महावर ने कहा, ल्हम एमजीसीयूबी के साथ मिलकर ऐसा अकादमिक वातावरण निर्मित करना चाहते हैं जो विदेश नीति और वैश्विक विषयों पर विमर्श को प्रोत्साहित करे तथा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक हो।

# मतदाता सूची में सुधार को लेकर दरभंगा डीएम की पहल - योग्य मतदाता छूटे नहीं, अयोग्य जुड़ें नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर दरभंगा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम कौशल कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अयोग्य व्यक्ति सूची में शामिल न हो। मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना जरूरी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का तबादला नहीं किया जाएगा और वे मतदाता सूची के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि बिहार में पिछली बार गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। तब से लेकर अब तक शहरीकरण, प्रवासन, नई उम्र सीमा पूरी करने वाले युवा, मृत्यु का अद्यतन न होना और अवैध विदेशी नागरिकों के नाम दर्ज होना जैसी स्थितियों ने मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है। इसलिए इस बार यह गहन पुनरीक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने तथा सुधार की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा। डीएम कौशल कुमार ने सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि सशक्त और निष्पक्ष मतदान के लिए शुद्ध मतदाता सूची पहली शर्त है।



## आज पहुंचेंगी राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर एक दिवसीय दौरे पर आज जहानाबाद पहुंचेंगी। इस दौरान उनका जिला में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर पर वे जिला प्रशासन के साथ बैठक कर महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के साथ उनके एक विशेष वार्ता का आयोजन किया गया है, जो अपराह्न 01:00 बजे से समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन, जहानाबाद में आयोजित होगी।महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद विजया रहाड़कर जी का जहानाबाद जिले में यह पहला दौरा होगा।

# लोजपा नेत्री इंदु कश्यप ने दूसरे दिन भी जहानाबाद में चलाया जन संपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा इस माह के 29 तारीख को राजगृह में आयोजित होने वाले बहुजन भीम संकल्प समागम को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में लोजपा नेत्री डॉ इंदु कश्यप ने लगातार दूसरे दिन जहानाबाद जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को इस समागम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

इस दौरान लोजपा की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ इंदु कश्यप ने कहा कि हमारे नेता चिराग पासवान बहुजन समाज के उत्थान और प्रगति के लिए समागम का आयोजन राजगीर में आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को चिराग पासवान के विचारों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं।लोजपा नेत्री ने कहा कि समागम न केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम है, बल्कि यह बिहार की राजनीति की दशा और दिशा तय करेगा। इंदु कश्यप ने बताया कि यह बिहार में बहुजन समाज का अबतक का सबसे बड़ा समागम होगा, जिसे इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिख जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता पंचायत स्तर तक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में हम सभी जुटे हुए हैं। उन्होंने उम्मीद जताया कि यह समागम अविस्मरणीय और अकल्पनीय होगी। यह समागम आने वाले दिनों में बिहार की राजनीतिक दशा और दिशा तय करने में महत्वपूर्ण होगी।

लोजपा नेत्री इंदु कश्यप ने लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि लोजपा कार्यकर्ता बूथ से लेकर पंचायत स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाकर 29 जून के समागम को सफल बनाएं और चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें। बुधवार को लोजपा नेत्री डॉ इंदु कश्यप ने लगातार दूसरे दिन जहानाबाद जिले के कई गांवों का दौरा किया।



# समान ग्रेड पे और वेतन की मांग को लेकर जहानाबाद में बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की जिला शाखा जहानाबाद द्वारा जोरदार आवाज बुलंद करते हुए धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में निम्न वर्गीय लिपिक शामिल हुए। कर्मचारियों ने राज्य सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए समान ग्रेड पे और वेतनमान की मांग की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना था कि पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी और निम्न वर्गीय लिपिक सभी एक ही परीक्षा से चयनित होकर सेवा में आए हैं, फिर भी तीनों वर्गों के साथ भिन्न व्यवहार किया जा रहा है। जहां पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी को अधिक ग्रेड पे (2800) दिया गया है, वहीं निम्न वर्गीय लिपिकों को इससे कम ग्रेड पे दिया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

**राज्य स्तरीय लिपिक संवर्ग के प्रस्ताव का विरोध**

कर्मचारियों ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्य स्तरीय लिपिक संवर्ग बनाने की योजना का भी विरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे जिला स्तर पर कार्यरत कर्मियों की स्वायत्तता और सेवा शर्तों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। संघ का कहना है कि बिना कर्मचारियों की सहमति के इस प्रकार के निर्णय कर्मचारियों के हित में नहीं हैं।संघ ने ऐलान किया है कि सभी कर्मचारी 25 जून से तीन दिनों तक काले बिल्ले लगाकर कार्य करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद आंदोलन का तीसरा चरण 28 जून को होगा, जब कर्मचारी जिला पदाधिकारी के माध्यम से राज्य के मुख्य सचिव को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भेजेंगे।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जारी की जिलों की रैंकिंग

# राज्यस्तरीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर औरंगाबाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा जून माह में जारी की गई, राजस्व कार्यों पर आधारित जिला स्तरीय रैंकिंग में औरंगाबाद ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन का परिचय दिया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के कुशल नेतृत्व, प्रभावी निगरानी एवं सतत मार्गदर्शन में औरंगाबाद जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस रैंकिंग का निर्धारण विभिन्न प्रमुख राजस्व मापदंडों जैसे कि दाखिल-खारिज निपटान की गति, लगान वसूली, भूमि परिक्रमा (सीमांकन), डिजिटल रजिस्टर-I का अद्यतन, भू-लेखों का डिजिटाइजेशन, भूमि विवादों के निष्पादन, ई-लाभार्थी योजनाओं का क्रियान्वयन, एवं ऑनलाइन सेवाओं की दक्षता के आधार पर किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में औरंगाबाद जिला ने निरंतर प्रगति की है और अपने कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और जनहितैषी ढंग से संपादित किया है। इस सफलता के पीछे जिलाधिकारी द्वारा की गई निरंतर समीक्षात्मक बैठकें, प्रतिदिन के लक्ष्यों की मॉनिटरिंग, अधिकारियों की जवाबदेही तय करना, एवं फील्ड विजिट जैसी व्यवस्थाओं की बड़ी भूमिका रही है। जिला प्रशासन ने न सिर्फ राजस्व से जुड़े कार्यों को तेज किया, बल्कि इनसे जुड़ी जन समस्याओं का त्वरित निवारण करते हुए आम जनता का भरोसा भी मजबूत किया है। इस रैंकिंग में स्थान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि जिले में भूमि एवं राजस्व सुधार संबंधित कार्यों को पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ लिया जा रहा है। जिले में ई-म्यूटेशन, ऑनलाइन लगान भुगतान, प्रमाण-पत्र निर्गमन, एवं भू-अर्जन कार्यों को भी गति प्रदान की गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिले के सभी अंचलाधिकारियों, राजस्व कर्मचारियों, आईटी सहायकों एवं भूमि सुधार संबंधी कार्यों में संलग्न सभी कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग जिले के मेहनती कर्मियों की लगन का परिणाम है। हमें इसी ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए अगले महीनों में और बेहतर प्रदर्शन कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करना है। हमारा उद्देश्य सिर्फ रैंकिंग नहीं, बल्कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सेवा देना है। उल्लेखनीय है कि औरंगाबाद जिला पहले भी कई बार प्रशासनिक क्षेत्रों में राज्य स्तर पर सम्मानित होता रहा है, और यह नवीनतम रैंकिंग इस श्रृंखला में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ती है।

## निखिल बने रफीगंज युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जनता दल यूनाइटेड की युवा इकाई में संगठनात्मक विस्तार के क्रम में निखिल कुमार सिंह को रफीगंज प्रखंड युवा जदयू का अध्यक्ष और रंजन कुमार चंद्रवंशी को युवा जदयू का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, युवा जदयू के जिला अध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी एवं पूर्व युवा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष निखिल कुमार सिंह और जिला उपाध्यक्ष रंजन कुमार चंद्रवंशी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। निखिल व रंजन ने विशेष रूप से अशोक कुमार सिंह, कौशल चंद्रवंशी, अनिल मेहता सहित शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एनएच-139 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**ओबरा (औरंगाबाद)।** बुधवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का भव्य स्वागत किया। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री विभूति नारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पमालाओं से सम्मानित किया। शाहनवाज हुसैन पटना से औरंगाबाद में आयोजित पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस अवसर पर सड़क दुर्घटना रोकथाम ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने एनएच-139 के चौड़ीकरण की मांग को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि रजहारा (झारखंड) से औरंगाबाद, अरवल होते हुए पटना तक जानेवाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर भारी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन होता है। मार्ग की चौड़ाई सीमित होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। ट्रस्ट के सदस्यों ने इस जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। उन्होंने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यक संरचनात्मक सुधार, सड़क संकेत, स्पीड ब्रेकर एवं चौड़ीकरण जैसे उपायों को लागू कराने की अपील की। इस मौके पर पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, सहजानंद कुमार डिक्कू, आनंद विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, विकास कुमार, गौरव दूबे, संजय कुमार, नीरज कुमार, प्रकाश कुमार, राजा और सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ट्रस्ट की बातों को गंभीरता से लेते हुए समस्या को उच्च स्तर तक पहुंचाने और यथासंभव समाधान का भरोसा दिलाया।

# भूमि अधिग्रहण में जमीन किसी और का मुआवजा किसी अन्य को मिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित ज़मीन का मुआवजा कुटुंबा प्रखंड के मंझौली गांव निवासी अभय सिंह को मिलने वाला था, लेकिन उनके 26 डिसमिल जमीन का मुआवजा राशि 10 लाख रूपये किसी और व्यक्ति को दी गई। पीड़ित किसान अभय सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जमीन के लिए उसे 10 लाख रुपए की मुआवजा राशि मिलनी थी, लेकिन राशि किसी दूसरे के बैंक अकाउंट में डाल दी गई। इस संबध में उन्होंने डीएम को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने आरोप लगाया है कि अधिकारियों और कर्मियों की मिली भगत से उसकी जमीन का मुआवजा लगभग 10 लाख रूपये सिंघना गांव निवासी रवि रंजन सिंह को दे दिया गया है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी औरंगाबाद ने 7 मई 2024 को अभय सिंह के नाम नोटिस जारी किया। उन्हें 22 मई 2024 तक कागजात जमा कर मुआवजा लेने का निर्देश दिया गया। अभय सिंह ने बताया कि वे अपने जमीन के कागजात लेकर अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश के पास गए थे। उन्होंने सभी दस्तावेज जमा किए। लेकिन मुआवजा नहीं मिला। अधिकारी बार-बार नए कागजात मांगते रहे और आश्वासन देते रहे कि मुआवजा मिल जाएगा। जब वे अंतिम बार अंचलाधिकारी से मिलने गए तो बताया गया कि उनकी जमीन का मुआवजा सिंघना गांव के रविरंजन सिंह को दे दिया गया है। अभय सिंह ने आरोप लगाया कि जिला भू-अर्जन पदाधिकारी औरंगाबाद, अंचलाधिकारी अम्बा और अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत से यह मुआवजा गलत व्यक्ति को दे दिया गया। उन्होंने मांग की है कि उनकी जमीन का मुआवजा रविरंजन सिंह से वसूल कर उन्हें दिलाया जाए। इस संबंध में अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने बताया कि उसकी भूमि सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। कुछ दिनों पूर्व भू अर्जन के अमीन द्वारा जमीन की नापी कराई गई थी। अमीन द्वारा जिन-जिन किसानों का नापी रसीद कार्यालय को सौंपा गया उन किसानों को मुआवजा का भुगतान किया गया है या मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में है। लेकिन किसान अभय सिंह का नापी रसीद अमीन द्वारा कार्यालय को नहीं सौंपा गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अनुसूचित जाति टोलों में लगा विशेष शिविर 396 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के धुसरी पंचायत अंतर्गत करण विगहा, महमद्पुर, पीरु के रसुलपुर, डिण्डीर, तथा पुरहारा के किसुनपुर में बुधवार को अनुसूचित जाति टोलों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। 'आपका द्वार पहुंचे सरकार' कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति-जनजाति समुदाय को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करना रहा। शिविर में 22 विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 467 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें जाति प्रमाण पत्र, आवासीय, आय, जन्म प्रमाण पत्र सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल थे। इनमें से 396 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जबकि शेष 71 आवेदनों को जांच उपरांत निष्पादित किया जाएगा। शिविर में बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, बीपीआरओ वीरेन्द्र कुमार चौधरी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर में बनाए गए प्रमाण पत्रों को आवेदकों के बीच वितरण किया। बीडीओ चौधरी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ उनके द्वार पर ही मिले और उन्हें ब्लॉक कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

# ट्रांसफर के बाद स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की भारी कमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**ओबरा (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य बीपीएससी प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार ने शिक्षकों के स्थानांतरण में रैंडमाइजेशन पद्धति अपनाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक बताते हुए कहा कि इससे राज्य के हजारों विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की भारी कमी हो गई है। अजीत कुमार ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों से स्वैच्छिक विकल्प मांगे गए थे, लेकिन जब स्थानांतरण रैंडमाइजेशन प्रणाली से किया गया, तो इसके चौंकाने वाले और अव्यवस्थित परिणाम सामने आए। कई विद्यालयों में एक ही विषय के एक से अधिक शिक्षक भेज दिए गए, जबकि कई विद्यालय ऐसे भी रह गए जहां उस विषय का एक भी शिक्षक नहीं बचा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति शिक्षण कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न कर रही है। शिक्षा विभाग द्वारा पहले की गई पोस्टिंग प्रक्रिया जल्दबाजी में लिया गया निर्णय था, जिससे वर्तमान में अफरा-तफरी का माहौल बना है। प्रदेश अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि जब शिक्षकों से स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिए आवेदन मांगे गए थे, तो यह सुनिश्चित क्यों नहीं किया गया कि जिस विद्यालय से शिक्षक स्थानांतरित हो रहे हैं, वहाँ उनके स्थान पर विकल्प उपलब्ध हो। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों में पहले से शिक्षक कार्यरत हैं, वहाँ अतिरिक्त शिक्षक भेज देना भी तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि इससे संसाधनों का असंतुलन पैदा होता है। अजीत कुमार ने शिक्षा विभाग से आग्रह किया कि वह इस पर गंभीर आत्ममंथन करे और जल्द से जल्द सुधारात्मक निर्णय ले, ताकि शिक्षण व्यवस्था में हो रहे व्यवधान को दूर किया जा सके और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# एसडीपीओ कुमार ऋषिराज को मिला विदाई सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** दाउदनगर-हसपुरा के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज के स्थानांतरण पर स्थानीय साहित्यकारों और पत्रकारों ने उन्हें ससम्मान विदाई दी। यह भावभीनी विदाई उनके सरकारी आवास पर आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में दी गई, जिसमें उन्हें पुस्तकें, अंगवस्त्र, डायरी, कलम एवं अन्य स्मृति-चिह्न भेंट किए गए। विदाई समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल', साहित्यकार व पत्रकार शंभू शरण सत्यार्थी, पत्रकार प्रेम कुमार सिंह एवं समाजसेवी कृष्णा कुमार यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साहित्यकारों ने कहा कि कुमार ऋषिराज न केवल एक कुशल एवं अनुशासित पुलिस पदाधिकारी हैं, बल्कि एक संवेदनशील, मृदुभाषी, मिलनसार और साहित्यिक रुचियों से युक्त व्यक्तित्व भी हैं। उन्होंने कहा कि ऋषिराज की कार्यशैली इतनी प्रभावशाली रही कि उनके स्थानांतरण से एक शून्यता सी महसूस हो रही है। व्यस्त पुलिस सेवा में रहते हुए भी वे साहित्य और पठन-पाठन के प्रति समर्पित रहे, उनकी लेखनी में आमजन की पीड़ा झलकती है। इस अवसर पर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने भावुक होते हुए कहा कि दाउदनगर-हसपुरा क्षेत्र के लोग अत्यंत शांत, व्यवहारिक और सहयोगी हैं। यहां कार्य करना मेरे लिए व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही दृष्टि से सुखद अनुभव रहा। तीन वर्ष का यह कार्यकाल कब बीत गया, पता ही नहीं चला। इस क्षेत्र के कुछ ऐसे लोग हैं, जिनकी स्मृति मेरे साथ हमेशा बनी रहेगी, चाहे मैं कहीं भी रहूं। स्थानांतरण के इस मौके पर भावनात्मक माहौल के बीच विदाई देने वालों ने उन्हें नई जगह पर और भी उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दी।

# प्रेम-प्रसंग में हुई युवक की हत्या, पत्नी निकली साजिशकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** बंदेया थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव के समीप सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थिति में मिले युवक की लाश के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। मृतक युवक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के लाला अमौना गांव निवासी बिक्कू कुमार के रूप में हुई थी। जांच में सामने आया कि युवक की हत्या उसकी पत्नी पूजा देवी ने अपने प्रेमी कमलेश यादव के साथ मिलकर साजिशन की थी। थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि पूजा देवी का रफीगंज के करमा मसूद गांव निवासी कमलेश यादव से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। पुलिस के अनुसार, 21 जून की सुबह मृतक अपनी पत्नी के साथ दवा लाने गया था। शाम को दोनों गोह बस स्टैंड पर पहुंचे, जहां पत्नी के कहने पर वे घोंटा स्थित मौसी के घर जाने के लिए निकले। रास्ते में पहले से साजिश के तहत मौजूद कमलेश यादव ने सुनसान इलाके में उन्हें रोका। झिकटिया गांव के पास तीनों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आरोपी ने लात-घूंसे से युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया और फिर स्कॉर्पियो वाहन से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित महिला को उसके ससुराल पहुंचाकर स्वयं फरार हो गया।

## रैली में शामिल होने के लिए चलाया गया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 29 जून को गयाजी जिले के गांधी मैदान में राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली आयोजित की गई है। इसमें शामिल होने के लिए नबीनगर प्रखंड के ग्राम कसौटियां, पांडेय कर्मा, बड़की सलैया, साया परसा, अंबा, धमनी, केरका खदहा में प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पु पांडेय की अध्यक्षता में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं पार्टी की तरफ से औरंगाबाद जिला प्रभारी जंगबहादुर सिंह कुशवाहा, जिलाध्यक्ष रोहतास कपिल मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष परीखा सिंह, प्रदेश महासचिव जयलेंद्र कुशवाहा, प्रदेश सचिव बनारसी कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष निर्भय पासवान, जिला सचिव नीतीश कुशवाहा ने सभी लोगों से आग्रह किया है कि आप जरूर गयाजी रैली में चले।

# 1840 लीटर कच्चा स्प्रिट पिकअप के साथ बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने शराब निर्माण के लिए लाया जा रहा भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट और बोलेरो पिकअप वाहन को बहादुरपुर नहर के समीप जब्त किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की देर रात करीब एक बजे की गई। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बड़ी मात्रा में कच्चा स्प्रिट बाहर से लाकर जाखिम की ओर ले जाया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई आकाश कुमार, ध्रुव कुमार, विनोद कुमार, राजीव कुमार तथा राम अवधेश सिंह और मुक्ति देव निराला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और बहादुरपुर नहर के पास घेराबंदी की गई। पुलिस को वहां एक गड्ढेनुमा स्थान पर खड़ी एक बोलेरो पिकअप संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। तलाशी लेने पर वाहन से तीन बड़े व दो छोटे साउंड बॉक्स में छिपाकर रखे गए नीले रंग के 46 गैलन बरामद किए गए, जिनमें प्रत्येक गैलन में 40 लीटर कच्चा स्प्रिट पाया गया। इस प्रकार कुल 1840 लीटर कच्चा स्प्रिट जब्त किया गया। पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी वाहन छोड़कर फरार हो गए। बरामद सामग्री को थाना लाया गया है और बोलेरो पिकअप के मालिक एवं चालक के खिलाफ रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह स्प्रिट अवैध शराब निर्माण के लिए ले जाया जा रहा था। वाहन और स्प्रिट के मालिकों की पहचान की जा रही है। दोषियों की पहचान के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# औरंगाबाद में लोक समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन 30 जून को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर-दलीय राष्ट्रीय जन संगठन लोक समिति का 48वां स्थापना दिवस इस वर्ष 30 जून को भव्य राष्ट्रीय सम्मेलन के रूप में मनाया जाएगा। यह सम्मेलन औरंगाबाद शहर के पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन (पुरानी जी.टी. रोड) स्थित सभागार में आयोजित होगा। इसको लेकर सोमवार को समिति के पदाधिकारियों की एक तैयारी बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला लोक समिति अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आज़ाद ने कहा कि लोक समिति स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण की दूरदृष्टि का प्रतीक है, जिसकी स्थापना 30 जून 1977 को हुई थी। सम्मेलन को सफल एवं आकर्षक बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर स्वागत समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार संतोष को स्वागताध्यक्ष, अजय कुमार श्रीवास्तव को कार्यक्रम संयोजक, नीलम रानी को महिला लोक समिति का जिला संयोजक तथा लवलेश कुमार यादव सहित सात अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सदस्य मनोनीत किया गया। प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने जानकारी दी कि सम्मेलन में बिहार सहित देशभर से 100 से अधिक महिला-पुरुष प्रतिनिधियों के भाग लेने की पुष्टि हो चुकी है। दूरदराज से आने वाले प्रतिनिधियों के ठहरने की व्यवस्था 29 जून से ही सम्मेलन स्थल पर की गई है। सम्मेलन में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। फिलहाल आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं और सभी पदाधिकारी तन-मन-धन से जुटे हुए हैं।

# पर्यावरण प्रेमी राजेश ने स्टेशन मास्टर को दी पुस्तक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के पर्यावरण प्रेमी राजेश शौंडिक ने अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर उमेश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन मास्टर को पुस्तक भेंट की। आपको बता दें कि राजेश शौंडिक पर्यावरण प्रेमी हैं और उन्होंने अब तक 400 से अधिक पेड़ जिले में लगाए हैं। वे गायत्री एवं पतंजलि परिवार से भी जुड़े हुए हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं [**वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा** के अधिकार क्षेत्र के लिए] आमंत्रित की जाती हैं: **एनआईटी संख्या: 90_2025-26, दिनांक: 23.06.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी कार्यस्थल पर अभियंता के अनुदेश के अनुसार टेलर के इस्तेमाल के लिए आवश्यक रेल, स्विच, क्रॉसिंग आदि जैसी सभी प्रकार की पी.वे सामग्रियों तथा ईआरसी, बोल्ट्स एवं नट्स, बेयरिंग प्लेट तथा अन्य पी.वे सामग्रियां भी तथा ट्रक के इस्तेमाल के लिए आवश्यक कन्वेयर बेल्ट्स, कटर, चेन्स, वियर प्लेट, फिटर्स, वाल्वस, सिलिंडर्स, बैटरीज, पम्पस, मोटर्स आदि जैसे ट्रैक मशीन कलपुर्जों का परिवहन सहित यांत्रिक लदायी, उतारना एवं इकट्ठा करना, अलग करना आदि सहित 30 मी. की दूरी के अंदर मल्टीपल ट्रैक्स की सभी लीड, उठाना, क्रॉसिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 4,04,54,805। **बयाना राशि:** ₹ 3,52,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 09 (नौ) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-160/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: ईएनजीजी-03/25-26 (खुली), दिनांक: 20.06.2025।** मुख्य कार्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा दिनांक 01.07.2025 से 30.06.2026 तक की जोनल अवधि के लिए मंडल नगर अभियंता/कांचरापाड़ा वर्कशॉप के अधीन सम्पादित किये जाने वाले मरम्मत/रखरखाव कार्य हेतु निम्नलिखित आंचलिक कार्यों के लिए विगत दिनों में खास तौर पर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई या किसी भी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में समरूप प्रकृति के कार्य को सम्पादित करने का पर्याप्त अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले सम्माननीय ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिये जोनल ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-03-जोन-01-25-26। कार्यों का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/पूर्व/कांचरापाड़ा के अधीन इंस्टिट्यूट एवं ईंटखोला कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, सेमेन्ट्री एरिया एवं बाबू ब्लॉक कॉलोनी, कांचरापाड़ा रेलवे अस्पताल, कांचरापाड़ा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्टेडियम), हॉस्पिटल कॉलोनी, एसटीसी तथा आरपीएफ बैरक सहित फोरमैन कॉलोनी में सेवा एवं आवासीय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी के कार्य, सड़क कार्य (स्वच्छता एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर)। (i) सीएच. 17 एवं 18 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2021-संस्करण-2 के सभी चैप्टर। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,00,000। **क्रम संख्या:** 2; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-04-जोन-2-25-26। कार्यों का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/पश्चिम/कांचरापाड़ा के अधीन डांगापाड़ा कॉलोनी, सिटी बाज़ार, स्टोर ब्लॉक, भूतबाग़ान कॉलोनी, एचएलआर कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी एवं आमबागान कॉलोनी के अधिकार क्षेत्र में सेवा एवं आवासीय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी के कार्य, सड़क कार्य (स्वच्छता एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर)। (i) सीएच. 17 एवं 18 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2021-संस्करण-2 के सभी चैप्टर। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,00,000। **क्रम संख्या:** 3; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-05-जोन-3-25-26। कार्यों का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/कांचरापाड़ा के अधीन लोको शॉप कॉम्प्लेक्स एवं केपीए स्टोर के अंदर सभी क्षेत्रों, लोको शॉप में सेवा एवं कार्यालय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी के कार्य, सड़क कार्य (स्वच्छता एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर)। (i) सीएच. 17 एवं 18 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2021-संस्करण-2 के सभी चैप्टर। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,00,000। **क्रम संख्या:** 4; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-06-जोन-4-25-26। कार्यों का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/कांचरापाड़ा के अधीन कैरेज शॉप, कैरेज कॉम्प्लेक्स के अंदर सभी क्षेत्रों, एचएलआर स्टोर में सेवा एवं कार्यालय भवनों के लिए साधारण मरम्मत, वाइट वाशिंग, कलर वाशिंग, लकड़ी के कार्य, सड़क कार्य (स्वच्छता एवं प्लम्बिंग कार्यों को छोड़कर)। (i) सीएच. 17 एवं 18 को छोड़कर सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2021-संस्करण-2 के सभी चैप्टर। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,00,000। **क्रम संख्या:** 5; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-07-जोन-5-25-26। कार्यों का विवरण:** एसएसई/डब्ल्यू/डब्ल्यूएस/कांचरापाड़ा के अधीन जोन संख्या 1 से 4 का स्वच्छता एवं प्लम्बिंग कार्य सहित ओल्ड एवं न्यू फ़िल्टर हाउस, रिवर साइड पंप हाउस में सेवा भवनों के लिए सम्पूर्ण प्लम्बिंग एवं स्वच्छता कार्य। (i) सीपीडब्ल्यूडी डीएसआर 2021-संस्करण-2 में स्वच्छता एवं प्लम्बिंग कार्य। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 80,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,60,000। **क्रम संख्या:** 6; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-08-जोन-6-25-26। कार्यों का विवरण:** एटीई/कांचरापाड़ा के अधीन सीडब्ल्यूएम बंगलो, ऑफिसर्स क्लब, ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, स्टेशन ट्राईएंगुलर गार्डन, आरएमपी स्कूल के सामने ट्राईएंगुलर गार्डन में बगीचे, लैंडस्केप, वनीकरण का रखरखाव (डीएसआर बागवानी एवं लैंडस्केपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 10,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 20,000। **क्रम संख्या:** 7; **निविदा संख्या: डब्ल्यूटी-09-जोन-7-25-26। कार्यों का विवरण:** एटीई/कांचरापाड़ा के अधीन कांचरापाड़ा वर्कशॉप में लोको और सी एंड डब्ल्यू कॉम्प्लेक्स के अंदर बगीचे, लैंडस्केप, वनीकरण का रखरखाव (डीएसआर बागवानी एवं लैंडस्केपिंग-2020 के सभी चैप्टर)। **जोनल कार्यों का अनुमानित कुल मूल्य:** ₹ 10,00,000। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 20,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय):** शून्य (सभी निविदाओं के लिए)। **कार्य संपादन की अवधि:** 30.06.2026 (सभी निविदाओं के लिए)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को दोपहर 2.30 बजे (सभी निविदाओं के लिए)। कार्य का दायरा सिर्फ सांकेतिक है। तथापि, विवरण भारतीय रेल ई-निविदा साइट (आईआरईपीएस) अर्थात **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। प्रत्येक ई-निविदा के तहत ऊपर उल्लिखित अनुसार निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये ही स्वीकार की जाएगी अथवा एक भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से लिए गए बैंक गारंटी बॉण्ड के रूप जमा की जा सकती है। बैंक गारंटी बॉण्ड निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक-XI के अनुसार होना चाहिए। कोई भी अन्य प्रणाली स्वीकार नहीं की जाएगी। द्रष्टव्य : निविदा दस्तावेज की कीमत तथा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) तथा डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **विज्ञापन की अवधि :** समय जिसके दौरान निविदा से सम्बंधित सभी सूचनाएं उपलब्ध होंगी लेकिन प्रस्ताव जमा नहीं किये जा सकेंगे। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि :** निविदा खुलने से पहले 15 दिन, जिसके दौरान निविदादाता अपने प्रस्ताव जमा कर सकेंगे। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे (सभी निविदाओं के लिए) तथा नेट की उपलब्धता एवं खोलने वाले कार्मिक की मौजूदगी में निविदा **उसी दिन दोपहर 2.30 बजे के बाद किसी भी समय** खोली जाएगी।

(MISC-103/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter**

# 'बदलो सरकार बदलो बिहार' अभियान के तहत पुनपुन के पूरैनिया व नीमा में जनसभा

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को मिलेगी 1500-3000 पेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भाकपा माले का बदलो सरकार बदलो बिहार अभियान के तहत 18 से 27 जून तक होने वाले बदलों बिहार यात्रा का कारवा बुधवार को पुनपुन के पूरैनिया व नीमा में सभा सम्पन्न हुई। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य जयप्रकाश पासवान ने की जबकि पूरैनिया की सभा को स्थानीय विधायक गोपाल रविदास, अरवल विधायक महानंद सिंह, पालीगंज विधायक कामरेड संदीप सौरभ ने संबोधित किया। वहीं नीमा में सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के




काराकाट सांसद राजा राम सिंह ने कहा कि बिहार में 20 सालों से सरकार चल रही है उसने बिहार को पूरी तरह से बदनाम कर दिया है, यहां सुशासन और विकास के नाम पर लुटेरे माफियाओं दंगाइयों और अपराधियों की सरकार चल रही है। नीतीश सरकार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1000 करने में 20 साल लग गए, वहीं जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पेंशन 1500 से लेकर 3000 करेंगे। महिलाओं के माइक्रो फाइनेंस में सारे कर्ज माफ होंगे और हर महिला को 2500 रुपये प्रति माह मिलेगा। राज्य के विभिन्न आयोगों में नेताओं के रिश्तेदारों की नियुक्ति को लेकर नीतीश सरकार को जवाब देना होगा। इस मौके पर भाकपा माले के पोलित ब्युरो सदस्य सह पटना जिला सचिव कामरेड अमर रीता बर्फवाला, माधुरी गुप्ता, वंदना सिंह, आशा देवी, सतनारायण प्रसाद, श्रीकांत दास, पप्पू शर्मा, सत्यानंद पासवान, कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष लोग शामिल रहे।

# आधे घंटे की झमाझम बारिश से मेन रोड बनी झील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मानसून की रुक-रुक कर हो रही बारिश से बुधवार को मसौढ़ी मेंन रोड की सडकें झील में तब्दील हो गई है। महज आधे घंटे की भी बारिश में सड़कों पर डेढ़ फीट तक पानी भर आया है। जिससे न केवल पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानियों को सामना करना पड़ा, बल्कि वाहन चालकों को भी कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ी है। दरअसल बताया जाता है कि मेंन रोड में के थाना रोड में अवध अस्पताल के पास में सड़के काफी नीची है और यहां पर पानी निकासी का कोई साधन नहीं है ऐसे में जब भी बारिश होती है तो पूरी सड़के झील में तब्दील हो जाती है और जल जमाव हो जाता है। जल जमाव के कारण आवाजाही करने में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर के मेन रोड में जल जमाव होने से और पानी निकासी का साधन नहीं होने से यह शहर के साफ सफाई पर सवाल उठता है, कि आखिर मसौढ़ी शहर की मेंन रोड में लगने वाले जल जमाव से कैसे निजात पाया जाए। आसपास के लोगों ने बताया यहां पर पानी निकासी का कोई साधन नहीं है हालांकि बगल में नाली को बनाया गया है,बावजूद पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से जलजमाव की स्थिति बन गई है।

## एक नजर

### राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लालू प्रसाद यादव की 13वीं बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला परीषद सदस्य रहे राम उचित चौधरी ने लालू प्रसाद यादव को उनकी नेतृत्व क्षमता और पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा की है और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वापसी से राजद की मजबूती और भी बढ़ गई है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में एकजुट होकर काम करेंगे।

### फरार आरोपित के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपनी साली डिंपल कुमारी के हत्याकांड में फरार आरोपी शत्रुघ्न सिंह उर्फ धर्मेंद्र के घर पर नसिरनाचक में इश्तेहार साटकर जल्द सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ थाना क्षेत्र के दमड़ीचक के पास राधेश्याम नगर मुहल्ले में एक घर में डिंपल कुमारी पिता लाल बाबू यादव पैगंबरपुर काको जहानाबाद का शव बरामद की गई थी। बताया जाता है की 30 अप्रैल को बिहटा में इसकी शादी होने वाली थी। इसके हाथों में मेहंदी रचने से पहले ही इसे मौत की नींद सुला दी गई है। मृतक की मां ज्ञानती देवी के बयान पर अपने दामाद शत्रुघ्न उर्फ डीएम पिता महेंद्र प्रसाद नसीरनाचक पर हत्या का केस दर्ज कराया गया था।

### पति और ससुर के खिलाफ दिया आवेदन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरांट गांव में एक विवाहिता शिकांती देवी ने अपने पति संदीप कुमार उर्फ राजा बाबू और अपने ससुर रामाशंकर पसवान के खिलाफ मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई है कि बीते 24 जून को रात्रि में 9:00 बजे खाना खाकर बैठे थे तो हमारे पति संदीप कुमार बेल्ट निकालकर बेरहमी से पिटाई कर अधमरा कर दिया है। वहीं ससुर रामाशंकर पासवान ने कहा कि से जान से मार दो हम दूसरी शादी करा देंगे। बराबर हमसे मारपीट कर अभद्र व्यवहार करते हैं और घर में नहीं रहने देते हैं। हमारी शादी वर्ष 2016 में हुई थी। दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। लगातार मारपीट कर भागने की कोशिश करते हैं। बहरहाल पति और ससुर पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### डायन का आरोप लगाकर मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा मोहल्ले में एक महिला ने डायन का आरोप लगाकर मारपीट करने और जलाने का आरोप लगाते हुए मसौढ़ी थाने में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन देकर गुहार लगाई हैं। दरअसल सोनकुकरा गांव के रहने वाली गायत्री देवी उम्र 40 वर्ष पति प्रहलाद राम ने अपने ही गांव के पांच लोगों पर केस दर्ज कराया है, पीड़ित गायत्री देवी ने बताया की मेरे घर पर पांच लोग चढ़कर आए और गाली गलोज कर मारपीट करने लगे और हाथ पकड़ कर घसीट कर ले जाने लगे और जहाँ पहले से पुआल और पेट्रोल एक जगह रखा हुआ था किसी तरह से जान बचाकर भागे हैं। थाने में लिखित आवेदन देकर 5 लोगों पर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। जिसमें सोनकुकरा गांव के डब्लू पासवान, रंजन पासवान, मंटू पासवान, पिंटू पासवान, मनोहर पासवान आदि को नामजद अभियुक्त बनाया गया हैं।फिलहाल पुलिस विभिन्न बिंदु पर जांच में जुटी है।

# लालू प्रसाद के 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लालू प्रसाद यादव की 13वीं बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला परीषद सदस्य रहे राम उचित चौधरी ने लालू प्रसाद यादव को उनकी नेतृत्व क्षमता और पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में पार्टी ने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के हितों की रक्षा की है और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वापसी से राजद की मजबूती और भी बढ़ गई है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में एकजुट होकर काम करेंगे और पार्टी के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। मसौढी विधायक रेखा देवी, उपेंद्र यादव, धनरूआ प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, मसौढी प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित, ब्रजनंदन सहाय, टनटन यादव, मनोज मुखिया, योगेंद्र चंद्रवंशी, समेत कई लोगों हर्ष व्यक्त किया है।

# स्नान के दौरान डूबने से युवक की मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर गंगा में नहाने के दौरान डूबे युवक का शव बुधवार को बरामद किया गया है. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया है. मृतक का अभी तक शिनाख्त नही हुआ है। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि मंगलवार को फक्कर महतो घाट पर गंगा नदी में स्नान करने के दौरान युवक डूब गया था. बुधवार को एसडीआरएफ टीम ने काफी प्रयास के बाद डूबे हुए युवक का शव बरामद किया गया है।

# धनरूआ में आशंकित बाढ़ को लेकर बैठक

## धनरूआ की आठ पंचायत होती हैं बाढ़ से प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** धनरूआ में संभावित बाढ़ को देखते हुए बुधवार को स्वर्ण जयंती भवन में विधायक रेखा देवी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आहूत की गई, इस बैठक में सभी पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने की। मौके पर प्रखंड प्रमुख बबीता देवी, उप प्रमुख प्रेम कुमार के अलावा सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति शामिल रहे। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों से गुजारिश की गई है की अपने-अपने पंचायतों में तटबंध दुरुस्त करने, बाढ़ राहत आदि की सूची तैयार करने में पदाधिकारीयों की मदद करे। वही विधायक रेखा देवी ने धनरूआ के कई पंचायत में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारी के बारे में चर्चा की। बहरहाल बाढ़ से प्रभावित धनरूआ के आठ पंचायतों तकरीबन 60 हजार परिवार प्रभावित होते हैं। जिसकी तैयारी को लेकर सभी तटबंधो की मरमती और कटावरोधी कार्य, बैग पिचिंग कार्य किये जायेगें। गौरतलब है की धनरूआ के 19 पंचायत में से 8 पंचायत बाढ़ से प्रभावित होते हैं जिसमें ज्यादातर भखरी, गंज जलालपुर, वीर, सिमहाडी,, इमलिया पिपरावां, बहरामपुर,आदि पंचायत हैं। जहां पर बाढ़ से ज्यादा प्रभावित होते हैं। मौके पर नदवां मुखिया शंकर कुमार, छाती मुखिया किशोरी बिंद, बारिबिगहा मुखिया बबलू कुमार, के अलावा पंचायत समितियों में मंजू देवी, नीतीश कुमार, धर्मशिला देवी, सुरेंद्र यादव समेत पूर्व मुखिया उपेंद्र यादव समेत अन्य पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति शामिल रहे हैं।

# ऑनलाइन नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** अनुमंडल में करीब 6 महीने से ऑनलाइन नौकरी का फॉर्म भरने के बाद साक्षात्कार पर बुलाने के दौरान फॉर्म भरने वाले लोगों से जबरन एटीएम कार्ड मोबाइल और आधार कार्ड छीनकर अपराधियों के द्वारा अवैध रूप जबरन पैसे की निकासी करने के साथ-साथ मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का बुधवार के दिन बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार ने पर्दाफाश कर दिया। एएसपी बाढ़ -01 ने घटना को लेकर एनटीपीसी थाना प्रभारी ललित विजय के नेतृत्व में टीम गठित किया जिसमें बाढ़ थाना के दरोगा रवि रंजन कुमार, अजहर अंसारी और अंकित कुमार के साथ-साथ एनटीपीसी थाना के दारोगा कुश कुमार और राजीव कुमार को अनुसंधान की जिम्मेदारी सौंप



मामले में गिरोह का मुख्य सरगना अमित कुमार पुलिस की रडार में आ गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त अमित कुमार ने सारे अपराध भी कबूल कर लिए उसके साथ-साथ उसके सहयोगी अमर कुमार, अंकुल कुमार भी अचुवाड़ा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अनुमंडल थाना क्षेत्र के भदौर थाना क्षेत्र में 29 नवंबर 2024 को पहली घटना को अंजाम दिया था। जिसमें पिंटू कुमार नालंदा निवासी के साथ ठगी करते हुए 335000 जबरन ले लिए थे। वहीं दूसरी घटना बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में घटित हुई जिसमें विशाल कुमार गोड्डा निवासी के साथ क्राइम करने वाले लोगों ने करीब 1 लाख जबरन उसके अकाउंट से निकाल लिए। वहीं 29 फरवरी 2025 को पंडारक के थाना क्षेत्र में देवव्रत कुमार भागलपुर निवासी के साथ भी घटना को अंजाम दिया गया जिसमें 335000 मारपीट कर साइबर क्राइम के सहारे ले लिए गए। जबकि बाढ़ थाना क्षेत्र में 7/05/2025 को रवि कुमार जमालपुर निवासी एवं शिव शंकर कुमार पटना निवासी के साथ भी घटना को अंजाम देते हुए 80000 ले लिए गए। जबकि 24 /05/25 को भंदौर थाना क्षेत्र में फिर रवि रंजन कुमार सिंह वैशाली निवासी से 25 हजार रुपए नगद और डेढ़ लाख रुपए विभिन्न माध्यम से पैसे की निकासी कर लिए गए। घटना को लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अनुसंधान के बाद तीनों को जेल भेजा गया।

# पाटलिपुत्र स्टेशन के किनारे अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** हाईकोर्ट के आदेश के आलोक बाद डीएम के आदेश पर चौथे दिन बुधवार को नप व नगर निगम प्रशासन ने पाटलिपुत्र स्टेशन के किनारे व रूपसपुर नहर किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। दंडाधिकारी के देखरेख में रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र जंक्शन के किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से किये गये अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर से ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों ने विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। अतिक्रमणकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि मात्र 165 भूमिहीनों के बीच पर्चा बांटे गये है. जबकि वर्षो से भूमिहीनों परिवार पाटलिपुत्र स्टेशन किनारे व रूपसपुर नहर किनारे झोपडी बनाकर अपने परिवार के साथ जीवन यापन करते है. इसके बाद भी भूमिहीनों के बीच पर्चा का वितरण नही किया गया है। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में डीएम व एसडीओ के निर्देश पर परिषद व नगर निगम प्रशासन ने रूपसपुर नहर किनारे और पाटलिपुत्र स्टेशन किनारे अतिक्रमणकारियों को मुक्त कराया गया है. मौके पर सीओ चंदन कुमार, नगर निगम के अधिकारी, नगर प्रबंधक ब्रजेश सिंह व सफाई निरीक्षक संजय कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल थे।

## पेज 1 का शेष

### मगध विश्वविद्यालय देगा...

पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत में देवी-देवताओं की मूर्तियां भी चीन से बनकर आ रही है तो यह बेहद दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय मेक इन इंडिया योजना के साथ-साथ नई शिक्षा नीति के तहत स्थानीय विधाओं को आगे ले जा रहा है और लोगों को रोजगार के साधन मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के पारंपरिक खाद्य और हस्तशिल्प उत्पाद जैसे सिलाव का खाजा, अनरसा, गया के तिलकूट, टिकुली कला, मूर्तिकला आदि में असीम संभावनाएं हैं लेकिन इन्हें एक सशक्त मार्केटिंग मंच और तकनीकी सहयोग की आवश्यकता है। हमारा प्रयास है कि इन उत्पादों को संरक्षित कर इन्हें वैश्विक बाज़ार तक पहुंचाया जाए।

### पत्नी की हत्या...

विवाद और बढ़ गया तथा बुधवार की अहले सुबह पति सुगंध कुमार ने पहले अपनी पत्नी पूनम देवी की गोली मारकर हत्या कर दी व स्वयं को भी गोली मार लिया। हालांकि पति सुगंध कुमार यादव की जान बच गई है। फिलहाल उसका गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार दोनों की शादी 12 वर्ष पूर्व हुई थी और इन्हें दो पुत्र और एक पुत्री भी है। ग्रामीणों की सूचना पर सरांव गांव पहुंचे बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सुगंध कुमार यादव का गंभीर स्थिति में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घर से अवैध दोनाली देसी बंदूक के साथ तीन खोखा तथा एक कारतूस बरामद किया है। डीएसपी ने कहा कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# कादिरगंज के दौलतपुर ईंट भट्ठे पर मारपीट व फायरिंग, एक खोखा जब्त, छह नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढी।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के समीप एक ईंट भट्टे पर मारपीट और फायरिंग करने की घटना प्रकाश में आया है। इस मामले में ईंट भट्टा संचालक ओमकार प्रसाद पिता किशोर प्रसाद कोल्हाचक ने बालापुर गांव के रहने वाले 6 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें सुनील अनिल जितेंद्र प्रसाद समेत 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मौके पर घटना स्थव से पुलिस ने एक खोखा को भी बरामद किया है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि बीते 23 जून की शाम को गाड़ी को पास करने के दौरान दो लोग आपस में लड़ गए थे जिसमें अनिल कुमार एवं अन्य एक व्यक्ति के द्वारा घटना हुई थी, इसी के आलोक में बदला लेने के लिए 24 जून को दौलतपुर स्थित ओमकार प्रसाद के ईट भट्टे पर जाकर उसे मारपीट करते हुए दहशत बनाने के लिए फायरिंग की थी। इसी आलोक में कादिरगंज थाने में ओमकार प्रसाद ने 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# नप मुख्य पार्षद ने किया वाटर एटीएम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

दानापुर. नगर परिषद की ओर से परिषद क्षेत्र में दो जगहों पर वाटर एटीएम लगाया गया. जहां आम लोगों को मुफ्त में पानी मिलेगा. बुधवार को नासरीगंज प्राचीन देवी स्थान व बीएस कॉलेज परिसर में लगाये गये वाटर एटीएम का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व पार्षद रेखा देवी के प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज यादव ने फीता काट कर किया. मुख्य पार्षद ने कहा कि करीब साढे पांच लाख राशि की लागत से दोनों जगह पर वाटर एटीएम लगाया गया है. उन्होंने कहा कि इससे अब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलेगी. उन्होंने बताया कि कॉलेज परिसर में वाटर एटीएम लगाये जाने से छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल मिलेगा.पार्षद प्रतिनिधि धीरज यादव ने कहा कि नगर परिषद द्वारा किया गया यह एक सराहनीय पहल है. श्री यादव ने कहा कि परिषद क्षेत्र के सार्वजनिक जगहों पर शुद्ध व लौह मुक्त पेयजल की व्यवस्था नगर परिषद के द्वारा की गयी है. मौके पर पार्षद अनिल कुमार, विनोद , दुर्गेश , राजेश , पार्षद प्रतिनिधि पप्पू यादव , सुभाष , मनोज मास्टर, रोकडपाल सुभाष कुमार व प्रभारी सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार समेत आदि मौजूद थे.

### ठनका से एक की मौत, दो जख्मी

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के गिरवारी टोला गांव में बुधवार को वर्षा के दौरान ठनका गिरने से सुदामा प्रसाद (45 वर्ष) की झुलसने से मौत हो गई वहीं दो राजकिशोर एवं महिला भी चपेट में आने से जख्मी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुदामा प्रसाद घर से दूर खेत में जानवर चरा रहे थे। अचानक गरज के साथ तेज वर्षा शुरू हो गई। वे एक पेड़ के नीचे खड़े थे तभी ठनका गिरा और चपेट में आने से मौत हो गई। अन्य दो लोग भी वहां थे जो जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर बिक्रम थाने से अनि वरुण कुमार ने शव को थाने पर लाए और उसे पोर्समॉर्टम के लिए भेज दिया। जख्मी का इलाज स्थानीय पीएचसी में कराकर घर भेज दिया गया है।

# पारंपरिक गीतों के साथ खेतों में धान की रोपनी शुरू

## भगवान इंद्रदेव से अच्छी बारिश की कर रहे प्रार्थना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मसौढ़ी। मानसून की पहली बारिश के साथ धनरूआ में धान की रोपनी शुरू हो गई है। ऐसे में खेतों में महिलाएं उतरकर पारंपरिक गीत गाते हुए धान की रोपनी कर रहे हैं। धान के रोपनी करते वक्त भगवान इंद्र को खुश करने के लिए गीत गाते हैं ताकि भगवान इंद्रदेव खुश हो और अच्छी बारिश दे और धान की पैदावार अच्छी हो सके, मसौढ़ी अनुमंडल में मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड में 30 हजार हेक्टेयर से अधिक में पैदावार होती है, सबसे ज्यादा धनरूआ प्रखंड में धान की बंपर पैदावार होती है। पूरे पटना जिला में धनरूआ प्रखंड के तेलहरी गांव



में धान की रोपनी शुरू होती है। इस बार भी यहां के किसानों ने धान के रूप में शुरू कर दी है। दरअसल बताया जाता है सभी नक्षत्रों में सबसे बड़ा नक्षत्र अदरा नक्षत्र माना जाता है और आदरा नक्षत्र चढ़ते ही धान की रोपनी को शुरू कर दिए हैं और भगवान इंद्रदेव को प्रार्थना के जरिए मना रहे हैं कि भगवान इंद्रदेव अच्छी बारिश दे अच्छी पैदावार हो, धनरूआ के तेल्हाड़ी गांव में फूलमंति देवी, गीता देवी, मीना देवी आदि महिला किसानों ने बताया कि भगवान इंद्रदेव अगर किसानों को साथ दें तो अच्छी बारिश होगी और अच्छा धान की पैदावार होगी लेकिन कई बार कहीं बाढ तो कहीं सुखाड भी देखने को मिलता है जिससे हर हाल में किसान मानसून की दोहरी मार झेलते हैं।

# अनुमंडल स्तर पर भूमि विवाद से जुड़े छह संवेदनशील मामलों का हुआ निपटारा

## शनिवारीय जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निपटरे का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भूमी विवाद से जुड़े हुए लंबित मामले अब अनुमंडल स्तर पर सुनवाई की जा रही है। ऐसे में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जमीन विवाद से जुडे मामले की सुनवाई की गई। जहाँ एसडीपीओ नभ वैभव और कन्हैया कुमार के अलावा सभी अंचलों के अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के अलावा भूमि मापी कर्मचारी उपस्थित रहे। भूमि विवाद से संबंधित दोनों पक्ष भी शामिल हुए, सुनवाई के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। भूमि विवाद से जुड़े जनता दरबार में कुल छह अतिसंवेदनशील मामला आया था जिसमें से एक मामला पुनपुन का, दो मामला धनरूआ का और मसौढ़ी का तीन मामला रहा। जहाँ सभी छह मामलो का निष्पादन किया गया। सभी थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शनिवारीय थाना जनता दरबार में प्राप्त हो रहे मामले का निष्पादन ससमय करे।

### लहसुना पुलिस ने बदरोई गांव में दर्जनों भठ्ठियों को किया ध्वस्त

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब अभियान के तहत लहसुना पुलिस ने लहसुना थाना क्षेत्र के बदरोई गांव के समीप मोरहर नदी के किनारे चल रहे दर्जनों अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए हजारों लीटर देशी शराब और जावा महुआ को नष्ट किया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि बदरोई गांव में लगातार ऑपरेशन देसी शराब का अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। बावजूद अभी भी नदी के किनारे पर दर्जनों शराब माफिया अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री लगा रखे हैं, जिस पर समय-समय पर भठ्डीयों को तोड़ते हुए जावा महुआ और शराब को नष्ट की जा रही है। ऐसे में बुधवार को भी यह ऑपरेशन चलाते हुए भठ्डीयां तोड़ी गई है। हालांकि शराब बनाने वाले कारोबारी कोई इसकी भनक लग गई थी और वह सभी भाग निकले हैं फिर भी उन सभी शराब कारोबारी को चिन्हित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### शशि शंकर बने युवा जदयू जिला अध्यक्ष

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा के शशि शंकर को युवा जनता दल यूनाइटेड (युवा जदयू) के सारण जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल के नेतृत्व में यह घोषणा की गई। मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व विधायक रणधीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दो महिलाओं सहित सात ने किया नामांकन

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचायत के खाली पड़े पांच पदों पर उपचुनाव के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। 25 जून को समीक्षा और 9 जुलाई को मतदान होगा, मतगणना 11 जुलाई को होगी।

### इसुआपुर में बंदर का आतंक, दर्जनों घायल

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते दो दिनों में इसुआपुर गांव में एक बंदरी ने विक्की कुमार, मंजू देवी समेत कई लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी-रेबीज टीका दिया गया है। लोगों में डर का माहौल है।

### भूमि अधिग्रहण पर ग्रामीणों की चिंता

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक-श्याम कौड़ियां रेलखंड पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण के सामाजिक प्रभाव को लेकर गलिमापुर गांव में शिविर आयोजित हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि इससे उनके गांव 'टापू' की तरह अलग-थलग हो जाएंगे। शुभनारायण सिंह ने रेलवे पर धोखा देने का आरोप लगाया।

### शिकायत निवारण बैठक होगी हर मंगलवार

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 3 बजे ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड में उद्यमियों की शिकायतों के समाधान के लिए ग्रीवांस रिड्रेसल मीटिंग आयोजित कर रहा है।

### मशरक सीएचसी प्रभारी डॉ. संजय कुमार सस्पेंड

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फर्जी प्रमाणपत्र, भ्रष्टाचार, औषधियों के दुरुपयोग और विभागीय लापरवाही के आरोप में डॉ. संजय कुमार को निलंबित किया गया। शिकायतों के बाद राज्यस्तरीय जांच समिति ने कार्रवाई की सिफारिश की थी। अन्य सहयोगियों पर भी आरोप लगे हैं। लेकिन अभी कार्रवाई नहीं हुई है।

### 9 वर्ष की बच्ची 'नवनी' बनी पर्यावरण की प्रेरणा

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कक्षा 3 की छात्रा नवनी ने 257 पौधे लगाकर ह्यएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान में प्रेरणादायक भूमिका निभाई। अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आदित्य सिंह ने दिल्ली में भेंट कर सम्मानित किया।

### स्कॉर्पियो से 723 लीटर शराब जब्त

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मद्य निषेध इकाई और इसुआपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो से 723.86 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। वाहन चालक अर्जुन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य 12 अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### बाढ़ से पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ दीपक राम एंव सीओ ने संयुक्त रूप से बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, प्रखंड एवं अंचल स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए तथा बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर परिचर्चा करते हुए बताया गया कि जब नदी में जलस्तर बढ़ जाता है तो प्राथमिक विद्यालय बिरंची तीन और उच्च विधालय इनरवा को चिह्नित किया गया है। इसके लिए पूर्व से क्या-क्या तैयारी करनी होती है. वहीं सीओ द्वारा बताया गया कि बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर दोन कैनाल और त्रिवेणी कैनाल नहर के कनीय अभियंता को भी तैयार रहने की सलाह दी गई.। वही मैनाटांड अस्पताल और पीएचईडी विभाग को भी अलर्ट मूड में रहने को कहा गया है।

### भूमि विवाद में दोनों पक्षो में हिंसक झड़प

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के कटघरवा के समीप चीनी मिल की जमीन व पर्चा धरियो के बीच चल रहे भूमि विवाद में दोनों पक्ष में हिंसक झड़प हो गयी। इस दौरान दोनों पक्ष से आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुषों को चोट आई है। कटघरवा गांव की महिलाओं का कहना है कि बुधवार को भारी संख्या में पहुंचे चीनी मिल के सिपाहियों ने लाठी डंडे से उनपर हमला कर दिया। बच्चों और महिलाओं को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। तभी झुंड बना कर दर्जनाधिक महिला और पुरूष खेत में रखें ईंट से हमला शुरू कर दिए।

# आपदा से नुकसान कम से कम हो, ये हम सबका प्रयास होना चाहिए : प्रभारी सचिव



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. कार्तिकेय धनजी, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार-सह-प्रभारी सचिव, पश्चिम चम्पारण जिला की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़-2025 के पूर्व तैयारी हेतु समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। जिला पदाधिकारी, धर्मेंद्र कुमार एवं अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र द्वारा पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ से निपटने के लिए अबतक की गयी तैयारियों से प्रभारी सचिव को अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि उनके द्वारा कई तटबंधों का निरीक्षण किया गया है और संबंधित यअभियंताओं को मुस्तैदी से तटबंधों की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन की बैठक का तैयारी की समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एसओपी के अनुरूप जिलास्तर से लेकर पंचायतस्तर तक तैयारियां की जा रही है। अधीक्षण अभियंता, शीर्ष कार्य प्रमंडल वाल्मीकिनगर गंडक बराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा से संबंधित प्रतिवेदन प्रतिदिन 12-12 घंटे पर उपलब्ध करा रहे हैं। जल संसाधन विभाग एवं बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल से संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता तटबंधो की सुरक्षा/देखरेख हेतु स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति कर दिये हैं तथा उसकी सूची संबंधित अंचल अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन शाखा को उपलब्ध करा दिये हैं। सभी अंचलाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत तटबंधों पर प्रतिनियुक्त कनीय अभियंता/सहायक अभियंता एवं स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर लिये हैं। उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम एवं प्रखंड के वरीय प्रभारी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी सामुदायिक रसोईयां केन्द्रों, बाढ़ राहत केन्द्रों एवं बाढ़ आश्रय स्थलों का भौतिक सत्यापन क रहे हैं। सभी एसडीएम अपने अनुमंडल अंतर्गत बाढ़ के दौरान राहत सामग्रियों के वितरण हेतु न्यूनतम दस हजार पैकिंग के लिए सुरक्षित एवं रौशनी वाले उपर्युक्त स्थलों का चयन कर लिये हैं तथा उसका भौतिक सत्यापन भी कर लिये हैं। सिविल सर्जन जिलान्तर्गत सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सक उल का गठन तथा वहां सभी आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की व्यवस्था, जिला पशुपालन पदाधिकारी पशु चिकित्सक दल का गठन एवं आवश्यक सभी दवाओं, पशु चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिलास्तर पर आपातकालीन संचालन केन्द्र एवं नियंत्रण कक्ष 247 कार्यरत है। आपातकालीन संचालन केन्द्र का संपर्क नंबर-06254-247003 एवं मोबाईल नंबर-8757547904 है। इसके साथ ही जिला आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा-सह-प्रशिक्षण केन्द्र मझौलिया अंचल अंतर्गत धोकराहां पंचायत अंतर्गत शिकारपुर गांव में अवस्थित है। इस केन्द्र में एसडीआरएफ की 25 सदस्यों की एक टीम 06 मोटरबोट के साथ नियमित रूप से आवासित है, जो आपातकालीन परिस्थिति से निपटने हेतु 247 तैयार रहते हैं। उन्होंने बताया कि पॉलीथिन शीट्स का वेयर हाउस बेतिया प्रखंड के प्रांगण में अवस्थित हैं, जिसमें लगभग 11000 पॉलीथिन शीट्स भंडारित है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में प्राइवेट नावों की संख्या 116, लाईफ जैकेट 71 की उपलब्धता है। इसके साथ ही 177 गोताखोर, 107 राहत एवं बचाव दल की सूची, 281 सामुदायिक रसोई, 281 बाढ़ राहत शिविर तथा 15547 पॉलीथिन शीट्स की उपलब्धता है। बी. कार्तिकेय धनजी, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार-सह-प्रभारी सचिव, पश्चिम चम्पारण ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं अभियंताओं की जिम्मेवारी अलग-अलग है लेकिन उदेश्य एक ही है। आपदा से नुकसान कम से कम हो, ये हम सबका प्रयास होना चाहिए। आपदा से निपटने हेतु सभी विंग्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। तैयारी पूरी रखनी है। समीक्षा के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि पॉलीथिन शीट्स अंचलों को जरूरत के अनुरूप उपलब्ध करा दें। रेस्ट पॉलीथिन शीट्स वेयर हाउस में रखें और आवश्यकतानुसार उपयोग करें। सभी सीओ सम्पूर्ति पोर्टल पर डाटा अपडेशन की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्षा मापक यंत्रों की साफ-सफाई तथा फंक्शनालिटी की निरंतर जांच करते रहें। गंडक बराज का नियमित रूप से निरीक्षण के साथ ही ग्रिसिंग, मरम्मति पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वयंसेवकों, प्रतिनियुक्त अभियंताओं सहित अन्य कर्मियों की ब्रिफिंग कर लेंगे। लाईफ जैकेट की और अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करें। मोटरबोट को फंक्शनल रखें, अगर मरम्मति की आवश्यकता है तो अविलंब करा लें। इसके साथ ही अन्य संसाधनों की कमी होने पर भी अविलंब उपलब्धता सुनिश्चित करें। उपलब्ध संसाधनों का भौतिक सत्यापन कर लें। उन्होंने निर्देश दिया कि राहत शिविर, आश्रय स्थल पर सभी सुविधाएं यथा-पानी, बिजली, शौचालय, बोरवेल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करें। सिविल सर्जन बाढ़ आश्रय स्थल, राहत शिविर हेतु मेडिकल टीम का गठन कर लेंगे तथा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। जिला पशुपालन पदाधिकारी पशु मेडिकल टीम तैयार रखेंगे। साथ ही पशु चारा एवं दवा की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रमंडल एवं ग्रामीण कार्य विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ आपदा के दौरान पुल-पुलिया, सड़क क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में त्वरित गति से कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग संबंधित सड़कों, पुल-पुलिया आदि का निरीक्षण करा लें और जो मरम्मति के लायक हैं, उन्हें तुरंत ठीक कराएं। अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जो भी मार्गदर्शन सचिव महोदय से मिला है, उसके अनुरूप तैयारी की जायेगी। निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा। बाढ़ आपदा के समय क्षति कम से कम हो इस हेतु तैयारी पूरी रखी जायेगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित सभी संबंधित पदाधिकारी, अभियंता आदि उपस्थित थे।

## खेत के ऊपर तार लटकने से हो सकता है खतरा, किसानों ने किया प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पकड़ीढाला गांव के दक्षिण सरेह में किसानों ने खेत मे बिजली की 11 हजार तार लटकने को लेकर बुधवार को बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे किसानों का कहना है कि खेत के ऊपर से 11 हजार हाईटेंशन तार गया हुआ है। जो कि बहुत नीचे लटक गया है। जिसके चलते खेती करने में हमेशा डर बना रहता है। तार लटककर इतनी नजदीक आ गयी है कि कभी भी जान माल की क्षति हो सकती है। ग्रामीण पतिराम साह, लालबाबू महतो, मुकेश साह, जयप्रकाश पाल, हरीन्द्र ठाकुर, दुर्गा महतो, असरफी महतो, मौजलाल महतो, शारदा देवी, सरोज देवी, जैनुल खातून, सैबुन नेशा, दरोगा महतो, दिलीप ठाकुर, गोवर्धन साह, अदया पाल, जितेन्द्र ठाकुर ,विजय कुमार पड़ित आदि ने बिजली विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया है और जल्द से जल्द तार को ऊपर उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले साल तार के संपर्क में आने से गन्ने के फसल में आग लग गई थी। किसानों ने यह भी बताया कि करीब आठ महीना पहले इन तारों को ऊपर उठाने के लिए पोल भी गिराया गया। लेकिन विभाग ने अबतक इस पोल को नही लगाया गया है। वही प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार साह ने बताया कि पकड़ीढाला से नंदपुर ढाला के बीच के सरेह में बिजली के तार काफी नीचे झूल रहा है। इसको लेकर विभाग के जेई व एसडीओ को शिकायत भी की गई है। इतना ही नही पंचायत समिति की बैठक में इस मुद्दा को प्रमुखता से उठाया भी गया था लेकिन अब तक इस समस्या का निदान नही हुआ है। उन्होंने कहा कि तार काफी नीचे हो गया है जिससे खेतों में काम करना खतरे से खाली नहीं है।फसल काटते या दूसरे कृषि कार्य करते समय इन तारों से करंट लगने या कृषि उपकरणों के फंसने का डर हमेशा बना रहता है। अभी खेत खाली है विभाग को सक्रिय होकर पोल को बदलकर तार ऊपर उठना चाहिए। इधर बिजली विभाग के एसडीओ चंदन कुमार ने बताया कि इस तरह की शिकायत नही मिली है।आवेदन मिलने पर स्थल जांच कर पोल बदलने व तार को उच्चीकरण कराया जाएगा। मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के गंडक एवं बेलघाटी नहर से किसानों के खेतों तक निकाली गई फिल्ड चैनल पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया है। इससे किसानों को खेतों की सिंचाई करने के लिए अधिक लागत लग रहा है।

### सात वर्षीय बच्चा लापता एसपी ने की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के मंगरहरी बैरिया गांव से एक सात वर्षीय बच्चा मंगलवार से गायब हो गया है। काफी खोज बिन के बाद अभी तक कोई सुराग नही मिल पाया है। मामले में उसके पिता सलाउद्दीन अंसारी ने शिकारपुर थाने में आवेदन देकर पुलिस से गुहार लगाई है। वही पुलिस भी बच्चें की तलाश करने में जुटी है। मामले में बुधवार को एसपी शौर्य सुमन ने गाव पहुचकर भी जांच पड़ताल की। एसपी ने बच्चे के लापता होने को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों से आवश्यक पूछताछ की। बताया जाता है कि मंगरहरी बैरिया गांव निवासी सलाहुद्दीन अंसारी का सात साल का बच्चा फैजान अंसारी घर नहा कर निकला और आखाड़ा में चला गया। वहां से लोगों ने उसे घर जाने को कहा। घर जाने के रास्ते में महज दस कदम की दूरी से वह गायब हो गया। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन बच्चा का कही पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने रिश्तेदारों के घर भी तलाश की। बच्चें के नहीं मिलने पर पिता ने शिकारपुर थाना को सूचना दी और थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से सारी रात बच्चे की तलाश की जाती रही। बच्चा नहीं मिलने पर इसकी जानकारी बेतिया एसपी शौर्य सुमन और एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह को दी गयी।

## घायल युवक की मौत, आवेदन लेने में पुलिस के बिलम्ब पर उग्र हुए ग्रामीण

### आक्रोशितों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के सिरिसिया थाना पर आक्रोशितों ने जमकर बवाल काटा। नतीजतन आक्रोशितों को नियंत्रित करने के लिये पुलिस ने बल प्रयोग किया जिसमें आधा दर्जन लोग चोटिल हो गए। लोगो का आरोप था कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद थाना पर पहुंचे परिजनों से आवेदन लेने में पुलिस ने विलंब किया। हालांकि थाना पर पहुंचे एसपी ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष रविकांत को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सिरिसिया थाना के आजाद चौक के समीप विगत 21 जून को सड़क दुर्घटना में चनपटिया थाना के चुहड़ी निवासी एक युवक घायल हो गया। इलाज के क्रम में घायल युवक की मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर थाना पर पहुंच गए। परिजन बुधवार को आवेदन देने थाना पहुँचे, पुलिस द्वारा आवेदन लेने में अनावश्यक बिलम्ब किये जाने पर ग्रामीण उग्र हो गए।और थाना पर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने उग्र भीड़ परबल प्रयोग करते हुए लाठी चलाना शुरू कर दिया। और ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। ग्रामीणों द्वारा भी पुलिस पर पथराव किया गया। पुलिस की लाठी से चूहड़ी निवासी विनोद बैठा बुरी तरह से घायल हो गए वही चूहड़ी के ही मनु यादव, खैरवा के ललिता देवी , सुजीत कुमार, अमित कुमार को हल्की चोटे आई। पुलिस ने घायल विनोद बैठा को इलाज के लिए जीएमसीएच ले जाया गया। घटना के संबंध में मृत युवक के पिता चनपटिया थाना क्षेत्र के चूहड़ी वार्ड नंबर 12 निवासी नंदू राम ने बताया कि मेरा पुत्र दीपू राम एवं अखिलेश साह दोनों 21 जुन शनिवार को बाइक से बेतिया लौरिया मुख्य मार्ग से अपने घर चुहड़ी आ रहे थे की रास्ते में आजाद चौक पर एक अन्य बाइक सवार द्वारा जोरदार ठोकर मार दिया गया। जिससे दीपू बुरी तरह से घायल हो गया। 112 नंबर की पुलिस नैं बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया लेकर गए जहां से चिकित्सको ने स्थिति गंभीर देखते बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर में ही इलाज के दौरान मंगलवार की शाम उसकी मौत हो गई। इधर बुधवार करीब 9 बजे सुबह मै तथा मेरे परिजन थाना पर आवेदन लेकर पहुँचे तो बड़ा बाबू नही थे। पूछने पर पुलिसकर्मियों ने बताया कि वे सोए हुए हैं। उसके बाद कुछ देर इंतजार कर के हम वापस घर गए और परिजन व ग्रामीण के साथ शव को लेकर थाना पहुँचे और बोले कि मेरा आवेदन लेकर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दें। अभी यही बात हो रही थी कि तभी 112 व अन्य थानो की पुलिस गाड़ी पहुँची और बिना कुछ जाने सुने हमलोगों पर लाठीचार्ज कर दिया। घटना की सूचना पर पहुँची चनपटिया, कुमारबाग,शनिचरी,योगापट्टी, मनुआपुल, गोपालपुर, कालीबाग आदि थानों की पुलिस पदाधिकारी उग्र ग्रामीणों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेजा। इस संबंध में एसडीपीओ सदर 2 रजनीश कुमार प्रियदर्शी,यातायात डीएसपी रंजन कुमार सिंह ने बताया की परिजन के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

### प्रेशर कुकर फटने से युवती जख्मी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार की सुबह भोजन पकाने के दौरान प्रेशर कुकर फटने से एक 26 वर्षीय युवती बुरी तरह जख्मी हो गई। परिजनों द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।

## भाजपा नेताओं ने जेपी आंदोलनकारियों को किया सम्मानित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री जनक राम ने कहा है कि आपातकाल देश के इतिहास का काला दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया था। लेकिन बिहार की धरती से निकले स्वच्छ और ईमानदार छवि के राष्ट्र नायक जयप्रकाश नारायण ने इसके खिलाफ देश में आंदोलन खड़ा कर देश को झकझोर दिया। जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता रही। वे बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद ने जेपी के सपनों को साकार करने का कसम खाया था। लेकिन राजनीति में आते ही भ्रष्टाचार में डूब गए। राजद सुप्रीमो पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लालू जेपी के नकली चेले हैं। राजनीति में आकर परिवार और वंशवाद का पिरामिड खड़ा किया है। उनके भ्रष्टाचार पर कोर्ट भी मुहर लगा दी है। लालू प्रसाद को सिर्फ अपना परिवार दिखता है। इस कारण राजा, रानी और युवराज की सरकार चलाना चाहते हैं। लेकिन बिहार की जनता सब समझता है। यहां की जनता लालू को कभी माफ नहीं करेगी। इसके बाद मंत्री पार्टी कार्यालय में आपातकाल पर भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री व भाजपा नेताओं ने जेपी आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। भाजपा की ओर से पार्टी कार्यालय में पोस्टर और बैनर के माध्यम से आपातकाल की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिसमें आपातकाल की बुराइयों को दशार्या गया था। भाजपा नेताओं ने आपातकाल को याद कर इसे इतिहास का काला दिन बताया। मौके पर चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, आनंद सिंह, मनूबाबू कुशवाहा, प्रदीप वर्मा, मनु पांडेय, रवि सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# मेधा सम्मान से प्रेरणा और उत्साह का संचार

### महावीरी मेधा सम्मान समारोह 2025 में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में छात्र-छात्राओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्या भारती प्रचार-प्रसार विभाग की योजना के अंतर्गत, विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद एवं कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर, सिवान के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता के सभागार में महावीरी मेधा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी महावीरी विद्यालयों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, नीट और जेईई जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सफलता पाने वाले, साथ ही खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यालय की बहनों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत ने समारोह को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊंचाई प्रदान की।

**मुख्य और विशिष्ट अतिथियों का संबोधन**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती के संगठन मंत्री ख्यालीराम जी और विशिष्ट अतिथि लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव श्री रामलाल सिंह थे। मंच पर पूर्व छात्र परिषद के मार्गदर्शक अनिल राम, सह संयोजक डॉ. सुधांशु शेखर त्रिपाठी, विभाग निरीक्षक राजेश कुमार रंजन, मीडिया सेंटर अध्यक्ष डॉ. शरद चौधरी, संरक्षक रमेश सिंह, विभाग संयोजक प्रो. रविन्द्र पाठक, मीडिया समन्वयक नवीन सिंह परमार तथा विद्यालय सचिव ओमप्रकाश दुबे उपस्थित रहे। अतिथि परिचय नवीन सिंह परमार ने तथा स्वागत प्रधानाचार्य शंभू शरण तिवारी ने किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मविश्वास, परिश्रम और अनुशासन का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**ख्यालीराम जी का विशेष संदेश**

**ख्यालीराम जी ने अपने उद्बोधन में कहा,**

नेकी कर दरिया में डाल वाली कहावत अब प्रासंगिक नहीं है। समाज को सकारात्मकता की आवश्यकता है और इसके लिए हमें अपने अच्छे कार्यों को साझा करना चाहिए। यदि सकारात्मक उदाहरण सामने नहीं आएंगे, तो भ्रम और नकारात्मकता का माहौल बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विद्या भारती शिक्षा की गुणवत्ता को सतत बेहतर बनाने हेतु कटिबद्ध है। समर्पित आचार्य, परिश्रमी विद्यार्थी और सजग अभिभावकों का समन्वय ही सर्वांगीण विकास की आधारशिला है।

**सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ**

समारोह में प्रो. अशोक प्रियंवद, डॉ. गणेश दत्त पाठक, प्रो. अवधेश शर्मा, डॉ. प्रियंका दुबे, इंदल कुमार सिंह, समर प्रताप सिंह, कौशलेंद्र प्रताप, पारस नाथ सिंह, विजय प्रसाद, जादूगर विजय समेत नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक व पूर्व छात्रगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। गणेश वंदना, पंच परिवर्तन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, भाव नृत्य और एकल गीत जैसी प्रस्तुति छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को दशार्ती रही। विद्यार्थियों ने सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**संचालन और आभार**

कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्राओं प्रज्ञा द्विवेदी एवं प्रीति कुमारी ने अत्यंत आत्मीयता व गरिमा के साथ किया। समापन पर विद्यालय सचिव ओमप्रकाश दुबे ने सभी अतिथियों, आयोजकों, सहयोगियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ग्रीष्मावकाश के बाद सिटी मोंटेसरी स्कूल में 80% उपस्थिति, छात्रावास में भी बच्चे पहुंचे

### 1994 से संचालित छात्रावास में दूर-दराज से आते हैं विद्यार्थी, छात्रावास में भोजन, आवास और कोचिंग की बेहतर व्यवस्था



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिटी मोंटेसरी स्कूल, सीवान में ग्रीष्मावकाश के बाद 23 जून को विद्यालय खुलते ही विद्यार्थियों की सौ प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अवकाश के बाद केवल दो दिनों में सभी बच्चों की उपस्थिति विद्यालय के प्रति उनके समर्पण और अनुशासन को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह केवल स्कूल की गुणवत्ता ही नहीं, बल्कि छात्रों और अभिभावकों के विश्वास का भी प्रतीक है। प्राचार्य ने बताया कि वर्ष 1994 से विद्यालय में छात्रावास की भी सुविधा उपलब्ध है, जहां इस समय विभिन्न कक्षाओं के छात्र रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। यह छात्रावास दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बन गया है।

**कोचिंग और सुविधाओं की विशेष व्यवस्था**

प्राचार्य सिंह ने जानकारी दी कि छात्रावास में न केवल आवास और भोजन की उत्तम व्यवस्था है, बल्कि पढ़ाई को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिदिन दो घंटे की नियमित कोचिंग की भी व्यवस्था की गई है। अनुभवी शिक्षकों की देखरेख में यह कोचिंग बच्चों की शैक्षणिक दक्षता को और बेहतर बनाती है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि वे शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और समर्पण पर भी विशेष ध्यान देते हैं, जिससे छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।

# वीर बहादुर सिंह कुशवाहा लड़ेंगे सिवान सदर से चुनाव, बोले- भाजपा ने मौका दिया तो जीत तय

### छात्र राजनीति से संगठन के पन्नों तक, सियासी सफर में कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुके हैं कुशवाहा



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वीर बहादुर सिंह कुशवाहा ने आगामी विधानसभा चुनाव में सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र (105) से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। सिवान नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 के निवासी कुशवाहा ने कहा कि यदि पार्टी ने उन्हें मौका दिया, तो वे इस बार सीट जीतकर भाजपा का परचम लहराएंगे।

**1988 से सक्रिय, पार्टी संगठन में निभा चुके हैं कई दायित्व**

वीर बहादुर सिंह कुशवाहा का राजनीतिक सफर वर्ष 1988 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से शुरू हुआ, जब वह सिवान इकाई के नगर सह मंत्री के रूप में सक्रिय हुए। इसके बाद 1993 में वे भारतीय जनता पार्टी के स्थाई सदस्य बने। उनका संगठन में योगदान लगातार जारी रहा और वह दो बार पचरुखी प्रखंड के भाजपा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके साथ ही वर्ष 2005 में उन्हें पचरुखी प्रखंड के 20 सूत्री कार्यक्रम का अध्यक्ष भी बनाया गया था।

**पार्टी ने मौका दिया तो जीत तय है : कुशवाहा**

अपने चुनावी मंसूबों को लेकर कुशवाहा ने दावा किया कि यदि पार्टी उन्हें प्रत्याशी बनाती है, तो वह विपक्ष को कड़ी टक्कर देंगे और जीत भाजपा की झोली में जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता के बीच उनकी पकड़ मजबूत है और वे वर्षों से जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं।

**टिकट के कई दावेदार मैदान में, भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण होगा चयन**

बता दें कि सिवान सदर विधानसभा सीट से भाजपा के कई दिग्गज नेता और उनके परिजन टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इनमें पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व्यास देव प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार बंटी, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव और उनके पुत्र हैप्पी यादव, साथ ही अनुराधा गुप्ता जैसे नाम शामिल हैं। पार्टी नेतृत्व के लिए यह तय करना आसान नहीं होगा कि किसे टिकट दिया जाए। ऐसे में कुशवाहा की उम्मीदवारी ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा को जन्म दे दिया है।

**संगठन के पुराने चेहरे और सादगीभरे कार्यकर्ता के रूप में है पहचान**

कुशवाहा का चेहरा सिवान की राजनीति में नए दावेदार के तौर पर नहीं बल्कि संगठन के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में देखा जाता है। वे अब अपने वर्षों के अनुभव और संगठनात्मक ताकत के बल पर विधानसभा की राजनीति में कदम रखने को तैयार हैं। मालूम हो कि सिवान सदर सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने जा रहा है। भाजपा के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अपने पुराने समर्पित कार्यकर्ता को तरजीह देती है या किसी स्थापित नाम को मैदान में उतारती है।

# आपातकाल के दौरान हुई लोकतंत्र की हत्या : शाहनवाज

## किसी भी रूप में आपातकाल उचित नहीं : सुशील कुमार सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काला अध्याय का 50 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को औरंगाबाद भाजपा द्वारा शहर के गेट स्कूल समीप एक हॉल में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या की गई, लोगों की आवाज दबा दी गई, विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया और इस पर सवाल उठाने वाले विपक्षी सांसदों की सदस्यता तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने रद्द कर दी थी। ऐसे में उन्होंने सभी से कहा कि आपातकाल के समय जो जुल्म हुए थे उसे लोगों को बताइए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में आज हर जगह तरक्की हो रही है लेकिन जंगलराज के समय शाम में लोग परिवार के साथ कहीं जा नहीं सकते थे। ऐसे में आपातकाल और जंगलराज लाने वाली पार्टी को हमें सबक सिखाना है। आगामी विधानसभा चुनाव में पहले वाली गलती नहीं करना है, एकजुट होकर विपक्षियों को जवाब देना है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से ज्यादा आतंकी और 50 वर्दी वाले मारे गए। हम युद्ध के पक्ष में नहीं हैं, आज ईरान और इजरायल के बीच भी शांति हो गई है। भाजपा के शासनकाल में संविधान को कभी कोई खतरा नहीं हो सकता है। वहीं पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान मीसा और डीआरआई कानून के तहत लोगों को बिना कारण उठाकर जेल में बंद कर दिया जाता था। आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय और काला दिवस भी कहते हैं। इसमें लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया गया था। ऐसे में आपातकाल किसी भी रूप में सराहनीय नहीं है। यह हर हाल में बुरा है और लोगों को इसका विरोध करना चाहिए। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप जलाकर किया। इस दौरान केवटी विधायक मुरारी मोहन झा, एमएलसी दिलीप कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी राजन कुमार सिंह, पूर्व विधायक मनोज कुमार शर्मा, प्रदेश महामंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवशी, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा, जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह ने किया।

# मुखिया के चचेरे भाई की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया और देवराज बिगहा गांव के बीच स्टेशन रोड में बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर एक मुखिया के चचेरे भाई की हत्या कर दी। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के बड़वान गांव निवासी 25 वर्षीय प्रियांशु कुमार उर्फ छोटू के रूप में की गई हैं। मंगलवार की देर शाम बाइक सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। मृतक बेलाईं पंचायत के मुखिया अमरीश प्रधान का चचेरा भाई था। जानकारी के मुताबिक प्रियांशु एक दिन पहले ही घर से वाराणसी गया था। वहां रिश्तेदारों से मिलकर रांची-वाराणसी इंटरसिटी से लौट रहा था। नवीनगर रोड रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले उसने अपने घर फोन कर गांव से बाइक मंगवाया था। गांव के ही सोनू और अंकित उसे लेने गए थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। बाइक प्रियांशु चला रहा था। वह जैसे ही नबीनगर रेलवे स्टेशन से लगभग पांच किलोमीटर की दूर स्थित सिंदुरिया गांव के पास पहुंचा, दूसरे बाइक पर सवार लोगों ने उसकी बाइक को रुकवाया। बाइक रोकने के बाद बदमाशों ने पूछा कि देवराज बिगहा गांव किधर है। प्रियांशु ने बताया कि देवराज बिगहा गांव दो किलोमीटर आगे है। बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल निकाला और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस क्रम में 7 से 8 राउंड फायरिंग की, जिसमें चार गोली प्रियांशु के सिर में लगी। इस दौरान साथ रहे सोनू और अंकित बाल-बाल बच गया। घटना के बाद सोनू और अंकित ने इसकी जानकारी मृतक के परिजन व अन्य लोगों को दी। सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए नबीनगर स्थित मगध मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए नबीनगर रेफरल अस्पताल रेफर कर दिया। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक की शादी टंडवा थाना क्षेत्र के घूरा नंद गांव में हुई थी। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि गोली मारकर युवक की हत्या की गई है। गोली क्यों और किसने मारी यह अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल उसके साथ रहे दोनों युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को सूचना दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# पंचायत उपचुनाव के लिए कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पंचायत उप निर्वाचन 2025 के सुचारू, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए मतदान पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज औरंगाबाद जिले में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाहरणालय स्थित नगर भवन में तीन पालियों में आयोजित की गयी जिसमें कुल 675 मतदान कर्मियों ने भाग लेकर निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी, प्रशासनिक एवं व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य मास्टर प्रशिक्षक राजकुमार प्रसाद गुप्ता के कुशल नेतृत्व में किया गया। उनके साथ मुख्य प्रशिक्षकों के रूप में सैयद मोहम्मद दायम एवं कुंदन कुमार ठाकुर ने सत्रों का संचालन किया। इन प्रशिक्षकों ने कर्मियों को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की बारीकियों, मतदाता पहचान की प्रक्रिया, मतदान केंद्र की व्यवस्था, पीठासीन अधिकारी डायरी की प्रविष्टि, मॉक पोल, अंतिम मतदान रिपोर्ट की तैयारी, मशीन सीलिंग एवं मतदान उपरांत की विधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण को अधिक प्रभावशाली और व्यावहारिक बनाने हेतु ऑडियो-विजुअल साधनों, गाइड पुस्तिकाओं और डेमो सेट्स का उपयोग किया गया, जिससे उपस्थित कर्मियों को निर्वाचन प्रक्रिया की गहराई तक समझ मिल सके। तीनों पालियों में प्रशिक्षण व्यवस्था सुव्यवस्थित, अनुशासित और समर्पण भाव से संचालित हुई जिसमें प्रत्येक कर्मी की भागीदारी सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण रही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में तैयार की गई प्रशिक्षण रूपरेखा, संचालन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण सामग्री ने कार्यक्रम को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाया। उन्होंने अपने संदेश के माध्यम से सभी कर्मियों से अपेक्षा की है कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सावधानी के साथ निभाएं ताकि पंचायत उप निर्वाचन जिले में शांतिपूर्ण एवं आदर्श रूप से सम्पन्न हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता यह संकेत देती है कि औरंगाबाद जिला प्रशासन निर्वाचन प्रक्रिया के हर पहलू में सजग, संगठित एवं प्रतिबद्ध है, तथा जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दिवस से पूर्व सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू एवं त्रुटिरहित संपन्न हो सके।

# उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा आज औरंगाबाद आयेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उप मुख्यमंत्री सह बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा आज बुधवार को औरंगाबाद आयेंगे और दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग भाग लेंगे। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्वाह्न 10:00 बजे नगर भवन, औरंगाबाद में किसान कल्याण संवाद एवं युवा किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा औरंगाबाद जिले के 200 चयनित प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना, उनके सुझावों एवं अनुभवों को साझा करना तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित करना है। द्वितीय कार्यक्रम के अंतर्गत अपराह्न 12:00 बजे समाहरणालय स्थित योजना भवन में कृषि एवं संबद्ध विभागों की जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति, विभागीय समन्वय, लक्ष्य पूर्ति एवं सुधारात्मक सुझावों पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में कृषि, आत्मा, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, जल संसाधन, सहकारिता सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। दोनों कार्यक्रम जिले के कृषक समुदाय के सशक्तिकरण एवं कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं।


बिहार सरकार

समाज कल्याण विभाग

**अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस**

26 जून, 2025

## संदेश

26 जून, विश्व भर मे मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरूद्ध जागरूकता के संकल्प हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मादक पदार्थों का व्यसन एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है जो न केवल युवाओं, अपितु समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। इसका सेवन मनुष्य के स्वाभाविक विकास की प्रक्रिया को अवरूद्ध करने के साथ–साथ पूरे परिवार को अवसादग्रस्त कर देता है।

राज्य सरकार ने बिहार में पूर्ण मद्य निषेध लागू कर राज्य में सामाजिक परिवर्तन की बुनियाद रखी है तथा अपने पूरे सामर्थ्य से इस अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई है, जिससे समाज में सुधार, कल्याण एवं विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

आइए, "अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस" के अवसर पर हम सब मिलकर मादक पदार्थ का सेवन एवं इसके अवैध व्यापार से स्वयं, समाज एवं राष्ट्र को बचाने का दृढ़ संकल्प लें।

(मदन सहनी)
मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार

PR No.- 006995 (SWD)D. 2025-26


# विशेष विकास शिविर आयोजित करने में औरंगाबाद अव्वल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष विकास शिविरों में औरंगाबाद जिले ने राज्यस्तरीय स्तर पर अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 14 अप्रैल से 21 जून तक चलाए गए इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में औरंगाबाद जिले ने 73.31 प्रतिशत की प्रभावशाली दर प्राप्त करते हुए पूरे राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह सफलता न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में सरकार की बहुआयामी योजनाओं को लेकर प्रशासनिक अमला सक्रिय रूप से जनता के बीच पहुंचा। इन शिविरों के माध्यम से वृद्धजन पेंशन योजना, कन्या विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर सेवा दी गई। शिविरों में लाभार्थियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुनकर उसी समय निपटारा करने की व्यवस्था की गई, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास और जुड़ाव में वृद्धि हुई। शिविरों की लगातार मॉनिटरिंग, विभागीय समन्वय और क्षेत्रीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को जनांदोलन का रूप दे दिया। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि को जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप हर नागरिक तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान को और सशक्त रूप में आगे बढ़ाया जाएगा ताकि बचे हुए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन द्वारा आगामी दिनों में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा जिसमें अब तक छूटे हुए लोगों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्यकर्मी की मौत

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर दर्जी बिगहा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में सदर अस्पताल के एक कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान गया जिले के मगध मेडिकल कॉलेज कॉलोनी निवासी धनंजय कुमार सिंह के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिकअप ने स्कूटी सवार को पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार, सीओ मो. अकबर हुसैन एवं एसआई सुशील कुमार ने घायल अवस्था में धनंजय को ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर ले गए जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना की सूचना परिजनों दे दी गई। परिजनों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की हैं। जानकारी के मुताबिक मृतक धनंजय कुमार सिंह सदर अस्पताल औरंगाबाद में पदस्थापित था और ड्यूटी पर जा रहा था।

## पूर्व मंत्री ने जताया शोक

**अंबा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने मंगलवार को कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अतरौली वन और सरईवार बिगहा में हुई हृदय विदारक घटनाओं पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वज्रपात की चपेट में आने से अतरौली वन गांव निवासी दिलीप सिंह चंद्रवंशी के इकलौते पुत्र अमर कुमार की वज्रपात की चपेट में आने से असमय निधन हो गया जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। वहीं सरईवार बिगहा पर मुन्ना राम की मौत गिरे हुए बिजली के नंगे तार की करंट की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हो गई। दोनों युवकों की असमय मौत अत्यंत दर्दनाक एवं पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें। डॉ. पासवान ने बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन से उक्त दोनों मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से दस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है।




बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग




### आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण हेतु

## पशु चारा वितरण कार्यक्रम

**आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षा हेतु समय–समय पर पशु चारा वितरण कराने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा सम्पन्न किया जाता है।**

**चारा मात्रा/अनुमान्यता:**

- निर्धारित सहाय्य मानदर के अनुरूप बड़े जानवरों के लिए 80 रूपये तथा छोटे जानवर के लिए 45 रूपये प्रतिदिन अनुमान्य है।
- आपदाग्रस्त पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यतः बड़े जानवरों के लिये 06 कि.ग्रा., छोटे जानवरों के लिए 03 कि.ग्रा. तथा भेड़–बकरियों के लिये 01 कि.ग्रा. चारा की आवश्यकता होती है।
- पशु शिविरों/अस्थायी शिविरों में एक बार में तीन दिन/एक सप्ताह हेतु चारा वितरण कराया जाता है तथा बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन तक पुनः वितरण कराया जाता है।

**वितरण प्रक्रिया:**

- जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से शिविरों/अस्थाई शिविरों में पशुओं की संख्या के अनुसार चारा वितरण किया जायेगा।
- चारा वितरण के पूर्व सभी प्रभावित पशुओं की प्रकार/संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है तथा उक्त टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है।
- कोविड–19 की परिस्थितियों के आलोक में आवश्यक सावधानी बरतते हुये चारा वितरण सोशल डिस्टेसिंग के साथ किया जाएगा।



**विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।**

PR No.- 006637 (Animal)D. 2025-26


CMYK